संसेक्स 74,248.22 ▲ +20.59
डॉलर 83.319 ▼ -0.156

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 20.0 | 24.0 |
| धनबाद | 31.0 | 23.0 | 28.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 23.0 | 29.0 |
| पलामू | 32.0 | 19.0 | 26.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, चैत्र कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 08 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-67, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संपादकीय: देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक है ... 08

इंडी गठबंधन नेता तय नहीं ...12 देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 66,950

चांदी (1 किलो) 87,000

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## 5 लाख की भीड़ जुटेगी उलगुलान न्याय महारैली में : कल्पना

### इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को भेजा जाएगा निमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष के कांके रोड स्थित आवास के सभागार में झारखंड प्रदेश के इंडी गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और पार्टी की नेत्री कल्पना सोरेन, केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, राजद के सत्यानंद भोक्ता, कैलाश यादव तथा सुनील श्रीवास्तव शामिल हुए।

इस बैठक में 21 को प्रभात तारा मैदान में आयोजित होने वाले उलगुलान न्याय महारैली की सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया और रणनीति बनाई गई, साथ ही वर्तमान लोस चुनाव के संबंध में भी चर्चा की गई।



### गठबंधन के सभी साथियों से मांगा सहयोग

बैठक में झामुमो द्वारा आयोजित महारैली में पूरे राज्य से पांच लाख भीड़ जुटाने की रणनीति बनी। इसमें कल्पना सोरेन ने सभी गठबंधन के सहयोगियों से सहयोग मांगा। बैठक में न केवल रैली बल्कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का साझा प्रचार अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। यह तय किया गया कि 21 के बाद चरणबद्ध तरीके से होने वाले चुनाव के हिसाब से चुनावी अभियान चलाया जाएगा।

### इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को भेजा जाएगा निमंत्रण

बैठक में यह तय किया गया कि इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को निमंत्रण भेजा जाएगा, जिसकी जिम्मेवारी जिम्मेदारी कल्पना सोरेन को सौंपा गया। निमंत्रण भेजे जाने वालों की सूची में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पंजाब के सीएम भगवंत मान सिंह, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालीन, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, एनीसीपी प्रमुख शरद पवार, फारूख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वाम नेता सीताराम येचूरी, डी राजा सहित अन्य गठबंधन के नेताओं नाम शामिल है।


## मप्र : पीएम मोदी के रोड शो के दौरान स्वागत मंच टूटा, कुछ लोग घायल

**भोपाल/जबलपुर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी के स्टार प्रचारक एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रदेश के जबलपुर जिले में एक किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा रोड शो किया। रोड शो के दौरान शहर के गोरखपुर क्षेत्र में बने दो स्वागत मंच टूट गए जिसके चलते मंच पर खड़े लोग नीचे गिर पड़े। इस घटना में कुछ लोग और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दरअसल पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए लोग मंच पर चढ़ गए थे। पुलिस उन्हें समझाने में जुटी रही लेकिन लोग जबरन मंच पर चढ़ते रहे। जिसके बाद ये घटना सामने आई।

## मुख्य सचिव के नाम से फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों से ठगी का प्रयास


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस साइबर अपराध को रोकने का लगातार प्रयासरत है, लेकिन इस पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। साइबर ठगों के गिरोह ने रांची उपायुक्त सहित कई बड़े अधिकारियों का फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर ठगी का प्रयास किया था। इस बार झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते का फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर ठगी करने का प्रयास किया गया। साइबर अपराधियों ने 8604244052 नंबर से मुख्य सचिव एल खियांग्ते के नाम से फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर कुछ लोगों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। फेसबुक और व्हाट्सएप अकाउंट से फोटो चोरी कर साइबर अपराधी फेक




प्रोफाइल बनाते हैं। इस फर्जी प्रोफाइल के जरिये वे यूजर्स के जानने वालों से पैसों की मांग करते हैं। कई बार अपराधी फेसबुक को हैक कर भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज के मैच




समय : 08 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : चेन्नई




# झारखंड में भ्रष्टाचार और विकास सबसे बड़े मुद्दे हैं : बाबूलाल मरांडी

## चंपाई सोरेन जी को भी होटवार जाना पड़ सकता है

- पुलिस को वसूली में लगा दिया गया है
- सरयू राय का अलग अंदाज है
- सीएम ठीक से सो भी नहीं पा रहे होंगे
- सीएम को बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन हड़काते हैं








**विशेष बातचीत**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और वर्तमान में झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीन दिवसीय पलामू दौरे पर विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं तक का मनोबल बढ़ा रहे हैं। वे कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धि को घर-घर तक पहुंचाने का मंत्र दे रहे हैं। एक-एक नाराज भाजपाइयों से मिल कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा की नीति सिद्धांत को साथ लेकर चलने का संकल्प दोहरा रहे हैं। उनसे ईमानदारी पूर्वक कर्मठता से काम करने को लेकर वचन ले रहे हैं।

उन्हें समझा रहे हैं कि भाजपा लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी है, यहां सभी को मौका मिलता है। इसका उदाहरण उन तक रख रहे हैं। उन्हें एकजुट होकर भाजपा के साथ जुड़े रहकर जन सरोकार के मुद्दों के लिए संघर्ष के लिए तत्पर रहने को कहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी से झारखंड व राष्ट्रीय स्तर के कई ज्वलंत मुद्दों पर **राष्ट्रीय नवीन मेल पलामू के स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह** ने बेबाक बातचीत की।

**प्रस्तुत है प्रमुख अंश :-**

**प्रश्न : पलामू संसदीय क्षेत्र के दौरा के दौरान क्या पा रहे हैं!**

उत्तर : कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ना है। सभी वर्ग को कैसे जोड़ा जाए, इस पर हम कार्यकर्ताओं को बता रहे हैं। हमारी कोशिश है कि सभी कार्यकर्ता अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। बूथ स्तर पर हमारे कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़े। इसके अलावा 10 प्रतिशत वोटिंग बढ़ाने के लिए जागरूकता पैदा करें। मतदाताओं को उनके अधिकार का एहसास कराएं। उन्हें बताएं कि किस तरह मोदी जी पिछले 10 सालों से सभी वर्गों के लिए काम कर रहे हैं। उनकी एक-एक योजना गरीब व सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हुई है। प्रथम चरण के चुनाव के पहले पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर जुट जाएं। इसकी तैयारी पूरी है।

**नवीन मेल : इस दौरान क्या भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के बारे में विरोधी स्वर भी सुनने को मिले हैं?**

उत्तर : देखिए यह चुनाव है, चुनाव लड़ने की महत्वाकांक्षा रखने वाले कई लोग होते हैं। जब उन्हें पार्टी प्रत्याशी नहीं बनाती है, तो कुछ लोग नाराज होते हैं। लेकिन, वह इस बात को भी समझते हैं कि पार्टी में सभी को मौका मिलता है। सभी काम में लगे हैं, कहीं कोई अंतर्विरोध नहीं है। हर कोई इस बात को देख रहा है और समझ रहा है कि इस बार नहीं, तो अगली बार जरूर मौका मिलेगा। इसलिए सभी पिछली बातों को भूलकर अब दुगने उत्साह से लग गए हैं। इस बार भाजपा प्रत्याशी पिछली बार से भी ज्यादा वोटों से जीतेंगे, यह कार्यकर्ताओं के उत्साह और उनकी निष्ठा को देखकर लग रहा है।

**नवीन मेल : चतरा संसदीय क्षेत्र से दो बार के विजयी प्रत्याशी सीटिंग सांसद सुनील सिंह का टिकट इस बार कट गया। इसके पीछे क्या रणनीति रही है।**

उत्तर : बदलाव भी समय की मांग है। पहली बार चतरा से भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवार को जगह दिया है। इसमें कोई राजनीति नहीं है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जहां सभी को मौका मिलता है।

**नवीन मेल : पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के बारे में क्या राय है?**

उत्तर : पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी वीडी राम जी काफी पढ़े लिखे हैं। झारखंड में सर्विस किए। यहां से चुनाव लड़े। दो बार जीते भी, पलामू के लोग उन्हें प्यार करते हैं। उन्हें बुलंदियों पर देखना चाहते हैं। इस बार भी पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया है। पलामू के हक-अधिकार के लिए वे संसद में आवाज उठाते रहे हैं। आगे उठाते रहेंगे।

> **'किसी को कुछ लग रहा है तो वह मामले को लेकर कोर्ट तक जाए। सभी के लिए न्यायालय का दरवाजा खुला है। भाजपा नेता श्री मरांडी ने कहा कि किसी को लग रहा है कि जानबूझकर उन्हें परेशान किया जा रहा है तो वे कोर्ट जाएं, कोर्ट जाने से कौन मना कर रहा है।'**

**नवीन मेल : झारखंड के राजनीतिज्ञ सरयू राय जो कभी भाजपा और आपके बेहद करीब रहे, धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी का नाम आते ही कई तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। इसके क्या मायने हैं।**

उत्तर : (मुस्कुराने लगते हैं, फिर जोर से हंसते हुए कहते हैं) इस पर क्या प्रतिक्रिया दूं, अपनी जगह पर वे इसे अच्छा समझते होंगे। (फिर मुस्कुराते हुए कहते हैं) जिसके साथ मंत्रिमंडल में मंत्री रहे, उसी के खिलाफ लक्ष्य करके चुनाव लड़े। उनका अपना अलग अंदाज है। उस पर क्या बोलूं? (फिर मुस्कुराने लगते हैं)

**नवीन मेल : भाजपा लोकसभा चुनाव में किन मुद्दों को लेकर झारखंड में चुनाव प्रचार कर रही है।**

उत्तर : झारखंड में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है। छोटे-छोटे स्तर पर हम लोग परेशान हैं। विधि व्यवस्था की स्थिति खराब है। इसके अलावा, विकास सबसे बड़ा मुद्दा है। क्योंकि, राज्य सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। ऐसे में यहां विकास का जो इंडिकेटर है, आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

**नवीन मेल : आप झारखंड की बागडोर संभाल चुके हैं। ऐसे में वर्तमान सरकार के क्रियाकलाप पर क्या कहना चाहेंगे।**

उत्तर : करप्शन से सिस्टम प्रभावित है। पूर्व सीएम का हाल झारखंड की जनता देख रही है। वह होटवार जेल में पहुंच गए हैं। जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार उन पर चार्जशीट भी समर्पित कर दी गई है। वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन लाचार और बेबस दिखते हैं। हेमंत सोरेन जी के भाई बसंत सोरेन उन्हें हड़काते हैं, हेमंत सोरेन जी की पत्नी कल्पना सोरेन जी उन्हें हड़काती हैं। इसके अलावा उन्हें हेमंत सोरेन जी से मिलने जेल भी जाना पड़ रहा है। ऐसे में उनकी हालत बेबस व लाचार इंसान जैसी हो गई है। वे स्वतंत्र रूप से कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। सीएम ठीक से सो भी नहीं पा रहे होंगे। उन्हें बार-बार सचेत कर रहा हूं। मामले की जांच कराइए। लेखागार से जमीन संबंधी कागजात गायब हुए हैं, इसकी जांच करानी चाहिए। (श्री मरांडी गंभीर होकर कहते हैं) अगर जांच नहीं कराते हैं, तो जब जांच होगी, तब चंपाई सोरेन जी को भी होटवार जाना पड़ सकता है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

**नवीन मेल : सिंहभूम से पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा के बारे में आपका क्या विचार है?**

उत्तर : गीता कोड़ा पर कोई मामला अदालत में नहीं है। उनकी छवि साफ है।

**नवीन मेल : झारखंड के आदिवासी सरकार को भाजपा जानबूझकर परेशान कर रही है। इसमें कितनी सच्चाई है।**

उत्तर : ऐसा कुछ भी नहीं है। भाजपा की केंद्र में सरकार नहीं थी, उस समय भी शिबू सोरेन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। नरसिम्हा राव की सरकार को बचाने के लिए जो हुआ, वह पूरा देश जानता है। उस समय ना तो मोदी जी थे, और ना अमित शाह जी थे सत्ता में। फिर भ्रष्टाचार में शिबू सोरेन का नाम आया था या नहीं? यह जनता जानती है! यह सिस्टम है, रूल आफ लॉ चलता है यहां। किसी को कुछ लग रहा है, तो वह मामले को लेकर कोर्ट तक जाएं। सभी के लिए न्यायालय का दरवाजा खुला है। किसी को लग रहा है कि जानबूझकर उन्हें परेशान किया जा रहा है, तो वे कोर्ट जाएं, कोर्ट जाने से कौन मना कर रहा है।

**नवीन मेल : आप विपक्ष के नेता रहे, पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं अभी प्रदेश भाजपा की बागडोर संभाले हुए हैं। वर्तमान में पुलिस की कार्य प्रणाली पर आपकी क्या राय है?**

उत्तर : पुलिस को जो काम करना चाहिए, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### एग्जिट पोल पर रोक असाधारण गजट में प्रकाशित



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों को एग्जिट पोल के संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र लिखकर जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एग्जिट पोल पर रोक संबंधी प्रकाशन 4 अप्रैल को राज्य के असाधारण गजट में कर दिया गया है।

## आजकल




## कृषि बाजार में लगी आग, परिसर में खड़ी आठ गाड़ियां जलीं

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के बरवाअड्डा स्थित कृषि बाजार समिति परिसर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इस आग की चपेट में आकर वहाँ खड़ी 8 गाड़ियां जल कर खाक हो गयी। सभी गाड़ियां बरवाअड्डा थाना के द्वारा जब्त की गयी थी। जैसे ही आग लगी कृषि बाजार समिति के लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे दीपक कुमार और उनकी टीम ने घंटो मसाकत के बाद आग पर कबू पाया, जिससे एक बड़ी घटना घटने से बच गयी। बरवा अड्डा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जहाँ आगजनी की घटना घटी है, वहां 400 से भी ज्यादा दुकाने है और थाना द्वारा जब्त 5 दर्जन से ज्यादा गाड़ियां इसी कैंपस मे खड़ी की गयी है। जिसमे तीन डीजल से भरे टैंकर भी वहीं लगा हुआ है। यदि आग इन टैंकर में लगती तो बड़ी घटना घट सकती थी।

### निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में रखी लकड़ियों में आग लगी

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के करमा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में रखी पेड़ की लकड़ियों में रविवार को अचानक आग लग गई। सुखी लकड़ियों में आग पकड़ने से आग ने तुरंत भयावह रूप धारण कर लिया। इसके बाद निर्माण कार्य में लगे कर्मियों के सहयोग से पानी और बालू के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। साथ ही, इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद कोडरमा से दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। निर्माण कार्य में जुटे लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर आग लगी है, उसके नजदीक वेल्डिंग का काम चल रहा था। संभवतः वेल्डिंग की चिंगारी से लकड़ी में आग पकड़ लिया होगा। फिलहाल घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है।

## इंडिया

## बढ़ते शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों से बढ़ रहा बहुरोगवाद



सुनील बादल

***भारत*** के बड़े शहरी इलाकों में बढ़ती एक साथ कई बीमारियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन मल्टीमोरबिडिटी यानी बहुरोगवाद कहता है। भारत के शहरी इलाकों में एनीमिया, अस्थमा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और मोटापे की बीमारी आम है। कम और मध्यम आमदनी वाले जिन राज्यों में आम तौर पर बड़े पैमाने पर गांवों के शहरों की ओर पलायन होता है, उन देशों में स्वास्थ्य की समस्या बढ़ जाती है। इसका प्रमुख कारण यह है कि गांवों से शहरों में आकर रहने वाले संघर्षशील लोगों के रहन-सहन में बहुत बड़ा बदलाव आता है। जलवायु परिवर्तन की भयंकर घटनाओं जैसे कि शहरों में भयंकर गर्मी, बाढ़ और सूखे के असर से कम आमदनी वाले समूह के लोगों को बहुत सी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और शहरों की ओर से मिली जुली आबादी बढ़ती जा रही है। जिससे झारखंड सहित तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे दक्षिण के राज्यों में देखा गया है कि विशाखापट्टनम और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में अनेक बीमारियां एक साथ होने की दर बहुत बढ़ गई है। भारत में 'पैटर्न्स ऑफ मल्टी मोरबिडिटी' नाम से की गई एक अध्ययन में पाया गया है कि महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में असमानता, और महिलाओं के हाशिए पर पड़े तबके का होने की वजह से उनमें कई बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। तेजी से बढ़ती आबादी और बीमारियों को लेकर यह बदलाव, भारत के लिए स्वास्थ्य की बड़ी चुनौती खड़ी कर रहा है। मल्टीमोरबिडिटी की समस्या गांवों (5.7 प्रतिशत) की तुलना में शहरों में (9.7 प्रतिशत) कहीं ज्यादा है। शहरों में 40 से 49 साल के वयस्कों के बीच कम से कम एक मल्टीमोरबिडिटी 56 से 64 प्रतिशत लोगों को होती है, जबकि गांवों में इसका प्रतिशत 39 से 50 के बीच है। ये समस्या इसलिए और बढ़ जाती है, क्योंकि शहरों में मिश्रित आय वर्ग के लोग रहते हैं जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था तक एकसमान पहुंच में बहुत अंतर पैदा कर दिया है। शहरों में जो सबसे गरीब लोग होते हैं, उनमें मल्टीमोरबिडिटी का प्रकोप (47.88 प्रतिशत), गरीब लोगों की तुलना में (41.44 प्रतिशत) अधिक होता है। कम आमदनी वाले लोग आम तौर पर पर्याप्त स्वास्थ्य सेवा हासिल करने में अधिक



बाधाओं जैसे कि इलाज का महंगा होना, स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारी न होने और यहां तक कि अपनी सेहत को लेकर सही जानकारी न होने का सामना करते हैं। इसके अलावा पीने के साफ पानी और शौच और नहाने की उचित व्यवस्था की सुविधाएं न होने से उनके मल्टीमोरबिडिटी का शिकार होने का जोखिम और बढ़ जाता है। अध्ययनों से ये भी पता चला है कि भले ही लोग किसी भी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हों, ज्यादातर लोग जल्दी ठीक हो जाने वाली छोटी मोटी बीमारियों जैसे कि सर्दी, जुकाम और बुखार का इलाज कराते हैं पर भयंकर और लंबे समय तक इलाज की जरूरत वाली बीमारियों की अनदेखी करते हैं। हालांकि, सामाजिक आर्थिक समूहों के भीतर भी लंबी और भयंकर बीमारियों जैसे कि डायबिटीज और हाइपरटेंशन के इलाज को लेकर असमानताएं साफ दिखती हैं। इन्हें आम तौर पर प्रमुख को-मोरबिडिटी माना जाता है। भयंकर को-मोरबिडिटी की जांच और फिर उसके इलाज का खर्च जैसे जैसे बढ़ता जाता है, वैसे वैसे 'इनवर्स केयर का नियम' लागू होता जाता है क्योंकि, खर्च बढ़ने पर कम आमदनी वाले समूहों के लोग इन बीमारियों का इलाज कराने से बचते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच, डॉक्टर से कम सलाह मशवरा और फिजिशियन पर दबाव बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया भर के शहरों में भयंकर मौसम, जैसे कि शहरों में बेतहाशा गर्मी वाले इलाके बनने और अचानक भयंकर बाढ़ आने की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। भयंकर गर्मी वाले इलाके से शहरों का तापमान बहुत बढ़ जाता है क्योंकि शहरों में कंक्रीट के घने जंगल, आधुनिक मूलभूत ढांचे जैसे कि सड़कों और इमारतों का घनत्व अधिक होता है, जो गर्मी को बाहर निकालने के बजाय उसे सोख लेते हैं इस से बिजली की खपत बढ़ती है और ग्रीन हाउस गैसों और दूसरे प्रदूषक तत्वों का उत्सर्जन भी, जिससे इंसान की सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। जिससे खाने और पानी की समस्या बढ़ जाती है और फिर इससे कुपोषण और जलजनित बीमारियाँ बढ़ जाती हैं। शहरों में खास तौर से बाढ़ की समस्या बारिश का पानी निकालने की व्यवस्था में कमी की वजह से पैदा होती है. इससे पानी से और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था मुख्य रूप से एक बीमारी पर केन्द्रित है इसलिए, सरकार को मरीजों का खयाल रखने पर केंद्रित एक एकीकृत और चहुंमुखी स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे आयुष्मान कार्ड को प्राथमिकता के आधार पर लागू करना चाहिए।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। डीसी ने निर्देश दिया कि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री और राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। संबंधित एफएसटी टीमों द्वारा तोरपा के कर्रा मोड, अड़की, कर्रा, और मुरहू के विभिन्न स्थानों पर भी सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिनियुक्त उड़न दस्ता दल (एफएसटी) सभी छोटे-बड़े वाहनों की तलाशी लीग गई। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की गई, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों के लाने ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।

### शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लें सभी मतदाता : कुमुद झा

**खूंटी।** मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर रविवार को प्रखंड के सभी गांवों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ कुमुद कुमार झा ने तोरपा, बांसटोली में चुनाव पाठशाला में शामिल होकर लोगों को मतदान के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र में लोगों को मिला हुआ सबसे बड़ा अधिकार है। इस अधिकार का प्रयोग मतदाता अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आपके मतदान से देश की सरकार बनती है। इसलिए मतदान अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

### श्मशान घाट के शेड में ही अधेड़ ने लगा ली फांसी

**रामगढ़।** कोरोना काल के बाद भी आम नागरिक का जीवन पटरी पर आना अभी भी मुश्किल नजर आ रहा है। जिस तरह आम जनजीवन लगातार कठिन होता जा रहा है उससे लोग आत्महत्या करने पर विवश हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ के पतरातू से सामने आया यहां। रविवार को अधेड़ ने श्मशान घाट के शेड में ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। एनटीपीसी न्यूटाउनशिप के निकट कालीघाट स्थित श्मशान घाट के शेड में फंदे से झूलती हुई लाश देखकर लोग चौक गए। मृतक विश्वजीत राम उर्फ कारु राम (50) पीटीपीएस कॉलोनी के हनुमानगढ़ी का रहने वाले थे। पीटीपीएस के रांची हेडक्वार्टर में बतौर सफाई कर्मी कार्यरत थे। जब लोगों ने वजह जानने की कोशिश की तो पता चला कि वह बैंक का लोन नहीं चुका पा रहे थे। इस मामले की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने बताया कि आम नागरिक और परिवार वाले भी इसी बात को बता रहे हैं कि कर्ज.नहीं चुका पाने की वजह से विश्वजीत लगातार तनाव में थे। घर में भी इसी बात को लेकर अक्सर विवाद हो रहा था। पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया।

लापुंग में कल ढोल-नगाड़े के साथ निकलेगी सरहुल की भव्य शोभायात्रा

# दर्जनों गांवों के खोड़हा नृत्य दल कार्यक्रम में लेंगे भाग



◆शोभायात्रा का शुभारंभ सापुकेरा बाजारटांड़ से किया जाएगा

◆पाहन पुजार महतो और पड़हा राजा सहित ग्राम प्रधान शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड में प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन सह शोभायात्रा की व्यापक तैयारियां की गई है। सापुकेरा पंचायत के पूर्व मुखिया सह कमिटी के उपाध्यक्ष जयंत बरला ने बताया कि ढोल नगाड़े के साथ प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर नौ अप्रैल को विशाल सरहुल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का शुभारंभ सापुकेरा बाजार टांड़ से किया जाएगा। सरहुल शोभा यात्रा को लेकर जयंत बरला, विश्वनाथ मुंडा, समीर मुंडा, संजय उरांव, सविता उरांव, धनिया मुंडा, पुनई उरांव, सुखु मुंडा, विजय बरला, मनिन्द्र मुंडा, सुखु लोहरा, बिरसा मुंडा, गमलेन कुजूर, दुर्गा उरांव जतरू मुंडा, लखना मुंडा, विमल मुंडा, पुना मुंडा रंजीत मुंडा एतवा होरो रंथु उरांव, रंजीत उरांव, खदिया उरांव, पवन मुंडा, बुधुवा पाहन,अजय बरला बंधना भेंगरा, पंकज खाखा, बंधु उरांव, मनसा मुंडा, सुभाष मुंडा, लाधु मुंडा सहित बिलकन मुंडा को लेकर आयोजन समिति गठित की गई है। लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांवों के खोड़ड़ा नृत्य दल शोभायात्रा में शामिल होंगे। इसे लेकर अलग-अलग गांव से आने वाली सरहुल शोभायात्रा की टीमें संयुक्त रूप से एकजुट होकर लापुंग के मुख्य मार्ग में नृत्य और संगीत से लोगों को खूब आकर्षित करेंगे। पाहन पुजार एवं महतो सहित पड़हा राजा, पईनभरा, कोटवार, दीवान सहित गांव के ग्राम प्रधान जुलूस की अगुवाई करेंगे। इस दौरान दानेकेरा, सारंगलोया, कोयनारा, सापुकेरा, गटेया टोली, भागलपुर, गरई, फतेहपुर ककरिया दोलैचा लालगंज सुकुरहुटू दानेकेरा महुगांव सहित दर्जनों गांवों से लोग सरहुल शोभायात्रा में शामिल होंगे।

### रामनवमी में बेहतर झांकी का प्रदर्शन करने वाले अखाड़े होंगे पुरस्कृत

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित बर्णवाल धर्मशाला में रामनवमी महासमिति कोडरमा की बैठक हुई। बैठक में रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें महासमिति की ओर से कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजनस्थल में विभिन्न अखाड़ा समितियों पर पुष्पवर्षा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समितियों का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर शौर्य प्रतियोगिता की शुरूआत की जाएगी। झांकी और शौर्य प्रदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों और प्रतिभागियों को निर्णायक मंडली की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इधर रामनवमी को लेकर कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक अमिताभ चौधरी, प्रवीण चंद्रा, गोपाल कुमार बनाए गए। जबकि अध्यक्ष मनोज कुमार झुन्नू, महासचिव अजय पांडेय, उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, अजीत बर्णवाल, सूरज प्रताप, राजेश सिंह राजू, सचिव प्रवीण पांडेय,व्यवस्था प्रमुख आदित्य पांडेय, चंदन सिंह बनाए गए।

आम आदमी पार्टी का एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित

# केजरीवाल मॉडल की लोकप्रियता से डर गए हैं मोदी : डीएन सिंह





**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के अनैतिक गिरफ्तारी के विरोध में बापू वाटिका में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत ने इसकी अध्यक्षता की। उपवास कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश संयोजक डीएन सिंह के द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर डीएन सिंह ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ईमानदार हैं और उनकी ईमानदार छवि और दिल्ली मॉडल से डर कर राजनीतिक साजिश के तहत गिरफ्तारी की गई है। पूरा देश अरविन्द केजरीवाल के साथ है। प्रदेश उपाध्यक्ष हरि सिंह, प्रदेश कार्यकारी सचिव अविनाश नरायण, प्रदेश प्रवक्ता यास्मीन लाल, प्रदेश प्रवक्ता ओमकार नाथ जायसवाल, संतोष रजक, महिला नेत्री सोरेन माधुरी, राजेश लिंडा, अल्बर्ट एक्का, सहित अन्य ने अपनी बातो को रखा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने किया।

ईद, सरहुल व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# जुलूस में भड़काऊ नारे या अश्लील गानों का इस्तेमाल न करें : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी** मुरी ओपी थाना के प्रांगण में रविवार के दिन संध्या 4 बजे से आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रभारी कुंदन सिंह के नेतृत्व में किया गया। बैठक में आए हुए सभी गणमान्य एवं समाजसेवियों ने सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी कुंदन सिंह ने कहा कि त्योहारों एवं जुलूस या जलसे में भड़काऊ नारे या अश्लील गानों का इस्तेमाल करने से बचें। अफवाहों से दूर रहें। वहीं उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भी चुनाव संबंधी बहुत सारी जानकारियां भी लोगों को दिया तथा अपील भी किया कि जिन-जिन बातों का बैठक में उल्लेख किया गया है। इन सारी बातों को अपने-अपने क्षेत्र के और भी लोगों को साझा करें ताकि उन्हें सही जानकारियां मिल सके। साथ ही साथ आए हुए लोगों को त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाइयां भी दी। बैठक का समापन सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू ने किया।

बेड़ो और लापुंग प्रखंड में हिंदू नववर्ष को लेकर व्यापक तैयारियां

# लापुंग में सरना सनातन के घरों में भगवा लहराएगा : राम प्रसाद साहु

◆ नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** हिंदू नव वर्ष को लेकर बेड़ो प्रखंड में निकाली जाएगी पथ संचलन, शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। इसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं। सूत्रों के अनुसार बेड़ो प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय सहित करांजी, खत्री खटंगा, पुरियो, मुरतो, महुगांव, पाकलमेडी, फादिलमरचा, हरिहरपुर जामटोली, हरहंजी, जमनी, पंडरा, जहानाबाज सहित विभिन्न गांवों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, एकल विद्यालय परिवार सहित विभिन्न संगठनों के द्वारा नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उधर हिंदू नववर्ष को मनाने को लेकर विहिप व बजरंग दल लापुंग के बैनर तले विश्व हिंदू परिषद कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहु की अध्यक्षता में लापुंग में नंदलाल साहू के घर में बैठक हुई। इस बैठक में लापुंग प्रखंड के 11 पंचायत के दर्जनों गांव में 9 अप्रैल को घर घर व चौक चौराहा में भगवा व बजरंग बली का झंडा फहराने के साथ मंदिर में प्रसाद, हलवा, खिचड़ी का भोगने का निर्णय लिया गया। साथ ही मंदिर में सामूहिक आरती का आयोजन किया जाएगा उक्त बातें लापुंग प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहु ने कही। बैठक के दौरान इसके अलावे 14 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी पूजा के बाद संगठन का विस्तार किया जाएगा। सर्व सम्मति से लापुंग प्रखंड विहिप सह मंत्री सुभाष बाउरी को बनाया गया। मौके पर संरक्षक नंदलाल साहू, सचिन कुमार राय, उपाध्यक्ष किश्वर साहू, दिनेश्वर साहू व्योवृद्ध दशरथ साहू के अलावे अन्य विहिप कार्यकर्ता मौजूद थे

# डालसा ने किया खूंटी जेल में योग सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकार खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डालसा की ओर से योगा सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि उपकारा में रहने, खाने की साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ कैदी के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति, हम सबके लिए बहुत जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बहुत पहले से (वर्ल्ड हेल्थ डे) यानी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल सात अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस सात अप्रैल 1950 को मनाया गया था।

शांतिपूर्ण रामनवमी मानने को लेकर हुई बैठक

# ऐतिहासिक व नशामुक्त रामनवमी का संकल्प लें युवा : प्रशांत कुमार प्रधान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी की आगाज होते ही एक ओर जहां जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने रामनवमी 2024 के सफल सम्पादन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है वहीं हजारीबाग संरक्षण समिति ने भी रामनवमी को लेकर तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में समिति ने हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान रामनवमी में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह रामनवमी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चल कर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की रामनवमी होगी। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हम हजारीबाग के लोग के आन बान है यह रामनवमी और हम इसकी आन बान शान को अक्षुण रखेंगे। आगे उन्होंने हजारीबाग के लाखों युवा व रामभक्तों से अपील करते हुए कहा है कि हम भगवान राम के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं हमारे लिए हमारी परम्परा सर्वोपरी है, इसी लिए हम संकल्प लें की इस रामनवमी को हम नशा मुक्त रामनवमी बनाने के लिए अपना योगदान देंगे। अपने संबोधन के दौरान श्री प्रधान ने नवनिर्वाचित श्री श्री चैत्र रामनवमी महासमिति अध्यक्ष चुने जाने पर जीतू यादव को बधाई व शुभकामना दिया है ' मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव सुनील केशरी, संजीव लाल भगत, ओम प्रकाश गोप, अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता, ओम प्रकाश सिन्हा, केदार कुमार, मोहन कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पेस्टालॉजी एजुकेशन सोसायटी के चार बच्चों का वाइनबर्ग एलन स्कूल मसूरी के लिए हुआ चयन

**खूंटी।** जनजाति बहुल खूंटी क्षेत्र में गरीबों और बेसहारा बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही जानीमानी संस्था पेस्टालॉजी चिल्ड्रन एजुकेशन सोसायटी के चार बच्चों का चयन मसूरी उत्तराखंड के प्रतिष्ठित वाइनबर्ग एलन स्कूल में हुआ है। दो वर्षों में हर छात्र को 64 लाख रु की छात्रवृत्ति मिलेगी। इस आशय की जानकारी एसजीवीएस अस्पताल अनिगड़ा में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्थान की सस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गायत्री सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डॉ निर्मल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में तीन छात्राएं और एक छात्र शामिल है। उन्होंने बताया कि पद्मभूषण कड़िया मुंडा जो संस्था के अध्यक्ष भी हैं के मार्गदर्शन में संस्था का संचालन किया जाता है। यह सर्वांगीण विकास संस्थान की सहयोगी संस्था है। संस्था का उद्देश्य गरीब और समाज के वंचित तथा बेसहारा बच्चों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें समृद्ध बनाना खासकर महिला शिक्षा को बढ़ावा देना है। जिन बच्चों का चयन वाइनबर्ग एलन स्कूल में हुआ है।

# असंतुलित बाइक पुलिया से टकराई, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना क्षेत्र फतेहपुर ककरिया सड़क पर जम्हार बाजार से लौट रहे पल्सर बाइक सवार तीन युवक टर्निंग में बने चोरकाटा पुलिया पर टक्कर मारकर चोरकाटा नाला में बाइक समेत गिर गए। गिरने से तीनों बाइक सवार घायल हो गए। सुकरा उरांव सहित आसपास के लोगों ने प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव की मदद से जल्दी से एंबुलेंस बुलवाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग भेजा। घायलों में कुरकुरिया के निकट कर्रा थाना क्षेत्र के बुढ़रोमा निवासी 18 वर्षीय सुशील बाडा, पलसा कर्रा निवासी 20 वर्षीय प्रकाश किंडो तथा लापुंग चम्पाडीह निवासी 18 वर्षीय नामजन होरो शामिल हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग में डॉ दिलीप उरांव ने स्वास्थकर्मी लाल प्रवीण कुमार सिंह, एएनएम कुसमा कुमारी तथा फूलमणी सांगा की मदद से घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायलों में बुढ़रोमा के रहने वाले युवक 18 वर्षीय सुशील बाडा.तथा पलसा कर्रा के रहने वाले 20 वर्षीय प्रकाश किंडो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सुशील बाडा.के हाथ से लेकर पैर तक गंभीर चोटे आई है। उसके दाएं ओर का अंग काम नहीं कर रहा था। वहीं प्रकाश किंडो के सिर में गंभीर चोटें आई थी। उसके सिर में पांच टांके लगे हैं। जबकि तीसरा घायल युवक चम्पाडीह के नामजन होरो के चेहरे एवं हाथों में चोटें आई हैं। सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद अर्धबेहोशी की हालत में प्रकाश किंडो एवं सुशील बाडा.को रिम्स रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि एक ही बाइक पर तीन लोग सवार थे और शराब के नशे में तेज गाड़ी चला रहे थे। घायल नामजन होरो ने बताया कि तीनों दोस्त घुमने के लिए जम्हार बाजार गए थे। बाजार से घूमकर फतेहपुर पोकटा के रास्ते चम्पाडीह लौट रहे थे तभी यह घटना घटी।

## न्यूज बॉक्स

### डीसी व एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले में सफलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने तथा निर्वाचन के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में बनाए जाने वाले इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉक्टर बिमल कुमार के साथ मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू , घाटो, बरमसिया सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित विभिन्न विद्यालयों आदि का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में भवन में उपलब्ध कमरों की संख्या, शौचालय, जलापूर्ति, विद्युत सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। मौके पर उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को केंद्र को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूप के रूप में तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, थाना प्रभारी मांडू सहित अन्य उपस्थित थे ।

### श्रीराम शोभायात्रा को लेकर बैठक संपन्न



**सिल्ली।** जय श्री राम कमेटी मुरी सिल्ली की ओर से एक बैठक का आयोजन मुरी टुंगरी पार्क में रविवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता दिनेश साहू एवं संचालन प्रेम प्रजापति ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जय श्री राम कमेटी की ओर से श्री राम शोभा यात्रा झांकी निकाला जाएगा। यह झांकी सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से होते हुए झारखंड मोड़,बड़ा मुरी, छोटा मुरी ए टाइप दुर्गा पंडाल के समीप संपन्न किया जाएगा। साथ ही साथ कमेटी के सदस्यों से आग्रह किया गया है कि गांव गांव जाकर झांकी के बारे में बताएं तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर सफल बनाएं। इस मौके पर चंद्र मोहन महतो, साधु महतो, विनोद साहू, नागेंद्र प्रसाद, अमित कुम्हार, विष्णुगिरी, कमलेश दुबे, प्रवीण पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

### चान्हो थाना परिसर में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**चान्हो।** थाना परिसर में रविवार को ईद सरहुल रामनवमी और चैती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने की। थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने कहा कि सभी पर्वों को मिलजुल कर मनाए। आपस में खुशियां बांटे। अफवाहें ना फैलाएं। पुलिस को भी सहयोग करें। साथ ही कहीं कोई घटना हो जाए तो पुलिस को सूचित करें। कानून को अपने हाथ में ना लें। जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने अपने सुझाव में कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। हमारे भारत की सांस्कृतिक विशेषता है कि यहां पर सभी धर्म के लोग एक दूसरे समुदाय के धर्म को भी विशेष तौर पर सम्मान देते हैं। साथ ही मिलकर खुशियां मनाते हैं। यह हमारे भारत की विशेषता भी है। इसी परंपरा को कायम रखते हुए हमें पर्व त्योहार में किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचना चाहिए और अपनी नागरिक जिम्मेवारी निभाते हुए सभी धर्म का सम्मान कर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कहीं अशोभनीय घटनाएं हो जाती है तो थाना को सूचित करें। इसमें मुख्य रूप से समाजसेवी अजित सिंह,जुल्फान अंसारी, मुखिया महादेव उरांव, मोहन ताम्रकार, मोरहा उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नौ युवकों ने तीन घंटे में बनई नदी पर बनाया बोरी बांध

खूंटी। नदी बचाओ अभियान के तहत रविवार को मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल गांव के मात्र नौ युवाओं ने तीन घंटे तक श्रमदान कर बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण कर दिया। इससे नदी में तेजी से जल संचयन होने लगा है। ज्ञात हो कोड़ाकेल गांव का युवा किसान सकलदीप महतो हर वर्ष कोड़ाकेल और कोठाटोली के सीमान पर 14 एकड़ में सब्जी की खेती करता है। नदी बचाओ अभियान से प्रभावित होकर सकलदीप महतो द्वारा बनई नदी के कुछ हिस्से में पक्का बांध बनाया गया है। इसके बावजूद अप्रैल महीने में नदी का जलस्तर घट गया। उसकी फसलों के सूखने की नौबत आ गई। इस परिस्थिति में सकलदीप ने कोठाटोली गांव के युवक जो उनके खेतों में भी काम करते हैं, के साथ मिलकर रविवार की सुबह श्रमदान के माध्यम से बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण किया। सहलदीप महतो ने बताया कि सरकार की ओर से उसके खेतों की सिंचाई के लिए सोलर इरिगेशन सिस्टम का अधिष्ठापन किया गया है।

### खूंटी में पुलिस ने फिर जब्त किया 97 लाख मूल्य का अफीम डोडा



**खूंटी।** एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी उलिहातू और अड़की थाना की पुलिस द्वारा रविवार को अड़की के चाराडीह जंगल में संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर जंगल में छिपा कर रखे गए 35 बोरों में भरे 650 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया। बरामद अफीम डोडा का मूल्य एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर 97.5 लाख रुपये है। इसको लेकर अड़की थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान और अग्रतर करवाई की जा रही है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि अड़की के चाराडीह जंगल में तस्करों द्वारा बड़ी मात्रा में अफीम डोडा छिपा कर रखा गया है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी उलिहातू के सहायक समादेष्टा निलेश संतोष मासुले और अड़की थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामार टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में छापामारी की गई और वहां से डोडा बरामद किया गया।

# नागरमल मोदी सेवा सदन में बृहद स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**22 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की निःशुल्क जांच**

**351 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नागरमल मोदी सेवा सदन में रविवार को निःशुल्क बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिन में 10:00 से 02:00 बजे तक किया गया। शिविर में 351 लोगों ने आकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। आज के इस शिविर में 22 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निःशुल्क जांच की। मरीजों द्वारा सुझाव फीडबैक भी लिया गया। फीडबैक मे सभी लोगों ने शिविर की सहराना की। सदन के नवनिर्मित हार्ट सेंटर ने हृदय रोग की जांच की एवं निःशुल्क ईसीजी इत्यादि की। शिविर में डॉ पीजी सरकार एवं डॉ आशुतोष कुमार ने अपनी निःशुल्क सेवाएं दीं।

शिविर में आने वाले मरीजों की बीएमडी, बीपी, हीमोग्लोबिन, पीएसए, ईसीजी की निःशुल्क जांच की गई। साथ ही, शिविर में आने वाले मरीजों को पैथोलोजिकल जांच में 20 प्रतिशत, एक्स-रे जांच में 10 प्रतिशत, इंडोस्कोपी में 20 प्रतिशत तथा अन्य जांचों में भी विशेष छूट दी गई। शिविर में सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया, उपाध्यक्ष रेखा जैन, मानद सचिव आशीष मोदी, पवन शर्मा, पवन कनोई, आनंद जालान, प्रदीप राजगढ़िया, वेंकट गाड़ोदिया उपस्थित थे। सदन के अवलोकन एवं संवर्धन समिति के चेयरमैन आलोक तुलस्यान, वरुण जालान, सीएमए डॉ विजय शंकर दास, इमरजेंसी इंचार्ज डॉ कृष्ण मुरारी, डीएचए जीतू शर्मा, एनएस सरबजीत कौर, सदन के सुपरवाइजर-राहुल कुमार, आईटी के शाबुतोष रंजन की देखरेख में शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।




**इन्होंने दीं सेवाएं**

इस शिविर में सदन के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ जैसे यूरोलोजिस्ट डॉ अरविंद अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक अग्रवाल, आंख रोग विशेषज्ञ डॉ नंदिता अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार, डॉ क्षमा टिबड़ेवाल एवं डॉ माया नारंग, फिजिशियन डॉ कुमार शीलमणि एवं डॉ अरविंद सिंह, सर्जन डॉ. वि.के. महेश्वरी एवं डॉ. राजेश मारू, न्यूरो सर्जन डॉ तरुण अडुकिया एवं डॉ डीएम प्रसाद, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एके वर्मा एवं डॉ जय पलक, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ रमेश बजाज, डॉ निधि, डॉ रोहित एवं डॉ शुभांगी, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ रीतू, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ पीबी सिंह, इंडोस्कोपिस्ट डॉ पीके चौधरी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ अरुण कुमार आदि ने अपनी निःशुल्क सेवाएं दीं।

# नुक्कड़ नाटक कर मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत रांची शहरी क्षेत्र में लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को अटल स्मृति वेंडर मार्केट और न्यूक्लियस मॉल में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से बिना किसी बहकावे में आए अपने पसंद के उम्मीदवारों को वोट करने की अपील की गई। साथ ही, लोगों को बताया गया कि वे 25 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## कई जिलों में खुलेंगे नरकोटिक्स थाना

**रांची।** सीआईडी मुख्यालय ने सभी संबंधित जिलों के आईजी और डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों के एसपी को नारकोटिक्स थाना खोलने के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर भेजने को निर्देश दें। सीआईडी के अधिकारियों के अनुसार, झारखंड के पांच जिलों में सबसे अधिक ड्रग्स का कारोबार होता है। इस कारण इन जिलों में सबसे अधिक एनडीपीएस अधिनियम के केस दर्ज होते हैं। झारखंड में फिलहाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का जोनल ऑफिस कार्य कर रहा है, जो सीधे मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स को रिपोर्ट करता है। अगर झारखंड में भी पांच नारकोटिक्स थाने खुल जाते हैं, तो नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का ग्राफ बढ़ेगा। साथ ही, दोषियों को सजा दिलवाने के ग्राफ में भी इजाफा होगा।

## न्यूज बॉक्स

### मधु छावनिका की स्मृति में अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ आयोजन



**रांची।** 143वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण रविवार को ब्रह्मलीन स्व. मधु छावनिका की स्मृति में उनके पति निर्मल छावनिका, पुत्र-पुत्रवधू निलेश एवं ट्विंकल छावनिका तथा परिवार के सौजन्य से की गई। भंडारे में पूड़ी, आलू, काबुली चना एवं टमाटर मिश्रित सब्जी, वेजिटेबल पुलाव, केसरिया खीर एवं केसरिया जलेबी का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरु महाराज को अर्पित करने के बाद मंदिर में बने भंडारे में मिक्स कर भंडारे का प्रसाद लगभग 1300 श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए आम के बोतलबंद जूस का भी वितरण आज के भंडारे के यजमान निर्मल, निलेश छावनिका के सौजन्य से किया गया। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में भंडारे का आयोजन किया गया था।

### श्री शिव बारात आयोजन महासमिति ने किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर रांची ने रविवार को शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का स्वागत किया। राधा कृष्ण मंदिर मेट्रो गली रातू रोड से रामनवमी के अवसर पर सुबह 09:00 बजे भव्य शोभायात्रा निकली गई। इसमें माता रानी की जीवंत झांकी के साथ महिलाएं कलश भी लेकर चल रही थीं। शोभायात्रा और कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा राधा कृष्ण मंदिर से निकल कर कॉलोनी और रातू रोड के पास भ्रमण करते हुए पहाड़ी मंदिर परिसर पहुंची। इस बीच, यात्रा के मार्ग पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। आयोजन समिति के लोगो को फूल-माला पहना कर और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल सभी भक्तों के बीच आइसक्रीम और फल वितरण किया गया। पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी।

### समर्पण शाखा ने लगाया हेल्थ चेकअप कैंप




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा, रांची ने वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर रविवार की सुबह मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क मैदान में हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। यह आयोजन डॉ लालपैथ लैब के सौजन्य से किया गया। यह कैंप सुबह में 9:00 बजे तक चला। इसमें ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड एवं थायराइड की निःशुल्क जांच की गई। स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनावाला एवं संयोजिका आशा सराफ ने इस शिविर के आयोजन की तैयारियां की थीं। उन्होंने बताया कि 70 से अधिक लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया और जांच करवाई। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, किरण खेतान, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, आशा संथोलिया उपस्थित थीं।

### जेसीआई रांची यूथ ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**रांची।** जेसीआई रांची यूथ ने रविवार को दिन में 11:00 से 2:00 बजे तक अपर बाजार स्थित सेवा सदन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 25 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रतीक भदानी ने रक्तदान करके कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सेवा सदन के चिकित्सकों की टीम में शामिल चिकित्सा और नर्सिंग स्टाफ को आभार व्यक्त किया। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि रक्त को कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है, इसकी आपूर्ति का कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने रक्तदान को महादान बताया। रक्तदान कार्यक्रम की संयोजक मनीषा सोनथालिया और गुणीत सिंह के भरपूर प्रयास से रक्तदान शिविर का आयोजन सफल हुआ। उन्होंने कहा कि एक बार रक्तदान करने से आप तीन लोगों की जीवन बचा सकते हैं। रक्तदान करने से शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा स्वस्थ होती है। रक्तदान शरीर से अतिरिक्त आयरन निकालने का बेहतरीन तरीका है।

## एक नजर

### अमन-चैन के लिए रोजेदारों ने मांगी दुआ

**रांची।** राष्ट्रीय एकता अभियान ने रविवार की शाम को क्लब रोड स्थित मिलन पैलेस में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इसमें मौजूद रोजेदारों ने अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी। कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। इफ्तार पार्टी में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के गण्यमान्य शामिल हुए।

### सर्च अभियान के दौरान मिला विस्फोटक

**रांची।** एसएसबी 26वीं बटालियन और राहे पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए इडीसेरेंग और कोकरोडीह के बीच विस्फोटक बरामद किया है। इसमें छह पीस डेटोनेटर, विस्फोटक पदार्थ, लगभग 10 मीटर सेफ्टी फ्यूज तार शामिल हैं। मामले को लेकर राहे थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देश पर बटालियन ए कंपनी सताकी के जवान और राहे पुलिस की ओर से क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान, पुलिस की नजर एक पीले रंग की थैली पर पड़ी। इसी थैले में विस्फोटक मिले। पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया था। सर्च अभियान में कमांडर शशि कुमार, सहायक उपनिरीक्षक दीपक सिंह, राहे थाना के उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार टुडू आदि शामिल थे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

**रांची।** बीजुपाड़ा-खलारी मार्ग पर रविवार की सुबह लगभग नौ बजे बलथरवा के निकट टर्बो ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। इनमें तौसिफ कुरैशी (21) व समीर कुरैशी (22) शामिल हैं। दोनों कुड़ू के लापुर गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। घायलों का प्राथमिक इलाज मांडर रेफरल अस्पताल में हुआ। बाद में उन्हें रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से खलारी जा रहे थे।

## ऑपरेशन थिएटर के निर्माण में हो रही देरी

# रिम्स प्रबंधन का आदेश डेंटल विभाग नहीं मान रहा

**अमित कुमार**


**रांची।** राजधानी के रिम्स में बने झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के कार्यालय को रिम्स प्रबंधन ने बंद करने का आदेश कई बार दिया है, जिसके उपरांत कार्यालय खाली नहीं करने पर कार्यालय के सभी सामानों को हटा दिया गया है। ऐसे में वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन नहीं होने की बात सामने आयी है। रिम्स प्रबंधन कहना है कि इस स्थान पर ऑपरेशन थिएटर बनाया जाएगा। रिम्स प्रबंधन ने कई बार डेंटल विभाग के रजिस्ट्रार को पत्र के माध्यम से सूचित किया कि वह अपना ऑफिस हटा लें। जिसके बाद झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के रजिस्ट्रार ने रिम्स प्रबंधन के द्वारा दिए गए पत्र को स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को अग्रसारित कर उसकी कॉपी रिम्स प्रबंधन को मुहैया करवाई है।




> रिम्स प्रबंधन द्वारा बनायी गई कमेटी की निगरानी में उन्हें अपना सामान ले जाने को कहा गया है लेकिन वे राजनीति करने में लगे है। अब तक डेंटल काउंसिल के रजिस्ट्रार की तरफ से कार्यालय के सामान की रिसीविंग भी नहीं की गई है।
>
> रिम्स निदेशक डॉ (प्रो.) राजकुमार

### रिम्स प्रबंधन को नहीं दी गई सूचना

रिम्स प्रबंधन के द्वारा तीन बार डेंटल काउंसिल ऑफ झारखंड के रजिस्ट्रार को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया। तीनों ही बार झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के रजिस्ट्रार ने विभाग को सूचित कर उसकी कॉपी रिम्स प्रबंधन को दी गई लेकिन विभाग ने क्या आदेश दिया इसको लेकर रिम्स प्रबंधन को कोई सूचना नहीं दी गई। जिसके बाद रिम्स निदेशक डॉक्टर राजकुमार ने एक कमेटी का गठन कर यह आदेश जारी किया कि झारखंड डेंटल काउंसिल ऑफिस को कमेटी की निगरानी में बंद किया जाए और सामग्री को सुरक्षित काउंसिल को दिया जाए।



### कई सामग्री अब भी पुराने कार्यालय में

झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के कार्यालय को बंद करने की सूचना जब झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के रजिस्ट्रार ने स्वास्थ्य विभाग को दी तो विभाग ने उन्हें सदर अस्पताल में कार्यालय खोलने का निर्देश दिया। डेंटल काउंसिल के रजिस्ट्रार सुशील कुमार बताते हैं कि रिम्स प्रबंधन द्वारा की गयी अचानक कार्रवाई से कई सामग्री अभी भी पुराने कार्यालय में है। जब तक वह सामान नए कार्यालय में उपलब्ध नहीं हो जाते तब तक विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन संभव नहीं होगा।

## लोअर बाजार थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**रांची।** लोअर बाजार थाने में रविवार को ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक लोअर बाजार थाने के थाना प्रभारी दयानंद कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी पर्व आपस में मिलजुल कर सौहार्द के वातावरण में मनाएं। एक दूसरे के त्योहार का सम्मान करें। सभी लोग शांति, एकता और भाईचारा बनाएं रखें। थाना प्रभारी ने कहा कि सरहुल व रामनवमी के जो रूट हैं, उसी रूट पर अपने जुलूस को लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व, नशेड़ी लोगों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि अमन शांति के साथ पर्व मनाएं। बैठक में भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, रजी अहमद, अकील उर रहमान, भीम सिंह, मो इस्लाम, हाजी मासूक, गुड्डू, मो फैजान, पवन कुमार, उज्ज्वल कुमार, गोपाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

## एनटीपीसी का कैप्टिव खदानों से 40 एमएमटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी कैप्टिव खदानों से 40 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कैप्टिव कोयला उत्पादन में 17 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इससे वित्त वर्ष 2024-25 में कैप्टिव खदानों के माध्यम से कोयले की 15 प्रतिशत से अधिक आवश्यकता पूरी हो जाएगी, जिससे बिजली प्रमुख के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत होगी। कंपनी ने 31 मार्च 2024 के अंत तक 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया और कोयला उत्पादन 34.38 एमएमटी रहा। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# हटिया स्टेशन से सात नाबालिग बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के हटिया स्टेशन से पुलिस ने रविवार को सात नाबालिग बरामद किए हैं। साथ ही, तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट हटिया की एएचटीयू, 'नन्हे फरिश्ते' और रांची डिवीजन की फ्लाइंग टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। बताया जाता है कि हटिया स्टेशन पर बाल और मानव तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रविवार की सुबह करीब पांच बजे चेकिंग के क्रम में सात नाबालिग और तीन व्यक्ति प्लेटफार्म नंबर एक पर एस्केलेटर के नीचे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। संदेह होने पर सभी से पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि सात नाबालिग के साथ तीनों लोग विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन (ट्रेन नंबर 18637 एक्सप्रेस) पकड़ने के लिए बस से हटिया रेलवे स्टेशन आए थे।



पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए तीन में से एक व्यक्ति सुनेश कच्छप ने बताया कि उसके गांव में ठेकेदार रियाज अंसारी का ट्रैक्टर का काम चल रहा था। वहां वह (सुनेश कच्छप) भी काम कर रहा था। बताया कि रियाज अंसारी को छह माह पहले विजयवाड़ा स्थित इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाने वाली वायरस कंपनी में ले जाया गया। दो माह पहले वह गांव आया था। छह अप्रैल को ठेकेदार रियाज अंसारी ने उसको डालटेनगंज बस स्टैंड बुलाया और इन सातों नाबालिग से परिचय कराया। सुनेश कच्छप ने बताया कि रियाज अंसारी ने उसको पांच हजार और सभी का फर्जी आधार कार्ड दिया। रियाज अंसारी ने उसे सभी नाबालिगों को अपने साथ विजयवाड़ा ले जाने को कहा, जहां रियाज पहले काम करता था। रियाज ने उसको कहा कि वहां पहुंचाने के बाद वह उसे और पांच हजार रुपये देगा। उसके कहने पर ही सभी नाबालिग को वह डालटेनगंज से बस से हटिया स्टेशन लेकर आया। स्टेशन से जनरल टिकट लेकर विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन का प्लेटफार्म नंबर-1 पर इंतजार कर रहे थे।

## वर्ल्ड हेल्थ डे : सैकड़ों की संख्या में लोगों ने चलाई साइकिल

# पारस अस्पताल ने साइक्लोथॉन का किया आयोजन

**स्वस्थ जीवन जीने के लिए लोगों को किया प्रेरित**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर पारस अस्पताल ग्रुप ने लोगों में अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया। इस साइक्लोथॉन में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

साइक्लोथॉन के तहत 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर तक साइकिल चलाना था। इसमें लोगों ने बड़े ही जोश के साथ हिस्सा लिया। साइक्लोथॉन के विजेताओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए लोगों से इससे जुड़े एक्सरसाइज भी कराए गए। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।




इस अवसर पर पारस अस्पताल के डॉ नीतेश कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कामकाज के दौरान लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते हैं। सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, रेगुलर डॉक्टरों से जांच कराएं। उनसे सलाह लेते रहें, ताकि कोई बड़ी बीमारी नहीं हो। अगर हो, तो सही समय पर उसका इलाज किया जा सके। अच्छा खाना और एक्सरसाइज करना चाहिए। काम के दौरान समय निकाल कर नियमित रूप से एक्सरसाइज करना चाहिए।

डॉ नीतेश ने कहा कि हर साल दुनिया भर में सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। आज के समय में खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के चलते कम उम्र में ही लोग कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसी कड़ी में हर साल 7 अप्रैल के दिन वर्ल्ड हेल्थ डे पर पारस अस्पताल ग्रुप साइक्लोथॉन का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करता है।

# ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सुखदेव नगर थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम मो जुबेर उर्फ राजू देहाती, रोहित कुमार ठाकुर, सुजीत कुमार गुप्ता और तरुण कुमार पांडेय है। इनके पास से 11.5 ग्राम ब्राउन शुगर और चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए एक टीम का गठन किया गया है। टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित ऑटो बस स्टैंड के पास कुछ लोग प्रतिबंधित नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर को खरीद-बिक्री के लिए बिहार से लेकर आ रहे हैं। इसके बाद टीम ने चार लोगों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मोहम्मद जुबेर पर रांची के अलग-अलग थाना में कुल 16 मामले, रोहित कुमार ठाकुर पर छह और सुजीत

### ब्राउन शुगर के साथ एक महिला सहित तीन धराए

रांची। रांची के जगरनाथपुर थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में अमित कुमार उर्फ बबलू, सुजीत कुमार उर्फ गोलू और सोनी हेला शामिल हैं। इनके पास से 13 ग्राम ब्राउन शुगर, एक डिजिटल तराजू, अल्युमिनियम फ्वॉयल के तीन टुकड़े, पांच लाइटर, टूटा हुआ एक सिगरेट, चांदी का एक ब्रेसलेट, एक ब्राउन शुगर सूंघने वाला प्लास्टिक का सफेद रंग का छोटा पाइप, ब्राउन शुगर बिक्री किया हुआ 1460 रुपया बरामद किया गया है।




एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी बड़का गढ़ तालाब शिव मंदिर के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिकी की जा रही है। सूचना के बाद जगरनाथपुर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते उक्त स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में एक महिला और दो पुरुष को गिरफ्तार किए गए। दोनों ने ब्राउन शुगर बेचने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

## वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में बैलेट पर बुलेट नहीं पड़ेगा भारी

# बूढ़ा पहाड़ पर कब्जा, सारंडा में टूटी नक्सलियों की कमर

**उपेंद्र गुप्ता। रांची** झारखंड में माओवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। कई इलाकों में इनका पूरी तरह से सफाया हो चुका है, तो कई इलाकों में इनकी कमर टुट चुकी हैं। जिन इलाकों में इनकी उपस्थिति थोड़ी बहुत बची है, वहां छोटी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस बार हालात बिल्कुल अलग है, 2019 के मुकाबले 2024 में माओवादी पूरी तरह से टुट चुके हैं, आर्थिक रूप से भी उनकी हालात पहले जैसी नहीं रह गई है। लेकिन चुनाव में भय और आतंक फैलाने के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं, इसलिए झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल किसी हालात से निपटने के लिए मुस्तैद नजर आ रही है।

### रेड कॉरिडोर पर स्मॉल एक्शन टीम एक्टिव

झारखंड में माओवादियों की मूलतः दो ऐसे सेंटर रहे हैं, जहां से वे अपने पूरे सिस्टम को संचालित करते हैं, जिसे रेड कॉरिडोर भी कहा जाता है। रेड कॉरिडोर का इस्तेमाल एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के लिए करते हैं, वहां पर स्मॉल एक्शन टीम को भी एक्टिव किया गया है।छत्तीसगढ़, झारखंड और बंगाल को मुख्य रेड कॉरिडोर माना जाता है, जिसमें सारंडा इनका मुख्यालय है। सारंडा में अभी भी माओवादियों के कई बड़े नेता डेरा जमाए हुए हैं, लेकिन सुरक्षा बलों ने इनकी ऐसी घेराबंदी कर रखी है कि वे सारंडा से बाहर निकल नहीं पा रहे हैं। दूसरा बूढ़ा पहाड़ माओवादियों का सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता है, यह इलाका झारखंड और बिहार से जुड़ा है,जो माओवादियों का बड़ा ट्रेनिंग सेंटर भी था। छत्तीसगढ़, बंगाल और ओडिशा के रेड कॉरिडोर पर झारखंड पुलिस और सुरक्षा बलों की विशेष नजर है। इस इलाके में संयुक्त रूप से नक्सलियों के खिलाफ अभियान अभी भी जारी है। सारंडा में छिपे बड़े माओवादी नेताओं को छत्तीसगढ़ से सबसे अधिक मदद मिलता है, इसलिए माओवादी नेताओं को मदद नहीं मिल पाए, इसके लिए सुरक्षा बलों ने चारों तरफ से मजबूत घेराबंदी कर रखी है। वर्तमान समय में बंगाल और ओडिशा में नक्सलियों की हालात काफी कमजोर पड़ गया है,इसलिए सारंडा में छत्तीसगढ़ से मदद मिलने की संभावना ज्यादा है। सुरक्षा बलों ने दोनों तरफ से सीमा को पूरी तरह से सील कर रखा है।



**2020 से 2023 तक नक्सल विरोधी अभियान की उपलब्धि :** इस दौरान राज्य में 1716 नक्सली और उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं। इनमें एक पोलित ब्यूरो सदस्य, एक सेंट्रल कमेटी सदस्य, चार स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य, दो रीजनल कमेटी सदस्य, 18 जोनल कमांडर, 40 सब जोनल कमांडर तथा 66 एरिया कमेटी सदस्य शामिल हैं।

### बूढ़ा पहाड़ से उखड़े माओवादियों के पांव



बूढ़ापहाड़ बिहार-झारखंड की सीमा पर पलामू -गढ़वा जिला में है, जहां से पहले माओवादी वोट बहिष्कार का फरमान जारी करते थे और फरमान का असर भी चुनाव में नजर आता था। माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में माओवादियों ने इसी इलाके से वोट बहिष्कार का फरमान जारी किया था, लेकिन 2022 के बाद इस इलाके में हालात काफी बदल गए हैं। बूढ़ापहाड़ से माओवादियों के पांव पूरी तरह से उखड़ गए हैं और बूढ़ापहाड़ पर सुरक्षाबलों का पूरी तरह से कब्जा हो गया है।

### सारंडा में अंतिम सांसें गिन रहा नक्सलवाद

प. सिंहभूम जिले में स्थित एशिया के सबसे घने जंगल सारंडा और पोड़ाहाट में सुरक्षा बलों और माओवादियों के खिलाफ अंतिम लड़ाई चल रही है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में लगभग सभी बड़े हार्डकोर नक्सली हैं, जिनकी घेराबंदी जारी है। प0 सिंहभूम जिले के सारंडा,पोड़ाहाट और कोल्हान के बीहड़ों में सुरक्षा बलों का नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने जोरदार अभियान चला रखा है। इन नक्सल प्रभावित ग्रामीणों के बीच भी सुरक्षा बल के जवान लगातार संपर्क बनाए हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में नक्सियों का खौफ कम होता जा रहा है। जोरदार अभियान के कारण मोवादी कुछ जगहों पर ही सीमित रहने पर मजबूर हो गए हैं और आईईडी बमों का घेरा बनाकर किसी तरह अपने आप को बचाने में सफल रहे हैं।

### कोल्हान जंगल में वोट बहिष्कार का पोस्टर

सारंडा और कोल्हान के जंगल में माओवादी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। एक दिन पहले वोट बहिष्कार के पोस्टर बैनर लगा कर आतंक और भय फैलाने की कोशिश की गई। कोल्हान जंगल के टोंटो थाना के अति नक्सल प्रभावित लिसीमोती, पंडराईबेड़ा, डुमुरजोआ, बड़ा लुइया और छोटा लुइया आदि क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर लगाया गया है। स्कूल, पेड़, दिवार सहित अन्य इलाकों में पोस्टर व बैनर लगा कर चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान किया है। नक्सलियों ने पोस्टर बैनर लगाकर लोगों से वोट नहीं देने की अपील की है।




### नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या में कमी

पहले राज्य में 13 जिले नक्सल प्रभावित थे।अब केवल 8 जिले ही नक्सल प्रभावित रह गए हैं। वर्तमान में चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सरायकेला-खरसांवा, पश्चिम सिंहभूम व गिरिडीह जिले को नक्सल प्रभावित माना जा रहा है। पहले के चुनावों में राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को नक्सलियों का साथ मिलता था। प्रत्याशियों के जीत-हार में नक्सलियों का सहयोग अहम भूमिका निभाता था। इसका खुलासा पूर्व में गिरफ्तार बड़े नक्सली कुंदन पाहन, नकुल यादव, महाराज प्रमाणिक आदि नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण के मौके पर स्वीकारा था। लेकिन इस बार यह संभव नहीं हो पाएगा। इस दिशा में भी सुरक्षा बल काफी सतर्क है।

### बौखला गए हैं नक्सली : एसपी

टोंटो में वोट बहिष्कार पोस्टरबाजी पर प0 सिंहभूम जिला के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि टोंटो थाना क्षेत्र में कुछ जगह नक्सलियों ने पोस्टर व बैनर लगा कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं। इसकी जानकारी होते ही पुलिस व सुरक्षा बल के जवान संबंधित क्षेत्र में पहुंच कर पोस्टर, बैनर को जप्त कर रहे हैं। एसपी ने कहा कि सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई से नक्सली बौखला गये हैं। इसको लेकर टोंटो, गोइलकेरा थाना क्षेत्र में लगातार सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान जारी है। जिसमें सुरक्षाबलों को कामयाबी भी मिल रही है।

### सीमावर्ती इलाकों में कड़ी चौकसी जारी : पुलिस आईजी

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि इंटरस्टेट बॉर्डर पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सिर्फ नक्सलियों के लिए ही नहीं बल्कि अपराधियों, नशे के तस्करों के साथ-साथ अवैध हथियार को लेकर भी चेक पोस्ट पर तैनात जवान पूरी तरह से सजग है। पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है।

### 74 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पिछले तीन सालों में 74 नक्सलियों और उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें एक स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य, पांच रीजनल कमांडर, छह जोनल कमांडर, 20 सब जोनल कमांडर व 17 एरिया कमेटी सदस्य हैं। इन नक्सलियों पर दो करोड़, 11 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

**40 नक्सली मारे गए**

**तीन सालों में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ में 40 नक्सली मारे गए। इनमें दो स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य, दो रीजनल कमेटी सदस्य, एक जोनल कमांडर, पांच सब जोनल कमांडर, पांच एरिया कमांडर व 25 सदस्य शामिल हैं। इन मारे गए नक्सलियों पर एक करोड़ नौ लाख रुपये का इनाम घोषित था। संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्र में कमी झारखंड में पहले की अपेक्षा नक्सल प्रभावित इलाकों में संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या में कमी आयी है। 2019 के लोकसभा चुनाव के वक्त राज्य में 1861 अति संवेदनशील, 3470 संवेदनशील और 25994 सामान्य मतदान केंद्र थे। इस साल अति संवेदनशील 1422, संवेदनशील 9265 व सामान्य मतदान केंद्रों की संख्या 20256 हैं।**

## न्यूज बॉक्स

### गृह विभाग ने जिलों में विधि व्यवस्था के लिए राशि आवंटित की

**रांची।** राज्य के सभी जिलों में विधि-व्यवस्था के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 2.15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इसे लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जाएगी।

**इस जिले में इतनी राशि आवंटित**

**देवघर : 15 लाख, दुमका : 15 लाख, पाकुड़ : 04 लाख, गोड्डा : 20 लाख, साहिबगंज : 04 लाख, जामताड़ा : 04 लाख, रांची : 20 लाख, खूंटी : 05 लाख, लोहरदगा : 04 लाख, रामगढ़ : 10 लाख, बोकारो : 15 लाख, हजारीबाग : 20 लाख, कोडरमा : 05 लाख,पलामू : 04 लाख, गढ़वा : 04 लाख, लातेहार : 04 लाख, चतरा : 04 लाख, जमशेदपुर : 05 लाख, चाईबासा : 15 लाख, सिमडेगा : 05 लाख, धनबाद : 15 लाख, सरायकेला : 10 लाख, गुमला : 04 लाख, गिरिडीह : 04 लाख रुपये। कुल : 2.15 करोड़ रुपये**

### मुख्य सचिव ने नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का दिया निर्देश



रांची। मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा है। ताकि, किसी जगह पानी की समस्या हो, तो लोग इसके जरिये अपनी समस्या रख सकते हैं। मुख्य सचिव ने टैंकरों से जलापूर्ति अधिक से अधिक कराने को कहा है। नए टैंकरों की खरीद के लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया संपन्न कराने का भी निर्देश दिया है। विगत दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भी ये बातें उन्होंने सभी निकायों को कही थीं। मुख्य सचिव ने इसके अलावा चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने को कहा है। इसके लिए नगर विकास राशि उपलब्ध कराएगा। राज्यभर के जलाशयों, जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें विकसित करने का भी निर्देश उन्होंने दिया है। रांची नगर निगम को जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त 20 टैंकर और खरीद की स्वीकृति भी दी गई है। मुख्य सचिव ने नगर विकास एवं पेयजल विभाग को आपस में समन्वय कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है। इसके लिए लांग टर्म एवं शॉर्ट टर्म की पेयजलापूर्ति की योजनाएं बनाने का निर्देश नगर विकास विभाग के अधिकारियों को दिया है।

### स्वीप अंतर्गत मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**रांची ।** स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता को लेकर रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागर में मतदान जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, प्रशासक, नगर निगम अमित कुमार, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी रांची सदर उत्कर्ष कुमार एवं रांची जिला के विभिन्न रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान सर्वप्रथम नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव द्वारा चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कई आवश्यक जानकारी दी गयी। मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर पेड लीव की व्यवस्था की गयी, सभी लोग पोलिंग डे पर बूथ पर पहुंचे। इसे लेकर उन्हें जागरुक करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। वोटर स्लिप मिलने के बाद मतदान से पहले अपना बूथ अवश्य देख लें कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची द्वारा उपस्थित लोगों को चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी गयी। उन्होंने कहा कि 25 मई 2024 को रांची लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। मतदान से पहले संबंधित बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम एग्जाम के एक दिन पहले परीक्षा केन्द्र देखने जाते हैं, उसी तरह मतदाता सूची मिलने के बाद मतदान से पहले अपनी सहूलियत के लिए अपना बूथ जरुर देख लें।

### 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो' के मूल मंत्र से जीतेंगे सभी सीटें : कर्मवीर सिंह



**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी बूथ कार्य विभाग की बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त सभी 14 लोकसभा के संयोजक एवं सह -संयोजक उपस्थित रहे। जिसमें बूथ स्तर पर चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं इस आम चुनाव में पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आम चुनाव 2024 में एक बार फिर से बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बूथ जीतो- चुनाव जीतो के मूल मंत्र पर काम करती है और हमारे कार्यकताओं की बूथ स्तर पर सक्रियता ही हमारी ताकत है। साथ ही उन्होंने सभी से क्षेत्र में जाकर पन्ना प्रमुखों से अपनी भूमिका के निर्वहन में लग जाने की बात कही। प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकताओं की कार्यों को एक बार फिर से धरातल पर उतारने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही हमारी विशेषता है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है,जिसमें आचार संहिता की आड़ में जिला प्रशासन पर उत्पीड़न का लगाया आरोप लगाया गया है।सौंपे ज्ञापन में जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि भाजपा कार्यकताओं के घरों पर लगाए झंडे और बैनर को प्रशासनिक अधिकारी जबरन हटवा रहे हैं। जो लोग झंडा-बैनर नहीं हटा रहे हैं उनपर केस करने की धमकी दी जा रही है। कई लोगों पर केस भी किया गया है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि सहमति और लिखित होने पर किसी भी राजनीतिक दल का झंडा लगया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव और प्रकाश झा शामिल थे।

## 400 पार की सफलता में मीडिया विभाग की अहम भूमिका : कर्मवीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा कार्यालय के सभागार में प्रदेश मीडिया प्रबंधन, मीडिया संपर्क विभाग के लोकसभावार बनाये गये संयोजक, सह - संयोजक एवं प्रदेश मीडिया प्रबंधन के सहयोगी कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग के लगाये गये कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की गई एवं आमचुनाव 2024 में पार्टी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में मीडिया प्रबंधन की भूमिका पर जोर दिया गया।




बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि इस चुनाव में मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग में लगाये गये पार्टी के कार्यकताओं की सजगता एवं तत्परता से ही हम पार्टी के 400 पार सीटों के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी से अपनी-अपनी जिम्मेवारी के प्रति तत्पर रहने की बात कही।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदीप सिन्हा ने भी मीडिया प्रबंधन के कई तकनीकी बिंदुओ से कार्यकताओं को अवगत कराया। बैठक का संचालन एवं विषय प्रवेश मृत्युंजय शर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रुप से सरोज सिंह, अशोक बडाईक, अजय राय, संदीप वर्मा, तारिक इमरान, रंजीत चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, संजय पोद्दार, सतीश सिन्हा, प्रिंस कुमार, मृत्युंजय कुमार, पशुपति कुमार पारस, प्रेम झा, प्रीतम कुमार, संतोष कुमार, शिवकुमार मिश्रा, अभय कुमार सिंह, कामेश्वर पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, जयनारायण प्रसाद उपस्थित रहे।

## देश के संचार माध्यमों और मीडिया हाउस पर मोदी सरकार का कब्जा : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के पदाधिकारियों, वार रूम के पदाधिकारियों, सोशल मीडिया पदाधिकारियों, अग्रणी संगठन मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे।

**चुनाव में मीडिया की भूमिका सबसे अधिक : मीर :** इस क्रम में उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है मीडिया विभाग के सदस्यों की भूमिका चुनाव के दौरान तो महत्वपूर्ण है, लेकिन चुनाव के पहले की तैयारी मीडिया विभाग से जुड़े नेताओं पर ही होती है। आज के दौर में अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम मीडिया ही है। जनता के साथ सीधा संवाद इसी माध्यम से होता है। यही कारण है कि मोदी सरकार के खास नुमाइंदों ने पिछले एक दशक के दौरान विभिन्न माध्यमों से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कब्जा करने की कोशिश की है। इसमें वह काफी हद तक सफल भी रहे। लेकिन आम जनता की आवाज को कांग्रेस उठाती रही और यही कारण है।




### मेनिफेस्टो को राज्य की सभी भाषाओं में करें जारी

बैठक में गुलाम अहमद मीर ने पूरे मीडिया विभागों के कार्यों का विवेचना किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि पांच न्याय 25 गारंटी तथा कांग्रेस के मेनिफेस्टो को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए झारखंड में बोली और लिखे जाने वाली सभी भाषाओं में अनुवाद कर लोगों तक पहुंचने के लिए आवश्यक तैयारी करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि चुनाव के दौरान विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रदेश स्तर के प्रवक्ताओं की नियुक्ति प्रभारी के रूप में जिला एवं लोकसभा स्तर पर किया जाए, ताकि वह जिला और लोकसभा स्तर के प्रवक्ताओं से समन्वय स्थापित कर सके।

## लोकसभा चुनाव को लेकर कोर कमेटी की बैठक

# जिसे सांसद चुनकर लोकसभा भेजते हैं वही हमारे अधिकारों का विरोधी : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा कोर कमेटी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर हुई। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में लोकसभा और विधानसभा में आरक्षित सीटों पर तो झारखंडियों को उम्मीदवार राजनीतिक दल बनाते हैं। लेकिन जनरल सीटों में मूलवासी सदानों की हक के लिए आवाज उठाने वाले लोगों को दर किनार कर दिया जाता है। राजेन्द्र प्रसाद ने झारखण्ड की राजनीति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में राजनीतिक दलों के द्वारा लोकसभा और राज्यसभा की टिकट बेचने की चर्चा पूरे झारखण्ड में हो रही है। यह झारखण्ड के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि सदान समुदाय से आने वाले अगड़ी-पिछड़ी दलित और सवर्ण को उनका अधिकार मिले ,इसको लेकर मूलवासी सदान मोर्चा राजनीतिक चेतना जगाने के लिए मूलवासी सदानों के बीच जाकर बैठकों और नुक्कड़ सभा आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि हम जिस व्यक्ति को वोट देकर लोकसभा भेजते हैं, वही व्यक्ति हमारे अधिकारों के खिलाफ में काम करता है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे लोगों को लोकसभा में पहुंचने नहीं दिया जाएगा।



**15 अप्रैल से राज्य का दौरा**

लोकसभा चुनाव को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पूरे राज्य में 15 अप्रैल से दौरा करने का निर्णय लिया गया। कोर कमेटी में यह भी निर्णय हुआ कि राजनीतिक चेतना और अधिकारों को लेकर गांव-गांव में छोटी-छोटी सभा कर लोगों को जागृत किया जाएगा।

**सदानों की अनदेखी महंगा पड़ेगा सियासी दलों को :** क्षितीश कुमार राय ने कहा मूलवासी सदानों की बात करने वालों की अनदेखी करना राजनीतिक दलों को महंगा पड़ेगा।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों के विचार : राजेश ठाकुर

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस के घोषणा पत्र पर की गई टिप्पणी पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी आगामी चुनाव में अपनी जाती हुई सरकार को देखकर पूरी तरह से विचलित हो गए हैं। कांग्रेस का मेनिफेस्टो आम आदमी का मेनिफेस्टो है जिसे देश के युवा, बेरोजगार, किसान, महिला, शोषित- गरीब, छात्रों को केंद्र बिंदु बनाकर तैयार किया गया है और मोदी के गले यही बात नहीं उतर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो पिछले दो वर्षों के दौरान राहुल गांधी द्वारा पूरे देश का दौरा कर लाखों लोगों की बातों को सुनकर उनके दुख दर्द को समझ कर उनकी परेशानियों को दूर करने वाला समाज के लिए एक न्यायिक दस्तावेज है, जिसमें जो गारंटी कांग्रेस द्वारा दी गई है, उसे केंद्र में सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के 10 वर्ष के शासनकाल में जितने अत्याचार देश की जनता पर हुए हैं ।

# भाभी घर पर हैं, मैदान में नहीं : बसंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा नेता निशिकांत दुबे के दावे पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई और राज्य सरकार के मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि यह सांसद निशिकांत दुबे की अपनी सोच है, वो बीच बीच में इस तरह की बात करते रहते हैं। जेएमएम परिवार से बड़ा कोई परिवार इस राज्य में नहीं है, जिस कारण हमला सभी करते है। इसके बारे में मैं फिलहाल ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। भाजपा सांसद कुछ-कुछ राय बीच-बीच में देते रहते हैं तो ये उनकी व्यक्तिगत राय है । बसंत सोरेन रविवार को जामताड़ा में पहुंचे थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा। दुमका से भाजपा की टिकट पर बड़ी भाभी के चुनाव लड़ने पर बसंत सोरेन ने कहा कि सीता सोरेन घर पर उनकी बड़ी भाभी हैं, चुनावी मैदान में नहीं हैं। मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि पार्टी और परिवार ने 15 साल विधायक बनाकर सीता सोरेन को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने तीन बार उन्हें विधायक बनाया और सम्मान देने का काम किया। वहीं सीता सोरेन द्वारा दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच की मांग करने के मामले में बसंत सोरेन ने कहा कि सीता सोरेन खुद तीन बार विधायक रहीं हैं। सत्र के दौरान उन्होंने सीबीआई जांच की मांग कभी विधानसभा में नहीं उठाई। आज वह दूसरे दल में शामिल हो गई हैं तो वह सीबीआई जांच की मांग कर रही हैं।

बसंत सोरेन ने कहा कि इसके पीछे कौन लोग हैं यह समझ सकते हैं और उनकी मंशा क्या है यह भी समझा जा सकता है।

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक रामनवमी के जुलूस के मार्गों का किया निरीक्षण

# रुट लाइन के सड़क किनारे रखे ईंट बालू व पत्थर को हटाने का दिया निर्देश

◆सड़क मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों के डालियों,अव्यवस्थित बिजली के तारों आदि को व्यवस्थित करने का विभाग को हिदायत दी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में प्रशासनिक अमला रामनवमी पर्व के मद्देनजर रामनवमी जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ हजारीबाग के तमाम जुलूस मार्गों का मुआयना किया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों के डालियों,अव्यवस्थित बिजली के तारों आदि को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया साथ ही जुलूस मार्गों पर बैरिकेटिंग का आकलन करते हुए रुट लाइन के सड़क किनारे रखे ईट, बालू व पत्थर को हटाने का निर्देश दिया। रुट का निरीक्षण पुलिस कंट्रोल रूम, इंद्रपुरी चौक, सदर अस्पताल, पैगोडा चौक, झंडा चौक,महावीर स्थान, ग्वाल टोली चौक, जामा मस्जिद रोड, बुच्चर टोली चौक तथा पेलावल चौक तक किया गया। जुलूस मार्ग इंस्पेक्शन से पूर्व उपायुक्त ने पुलिस कंट्रोल रूम में सभी संबंधित अधिकारीयों के साथ वार्ता कर रूट मार्ग संबंधी विभिन्न अवयवों की जानकारी दी तथा इस दौरान किए जाने वाले कार्यों व सावधानियों से अवगत कराया। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, एसडीपीओ शिवाशिष कुमार, एसडीओ सदर शैलेश कुमार, सदर सीओ मयंक भूषण कुमार, एनडीसी प्रदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## बेयांग की रैयती भूमि पर अवैध रूप से मकान बनाने की थाने में की शिकायत

**रामगढ़ / दुलमी।** दुलमी प्रखंड स्थित बेयांग गांव के एक रैयती भूमि में दबंगई के आधार पर अवैध रूप से मकान बनाने की शिकायत रजरप्पा थाने में की गई है। बता दें कि बेयांग गांव निवासी कुलदीप महतो पिता देवचरण महतो ने रजरप्पा थाने में एक लिखित आवेदन देकर अपनी रैयती जमीन खाता नंबर 147, प्लॉट नंबर 1070, रकवा 60 डिसमिल पर गांव के ही आनंद महतो व उमाशंकर महतो पिता रामदास महतो के जबरन मकान बनाने की शिकायत किया है। शिकायत के बाद रजरप्पा पुलिस बेयांग गांव पहुंची। जबरन घर बना रहे लोगों को काम बंद करने की हिदायत दी। इसके बाद भी मकान बनाने का काम बंद नहीं किया और अब भी मकान बनाने का काम जारी है। रोके जाने पर गली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देते हैं। कुलदीप महतो ने बताया कि मेरे पिता देवचरण महतो 1952 में 1.35 एकड़ जमीन खरीदी थी।

दूधिया रोशनी से नहाया श्रीदस का प्रांगण, प्रारंभ हुआ एसपीएल

## श्रीदस प्रीमियर लीग स्कूली खिलाड़ियों को देगा एक अच्छा प्लेटफार्म : अब्दुल मन्नान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शनिवार को देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में डे नाईट श्रीदस पब्लिक लीग मैच का प्रारंभ हुआ. जिसका शुभारंभ बीएसए मुख्य संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, विद्यालय के मुख्य संरक्षक रंजीत चंद्रवंशी, प्राचार्य रोहित सिंह व उप प्राचार्य विकास सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. मैच को लेकर पूरा मैदान परिसर दूधिया रौशनी में डूबा हुआ था. जिससे खिलाड़ियों को किसी भीं प्रकार की परेशानी नहीं हो. प्राचार्य ने बताया कि यह नॉक आउट टूर्नामेंट है जिसमें कुल 16 टीम हिस्सा ले रही है. इस क्षेत्र के लिए इस प्रकार का पहला मैच है. खिलाड़ियों को किसी भीं प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए स्कूल प्रबंधन पूरी तरह गंभीर है. श्री मनन्नान कहा कि इस प्रकार के प्रयास स्कूली खिलाड़ियों को निश्चित रूप से एक नया प्लेटफार्म देने का काम करेगा. श्री चंद्रवंशी ने बताया कि विद्यालय शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की चौमुखी विकास के लिए सदैव गंभीर रहा है. विद्यार्थियों को कुछ नया करने और सिखाने के लिए प्रबंधन का प्रयास रहता है. इसी सोच का प्रतिफल यह डे नाईट मैच भी है.

## न्यूज बॉक्स

### तराबी समाप्ति के बाद मिलाद का हुआ आयोजन



**बरही ।** पाक माह रमजान के 27वें दिन डुमरियाडीह मस्जिद में तराबी की समाप्ति हुई. इस दौरान हाफिज वो कारी मो तैयब ने रोजेदारों को पाक कुरान शरीफ का मुक्कमल पाठ पढ़ाया. तराबी समाप्ति के बाद मिलाद प्रोग्राम का आयोजन किया गया. कई मौलाना, हाफिज, रोजेदार सहित बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के बरही विधानसभा अध्यक्ष मो कयूम अंसारी ने शिरकत किया. रमजान की मुबारकबाद देते हुए मो अंसारी ने कहा कि खुशी की बात है कि हम सभी पाक माह रमजान में एहतेराम से रहते हुए अल्लाह ताला से सबों की नेकी व बरकत की दुआएं मांगी. इस दौरान सबों ने प्रतिदिन मस्जिद में नमाज व तराबी पढ़ा. सबों से इल्तिजा करते हुए कहा कि यह दौर आगे भी रहे, ऐसी सोच बनाई जानी चाहिए. रमजान के बाद भी सभी कोई नमाज पढ़ें. एक दूसरे के नेकी और बरकत की दुआओं के फरियाद करे व भाईचारगी के साथ रहें. इसके साथ ही सभी कोई अपने मां-बाप का एहतेराम करे. बिना उनके एहतेराम का दुआ भी कुबूल नही होती है और जन्नत के दरवाजे बंद होते हैं. कार्यक्रम के अंत में सबों ने एक दूसरे से गले लग कर माहे रमजान की मुबारक दिया.

### यूथ विंग ने रोजेदारों के बीच तरबूज व बुजुर्गों के बीच लुंगी का किया वितरण



**हजारीबाग।** जिले के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शनिवार देर शाम सरदार चौक के मजार के समीप रमजान माह में दूसरी बार तरबूज एवं लूंगी का वितरण रोजेदारों के बीच किया गया। बता दें कि हजारीबाग यूथ विंग यह सेवा पिछले 2 वर्षों से निरंतर रूप से करते आ रही है। मोहर्रम त्यौहार में भी संस्था के द्वारा सेवा प्रदान किया गया था। मुस्लिम समुदाय ने इस कार्य के लिए यूथ विंग की सरहाना की। हजारीबाग यूथ विंग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के बड़ा बाजार चौक डिश टीवी ऑफिस के समीप 251 किलो लड्डू महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। जिसमें एकमात्र लड्डू सवा पांच किलो का बनाया जाएगा जो महावीर स्थान स्थित प्रभु श्री राम को भोग लगाया जाएगा। हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी और सदस्य कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि आने वाले विभिन्न त्योहारों में भी हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर लगातार तीसरी वर्ष संस्था के द्वारा भव्य लड्डू महा भोग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस भव्य कार्यक्रम में आप समस्त राम भक्त सादर आमंत्रित। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार उपाध्यक्ष विकास केसरी कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल, प्रिंस कसेरा सहित कई अन्य मौजूद थे।

### कहीं पानी की है किल्लत तो कहीं बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी, लोग परेशान

**रामगढ़।** गर्मी बढ़ने के साथ ही जिले में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। जलस्त्रोतों में पानी सूख रहा है। तो वहीं कुएं व चापानलों में अब लोगों की लंबी लाइन नजर आने लगी है। इसके उलट कई जगहों पर बेतहासा पानी भी बर्बाद किया जा रहा है। आलम यह है कि जिले में कहीं लोग पानी को तरस रहे हैं तो कही रोड पर पानी बह रहा है। कई जगह कंस्ट्रक्शन के काम के कारण बिछी पाइपलाइन टूटने से हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। चार दिन पूर्व ही शहर में मिलोनी क्लब में भी नाली निर्माण के दौरान जेसीबी से गड्ढा खोदते समय वाटर सप्लाई की एक पाइप टूट गई थी। जिस कारण एक तो सड़कों पर हजारों लीटर पानी बह गया। वहीं स्थानीय निवासियों को टूटे पाइप के कारण दो दिनों तक पानी नहीं मिल पाया। इसके अलावा गाड़ी धोने में भी लाखों लीटर पानी नालों में बहा दिया जाता है। जिले में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर सप्लाई के लिए बिछाए गए मोटे पाइप में लीकेज होता रहता है। पतरातू में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू थेरमल के निकट भी पाइपलाइन के जॉइंट के पास हर दिन 24 घंटे पानी का लीकेज होता है।

### बीसीकेयू प्रतिनिधि मंडल ने अरगड्डा जीएम से की वार्ता

**गिद्दी।** बीसीकेयू के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अरगड्डा जीएम संजय कुमार झा के साथ वार्ता की। बीसीकेयू के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने गिद्दी वाशरी का सीटीओ मंगाकर स्लरी और रिजेक्ट कोयला उठाव के लिए वाशरी रोड सेल चालू करने की मांग की है। नेताओं ने कहा कि गिद्दी वाशरी के कोकिंग कोल से नन कोकिंग कोल में तब्दील हो जाने से वाशरी पर संकट के दौर से गुजरने लगा था। जिसे बंद कर दिया गया है। पर गिद्दी वाशरी का काफी स्लरी और रिजेक्ट कोयला अब भी पड़ा हुआ है। इसके उठाव होने से मजदूरों को रोजगार मिलने के साथ साथ कंपनी को भी लाभ होगा। जिस पर जीएम ने सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया है। वार्ता में प्रबंधन की ओर से जीएम संजय कुमार झा, यूनियन से धनेश्वर तुरी, आरडी मांझी, धनु महतो, रामू सिंह, महाबीर बेदिया उपस्थित थे।

### वनकर्मियों ने अवैध कोयला लदे दो वाहनों को पकड़ा

**रामगढ़ / गोला।** गोला मुरी मुख्य मार्ग पर पुरबडीह स्थित वन कार्यालय के सामने बने चेकनाका में बीती रात वनकर्मियों ने अवैध कोयला लदे दो वाहनों को पकड़ा है। इस संबंध में वनकर्मियों ने बताया कि वनकर्मी रात्री गस्ती में थे, इस बीच वाहन नंबर जेएच 10 आर, 9762 व एक ऑटो नंबर जेएच 01डीएल, 3851 को रोककर जांच की गई तो दोनों वाहनों में अवैध कोयला भरा हुआ था। इसके बाद वनकर्मियों ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। वनकर्मी वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच दोनों वाहन के चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर भाग निकले। वनकर्मियों ने दोनों वाहन को जब्त कर लिया है। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कोयला के अवैध कारोबार में जुड़े कारोबारियों व कोयला लदे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### आजसू के कार्यवाहक प्रखंड अध्यक्ष बने अंगद महतो

**रामगढ़ / गोला।** आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने गोला के बरियातु गांव निवासी अंगद महतो को अगले आदेश तक के लिए कार्यवाहक प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, मान्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय महासचिव विजय कुमार साहू, केंद्रीय सचिव सह जिप सदस्य जलेश्वर महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, सचिव नित्यानंद महतो व अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में जिला व प्रखंड कमेटी में बड़े पैमाने पर फेरबदल की गई है।

## एक नजर

### सरहुल मिलन समारोह को लेकर कमेटी का गठन

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** गेगदा गांव में सरहुल पूजा व मिलन समारोह की तैयारी को लेकर जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने हर्ष के साथ प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरहुल महापर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल मिलन समारोह में पतरातू प्रखंड के दर्जनों गांव से प्राकृतिक महापर्व में पूरे वेशभूषा के साथ समारोह में शामिल होंगे। अपनी संस्कृति सभ्यता से पर्व को मनाएंगे। उन्होंने सभी आदिवासियों को 12 अप्रैल को गेगदा मुरकट्टी टोंगरी में पहुंचने का अनुरोध किया। इसके बाद कमेटी का गठन हुआ। इसमें मेला समिति के अध्यक्ष मुखिया सह प्रदेश महासचिव संदीप उरांव, सचिव आदित्य केरकेट्टा, कोषाध्यक्ष सुभाष उरांव, अभिषेक कच्छप, संरक्षक मुखिया विजय मुंडा, पूर्व जिला पार्षद झरी मुंडा को बनाया गया।

### राज्य में सभी सीटों पर भारी बहुमत से जीतेगा एनडीए : रोशनलाल

**रामगढ़।** आजसू पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी की आवश्यक बैठक रामगढ़ जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। वहीं, बतौर विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंदीय महासचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, केंद्रीय सचिव मनोज महतो, केंद्रीय सचिव जलेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव धनेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव भोला तुरी, केंदीय सचिव तापेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव सह जिप सरस्वती देवी इत्यादि उपस्थित थे।

◆बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को किया गया पुरस्कृत

# मेहनत ही सफलता की कुंजी है : प्राचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गंगपाचो स्तिथ डिवाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अर्धवार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ साथ शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती एवं प्राचार्या स्वाती ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत किया गया और सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी। प्राचार्या ने अभिभावकों को बच्चों को अनुशासित करने, निरंतर उत्साहित करने की प्रेरणा प्रदान की। प्राचार्य ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। लेकिन बिना अभिभावकों के त्याग और समर्पण के सफलता हासिल करना नमुमकिन है। मेधावी छात्र सम्मान समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी का श्रेय जितना शिक्षकों को दिया उतनी ही अपने माता पिता को दिया। वहीं अभिभावकों ने कहा कि हमारे बच्चों ने परिश्रम से गौरवान्वित किया है। सम्मानित होने वाले बच्चे वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में राधिका कुमारी, सुधांशू साव, रुक्मणि कुमारी, ऋषि कुमार राम, सुहानी कुमारी, शीतल कुमारी, आयुष कुमार, मो असद चिरंजन कुमार, शिवम कुमार, हेमन्त कुमार, सोफिया परवीन, आनंद कुमार, आदित्य गुप्ता, राजकुमार, सुधांशू कुमार, अश्विन राज, भूमिका कुमारी, क्रिसनन्दन प्रसाद आदि रहे। निदेशक ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए स्कूल इस प्रकार के कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित करता रहेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

# कल से चैत्र नवरात्र घोड़े पर आएंगी मां दुर्गा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ / रजरप्पा** चैत्र नवरात्र में इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं। कहा जाता है कि घोड़े पर सवार होकर माता रानी का आगमन शुभ नहीं माना जाता। इससे देश-दुनिया में कई गंभीर परिणाम देखने को मिलते हैं। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो रही है, जो कि 17 अप्रैल तक रहेगी। चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इन दोनों योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 32 मिनट से लेकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह 05 बजकर 06 मिनट तक है। साथ ही चैत्र नवरात्र पर अश्विनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है। नवरात्रि के नौ दिन बहुत ही पावन माने जाते हैं। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, लेकिन इस बार नवरात्रि में मां दुर्गा के आगमन की सवारी अनहोनी की ओर इशारा कर रही है। इसकी जानकारी देते हुए बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोंढ़ के मिथलेश तिवारी ने बताया कि दरअसल इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं।

# वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** आने वाली ईद और रामनवमी पर्व को देखते हुए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने रक्तदाताओं के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में लगातार 5 दिनों तक रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूरा करने की कोशिश की है। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया। शिविर का शुभारंभ कुमार आकाश ने रक्तदान कर किया तत्पश्चात अरविंद कुमार, कुलदीप प्रसाद, रानी कुमारी, अशोक महतो, राजू यादव, संतोष पांडे ,अजय कुमार, विकास कुमार यादव ,शुभम हंसदा, सुशांत सिंन्हा, ए अंसारी और दिलीप कुमार कुशवाहा ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्ज्वल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हे सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।बता दें कि वर्तमान में 268 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को मेडिकल कॉलेज द्वारा रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है ।

# भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा-आजसू गठबंधन प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने 7 अप्रैल को विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके कोठार चौक पहुंचने पर नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा-आजसू गठबंधन प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में विपक्ष के पास कोई ठोस योजना नहीं है कि किस प्रकार देश का विकास हो और लोगों के काम आ सके। जबकि एनडीए की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश का तेजी के साथ विकास किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसी शख्सियत हैं जिनके कुशल नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा पूरे विश्व में बढ़ी है। उन्होंने कहा आप सबों को कमल फूल छाप पर मुहर लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में मजबूत करना है। इस क्रम में श्री जायसवाल का कोठार चौक पहुंचने पर नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान मनीष जायसवाल छत्तर मांडू, कुंदरूकलां, कुरूम, बूढ़ा खुखरा, मुर्रामकला, तेलियातु, करकाकाना, घुटूवा, हेहल, अंबाटांड़, चैनगड्डा, नया नगर सीसीएल कॉलोनी, रोबा कॉलोनी, सेंवटा, राउता, मरार, रांची रोड आदि क्षेत्रों में गए और लोगों से समर्थन मांगा। मौके पर हजारीबाग लोकसभा सह संयोजक रणंजय कुमर उर्फ कुंटू बाबू, विजय जायसवाल, मनोज सिंह, अवधेश सिंह, अमित सिंह, ललन सिंह, रौशन सिंह, रोहन साव, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा पूरे विश्व में बढ़ी है

जूलुस रामनवमी व लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन गंभीर

# सुरक्षा व शांति बनाए रखने के लिए पुलिस हर मोर्चे पर है तैयार : एसडीपीओ

◆मतदान के दौरान मत खरीद फरोख्त को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है.




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** महापर्व रामनवमी और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. मतदाताओं की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है. इसके लिए लगातार बूथ स्तर पर क्षेत्र भ्रमण कर जायजा लिए जा रहे हैं. हर एक संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की जानकारियां ली जा रही है. आने जाने वाले प्रत्येक संदिग्धों पर ध्यान रखा जा रहा है. उक्त बातें सीडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने रविवार को एक खास मुलाकात में कहीं. छुट्टी के बाजूद भी एसडीपीओ रविवार के दिन भी कार्यालय में अपने कर्मियो के साथ कार्य निपटाने में व्यस्त थे. उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान मत खरीद फरोख्त को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है. इसके साथ ही मतदान के पूर्व लोभ या लालच देने वाले राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर निगरानी रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष दस्ता बना रखा है. ग्रामीण क्षेत्र के अशिक्षित मतदाताओं को पैसे व शराब से मत खरीदने वाले उम्मीदवारों पर पुलिस प्रशासन की विशेष नजर होगी. उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते अनुमंडल क्षेत्र के सभी सीमावर्ती मार्गो पर चेकपोस्ट लगाए गए है. जहां लगातार आने जाने वाले वाहनों सहित संदिग्धों पर ध्यान रखी जा रही है. वाहनों का लगातार जांच किया जा रहा है. शराब व मादक पदार्थ के व्यापारियो के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी है. इसके साथ ही गंभीर मामले के अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्फतारी की जा रही है. उन्होंने आम लोगो से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने या किसी भी प्रकार के अवैध कार्य करने वालो की जानकारी देने की अपील किया है.

## श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा व महासचिव बनें रविंद्र साहू

**रामगढ़।** श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति मरार ग्रामवासियों की बैठक शनिवार को मरार राम ग्लास के अंजनी टेंट हाउस के समीप शिव शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन बीरबल साहू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मरार रामनवमी स्थल पर धूमधाम से रामनवमी पूजा मनाने, आकर्षक झांकी और लाठी प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कमेटी का विस्तार करते हुए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा, महासचिव रविंद्र साहू, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर बेदिया, उपाध्यक्ष पवन कुमार, महावीर रजवार, सह सचिव राजेश प्रसाद, लोचन प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष उमेश बेदिया, संरक्षक खोगेन्दर साहू, केडी मिश्रा, विजय नंदन मिश्रा, दिगंबर प्रसाद, उमेश प्रसाद साहू, सुशील साहू को बनाया गया। बैठक में विशेष रूप से दिगंबर साहू, गुप्तेश्वर मिश्र, पारस मिश्रा, दीपक मिश्रा, लोचन साव, महावीर रजवार, रामाशीष करमाली, संजय रजवार, महावीर करमाली, सुरेंद्र रजवार, नंदकिशोर राम, समीर कुमार आदि लोगों उपस्थित थे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक संपन्न

## चुनाव में हम उसी दल को समर्थन देंगे जो हमारे समाज के हितों की बात करेगा : अरूण कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक 7 अप्रैल को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा के सिन्हा मार्केट स्थिति आवासीय परिसर में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने की। बैठक में अभाकाम के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य सहित सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष व महामंत्री शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव काफी अहम है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अभाकाम उसी दल को समर्थन देगा जो हमारे समाज के हितों का ख्याल रखेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि इधर देखा जा रहा है कि कुछ दलों द्वारा हमारे समाज के हितों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हम देख रहे हैं कि हमारे समाज के लोगों को राजनीति में जो भागीदारी दी जानी चाहिये थी वह नहीं मिल रही है। इसलिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि जो दल हमारे समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगा और हमारे समाज के हितों का ख्याल रखेगा हमलोग लोकसभा चुनाव में उसी दल को समर्थन देंगे। जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में कायस्थ समाज के लोगों का अहम योगदान था।

## एक नजर

### कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता विजय टोप्पो का निधन

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के डोभापानी गांव निवासी विजय टोप्पो का शनिवार को निधन हो गया। पूर्व शिक्षक सह पूर्व वार्ड सह कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता विजय के असमायिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। विधायक भूषण बाड़ा सहित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। विधायक ने कहा कि विजय बेक के निधर से कांग्रेस परिवार के अलावे समाज को भी काफी क्षति हुई है। उनकी कमी हमेशा खलेगी।

### सदर अस्पताल सिमडेगा में लगाया गया विधिक जागरूकता शिविर

**सिमडेगा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वाधान मे रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सदर अस्पताल सिमडेगा मे किया गया ।जिसमे मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ अजित खलखो मौजूद थे, जिनके द्वारा स्वास्थ्य संबंधित जानकारिया दी गयी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की और से असिस्टेंट एलएडीसीएस अधिवक्ता सुकोमल द्वारा महिला स्वास्थ्य के चुनौतीपूर्ण कारक एवं लैंगिक अपराधों से स्वास्थ्य संबंधित जानकारिया साझा की गयी ।मौके पर अस्पताल मैनेजर अलका कुल्लू पीएलवि सदस्य दीपक कुमार, पुनीता कुमारी एवं स्वास्थ्य कर्मी तथा साहिया उपस्थित थे।

### महिला को घायल करने वाले दो दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

**कोडरमा।** महिला को मारकर गंभीर घायल किए जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार सिंह की अदालत ने दो दोषियों को तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसमें 27 वर्षीय सिकंदर राणा, पिता- प्रयाग राणा और 55 वर्षीय खूबी राणा, पिता- प्रयाग राणा, बेहराडीह, डोमचांच, कोडरमा शामिल हैं। साथ ही 10 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर चार माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि कोर्ट ने 323, 341, 448 और 504 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए कारावास की सजाएं सुनाई और जुर्माना लगाया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। कोर्ट ने किशोरी देवी, सुमंती देवी को साक्षय के अभाव में रिहा कर दिया।

### चुनाव को लेकर डीडीसी ने बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक

**चंदवारा ।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखंड के सांस्कृतिक भवन में डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। बैठक में बीडीओ कनक, सीओ अशोक कुमार भारती, चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार समेत सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक आदि मौजूद थे। बैठक में 80 से उपर आयु वाले वृद्ध मतदाता, दिव्यांग मतदाताओं का शत- प्रतिशत वोटिंग कराने पर विशेष चर्चा की गई।

---

○ चैती दुर्गा पूजा सह नवरात्र महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

# शांतिपूर्ण तरीके से चैती दुर्गा पूजा मनाने का लिया गया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल माँ वनदुर्गा मन्दिर परिसर में चैती दुर्गा पूजा सह वासन्तिक नवरात्र दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर वनदुर्गा पूजा समिति की एक बैठक हुई । बैठक में मन्दिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, कीर्तन मण्डली को न्योता देने, साधु महात्माओं को न्योता देना, पम्पलेट वितरण कर लोगों जानकारी देने, दो स्थान पर साइकिल स्टैंड बनाकर लोगों को देखरेख की जिम्मेवारी देने, प्रसाद वितरण की जिम्मेवारी, भंडारा की जिम्मेवारी के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया ।इस मौके पर 14 अप्रैल की सन्ध्या से रंगारंग नागपुरिया संगीत कार्यक्रम आयोजित करने पर भी विचार विमर्श किया गया । जिसमें नागपुरी के मशहूर गायक चंदन , कायूम अब्बास, लक्मन सिंह, उर्मिला महंतों, खुशी कुमारी,सुहाना देवी, सोनी कुमारी, बरखा कुमारी, बसंती कुमारी, डांसर केए राज एवं रोहिणी, मशहूर मांदर साम्राट हुलास महतो एवं अन्य लोगो को आमंत्रित किया गया है ।इस मौके पर जहुरण सिंह, केशरी सिंह, कैलाश सिंह, नीलाम्बर महतो, जगरनाथ सिंह, मनोज सिंह के अलावे अन्य लोग मौजूद थे ।

# जिले के 3200 मतदान कर्मियों की ड्यूटी का किया गया प्रथम रैंडमाइजेशन




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त कर्मियों का प्रथम रैंडमाइजेशन एनआइसी में हुआ। उपायुक्त की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त लगभग 3200 कर्मियों का आज प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया की सभी महत्वपूर्ण कार्य दायित्व की व्यावहारिक प्रशिक्षण सभी कर्मियों को मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रपत्रों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन करके जनपद में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सुरक्षित चुनाव संपन्न कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इसे लेकर पीठासीन व मतदान कर्मियों दिया जाएगा प्रशिक्षण। एनआईसी कक्ष में रेंडमाइजेशन के वक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीआईओ, ईडीएम व अन्य उपस्थित थे।

○ सिमडेगा शहरी क्षेत्र में पागल कुत्ते ने मचाया आतंक

# डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को बनाया शिकार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा शहरी क्षेत्र में रविवार को पागल कुत्ता के द्वारा जमकर आतंक मचाते हुए करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को शिकार बनाया। बताया गया की केलाघाघ रोड स्थित नैगम टोली, भट्टीटोली, बाजारटोली, गढाटोली शाहिद आसपास के कई लोगों को निशाना बनाते हुए गंभीर रूप से काटकर घायल कर दिया। पहली घटना पहले सुबह की है जहां पर पावर हाउस के पास घनश्याम केसरी नामक व्यक्ति को जांघ में काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं इसके अलावा एक छोटी बच्ची को भी अपने चपेट में लिया इसके अलावा एक बाइक सवार को भी पैर में काटा। इसके अलावा

**कुत्ते का आतंक**

सिमडेगा पुलिस लाइन में कार्यरत पुलिस जवान जाबिर हुसैन मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे जिसे काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया इसके अलावा पावर हाउस निवासी नीति कुमारी नामक छोटी से बच्ची को भी घायल कर दिया वहीं इसके अलावा भट्टी टोली बाजार टोली के जसिंता बरला, नैगम टोली निवासी जेलु केरकेट्टा कुल मिलाकर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ता के द्वारा अपना निशाना बनाते हुए काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद सभी घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद सभी को एंटी रेबीज की इंजेक्शन दी गई।

# जनता के प्रत्येक वोट का निष्ठा पूर्वक हिसाब दूंगा : अकेला

**नवीन मेल संवाददपाता। बरही** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का बरही विस क्षेत्र में रविवार से तूफानी दौरा प्रारंभ हुआ. जिनका पदमा, चौपारण व बरही में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. इस दौरान मुख्य रूप से बरही के स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे. इसी क्रम में श्री पटेल का बरही चौक पर जोरदार स्वागत हुआ. इसी दौरान श्री पटेल ने बरही चौक पर चुनावी कार्यालय का भी उदघाटन किया. इसके बाद पैदल मार्च करते हुए नगर भवन पहुंचे. जहां महागठबंधन के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के बीच अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि अब तक राजधानी रांची में जनता की आवाज को बुलंद किया है. अब देश की राजधानी दिल्ली में उठाने का अवसर दें. जनता के प्रत्येक वोट का निष्ठा पूर्वक हिसाब दूंगा. संसदीय क्षेत्र में अन्याय और शोषण नहीं होने दूंगा. कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2024 का चुनाव शोषण और तानाशाह के खिलाफ है. जहां गरीब व किसानों को दबोचने और पूंजीपतियों को इलेक्ट्रोल बांड जैसे महाघोटाला कर सहयोग करने का काम किया जा रहा है. झामुमो बरही विस केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तानशाह अपना चुकी है. एन केन प्रकारेन सत्ता हथियाना उनका उद्देश्य हो चुका है. विधायक अकेला ने कहा कि गरीब दलित के संरक्षण व तानाशाह शासन के खिलाफ एक होने का समय आ चुका है. केंद्र की भाजपा नीत सरकार ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग कर दमनकारी हथियार बनाया है. इससे बचने के लिए इंडिया गठबंधन के पास जनता रूपी म्यान है।

## एकलव्य विद्यालय में नामांक के लिए विभिन प्रखंडों के 107 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में रविवार को एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए नामांकन परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में जलडेगा प्रखंड के 87 और बांसजोर प्रखंड के 20 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि दोनो प्रखंड को मिलाकर कुल 22 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को कदाचार मुक्त पूर्ण कराने के लिए केंद्र में स्थानिक दंडाधिकारी- सह - केंद्र प्रेक्षक के रूप में अरुण कुमार पांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक के रूप में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोमनाथ उरांव, पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार दास, और अजय कुमार सहित पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट अमित आशीष डुंगडुंग के साथ पुलिस बल के जवान थे।

# बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा गांव में मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा थाना क्षेत्र के के लेटाबेड़ा गाँव के पास रविवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक घायल घायल हो गया घायल युवक को इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लेटाबेड़ा गाँव के पास अनल सोरेंग पिता राजेश सोरेंग ने मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया बताया गया कि वह ग्राम मालसाडा पुजार टोली के रहने वाले है वे अपने दोस्तों के साथ अनल सोरेंग का जन्म दिन पर दनगद्दी घूमने आया था ,अचानक मोटरसाइकिल सड़क के किनारे पीसीसी नाली में चला गया और अनियंत्रित होकर गिर गया। घायल को उनके दोस्तों में बोलबा असपताल इलाज के लिए लाए गए । डॉ देबोतोष भुटिया की देख रेख में इलाज किया जा रहा है ।

### प्रवासी मजदूरों के नाम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लिखा पत्र

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग सहित अन्य संबंधित कोषांगों द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के वैसे प्रवासी मतदाता जो रोजगार अथवा किसी कारणवश अन्य राज्यों में रह रहे हैं उन सभी प्रवासी मतदाताओं के नाम पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी प्रवासी मतदाताओं से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में उनके मतदान के महत्व को समझते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की है।

## रामनवमी पूजा को लेकर बैठक आयोजित

# महापर्व धूमधम से मनाने का लिया गया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** महापर्व रामनवमी पूजा को लेकर पिंटू कुमार की अध्यक्षता में शनिवार देर शाम शिव मंदिर परिसर में बैठक की गई। जिसमें सर्वसमिति से रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पांडे मुकेश केसरी सचिव संजय प्रसाद शैलेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष परमानंद दास अनिल कुमार गुप्ता को बनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष आदित्य प्रसाद ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवी मनाया जायेगा और लोगों को हिदायत दी गयी।

वहीं कमेटी के संरक्षक बंसी प्रसाद, राजू सिंह, राजेंद्र बडाईक, विजय ठाकुर, राजेंद्र सिंह, रामायण पांडे, रवि साव को बनाया गया जबकि संयोजक शैलेश कुमार, अनिल लाल, नरेंद्र बडाईक, विजय महतो, प्रबंधन समिति अमित डुंगडुंग, पप्पू शाह ,संतोष सिंहा, अजय ठाकुर, अमन कुमार, सचिन सिंह, रोहित कुमार शाह, उमेश केसरी, बिंदेश्वर भगत ,जय कुमार, आकाश दास, राहुल दास, नीतीश कुमार, मंटू शाह, धनंजय ठाकुर, सुभाष कुमार, हेमंत कुमार, पिंकू कुमार एवं अन्य को बनाया गया।

**19 एवं 20 अप्रैल को 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन :** समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद ने बताया 17 अप्रैल दिन बुधवार रामनवमी को शिव मंदिर परिसर में झंडा का पूजा किया जाएगा एवं दोपहर 3:00 से शोभा यात्रा निकाला जाएगा जो अपने निर्धारित मार्गो से होकर गुजरेगी। जिसमें बाजार टोली, राइबहार, खजूरटाड़, जोराम, रिपो टोली, अलसंगा अखाड़ा समिति भाग लेगी एवं वापसी शिव मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा समाप्त हो जाएगी। 19 अप्रैल से शिव मंदिर परिसर में अखंड हरी कीर्तन हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का 24 घंटे का जाप किया जाएगा। जिसमें उड़ीसा एवं अन्य जगह की कीर्तन मंडली भाग लेगी जिसकी पूणार्हुति 20 अप्रैल रविवार को होगी ।तत्पश्चात दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी ग्रामवासी एवं कीर्तन मंडली महाप्रसाद प्राप्त करेंगे।

### पुराना सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन




**रामगढ़।** शहर के पुराना सदर अस्पताल में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में बालिकाओं ने रक्तदान कर समाज कल्याण के क्षेत्र में अहम योगदान दिया। शिविर में अतिथि के रूप में डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ उदय श्रीवास्तव एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक के पैथोलोजिस्ट डॉ रेणु उपस्थित थे। शिविर के सफल आयोजन में ब्लड बैंक के अजय चित्रां, सोनी, गुलाबी, अनिशा ,झारखंड मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम निरेख दुबे, उपाध्यक्ष अजीत मंडल, सचिव टिकेश्वर प्रसाद कुशवाहा, विवेक कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार सिन्हा, रवि शेखर सिंह, सुनील यादव, अमरजीत भारती, मुकेश कुमार सिन्हा आदि ने योगदान रहा ।

# बानो क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू का उठाव जारी, पुलिस प्रशासन मौन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखण्ड में अबैध रूप से बालू का उठाव व बिक्री बेखौफ जारी है। रविवार को भी बालू तस्करों को बालू ले जाते देखा गया। प्रखण्ड के कोनसोदे ,जराकेल, बरबेडा गिरदा के टोनिया नदी में बालू का उठाव जारी है रविवार कोयल नदी से बालू का उठाव करते देखा गया ।महाबुवांग थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से बालू का उठाव प्रतिदिन की जा रही हैं ।ट्रैक्टर मालिको का कहना है कि सभी से बात कर ली गई है,गौरतलब बात ये है कि कई ट्रैक्टरों में गाड़ी नम्बर भी उल्लेख नही रहता है ।फिर भी बेधड़क सड़को में चल रहे है प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए हैं प्रखण्ड में कई जगह कार्य चल रहे है ।रेलवे में, जलमीनार, पीसीसी पथ ,मोबाइल टॉवर आदि। प्रतिदिन हजारो रुपये की राजस्व चोरी हो रही हैं ।इधर टोनिया नदी में रात के अंधेरे में धड़ल्ले से बालू का उठाव जारी है रात के अंधेरे में बालू तस्कर धड़ल्ले से प्रशासन की आंख में धूल जोकर बालू को उठाओ कर रहे हैं लेकिन इस मामले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कुंभकर्णी नींद सो रही है।

## न्यूज बॉक्स

### आपसी रंजिश में 65 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से की हत्या

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह मोड़ स्थित वर्तमान निवासी 65 वर्षीय शांति देवी, पति स्वर्गीय राजेश्वर साहू की धारदार हथियार से दिनदहाड़े हत्या कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोकबा निवासी लगभग 22 वर्षीय बजरंग साहू ने अपनी आपसी दुश्मनी को लेकर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया। मृतक की बहु (पतोहु) रुक्मिणी देवी ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वो बाजार से सब्जी लेने के लिए गई हुई थी। उसके घर में उनकी सास, एक बेटा औ? दो बेटियां थीं। जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वह बाजार से भागे-भागे घर पहुंची, घर पहुंचने पर पता चला की बोकबा निवासी बजरंग साहू घर आया था और मारपीट करने लगा, उसने बेटियों को भी नहीं छोड़ा वह उनपर भी वार किया हालांकि बीच बचाव में उनके हाथ और पैर में बस हल्की चोट लगी है। वहीं उनकी सास को धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया, मौके पर कोलेबिरा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की छानबीन कर रही है। इधर आरोपी युवा मौके से फरार है पुलिस छानबीन कर रही है।

### भाजपा नेताओं ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान



सिमडेगा। प्रखंड कोचेडेगा पंचायत के भंडार टोली में रविवार को भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के द्वारा लोगों को लाभार्थी योजना के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई एवं केंद्र में फिर से मोदी जी की सरकार बनाने के लिए लोगों को अवाहन किया। श्री बेसरा को ग्रामीणों के द्वारा पानी की समस्या को लेकर चापाकल खराब होने की जानकारी दी गई । उन्होंने तत्काल खराब चापकल को मरम्मती करने के लिए विभाग को जानकारी देते हुए मरम्मती करने के लिए कहा। मौके पर जिला से ओमप्रकाश साहू, दीप नारायण दास, अमरनाथ बाम्बलिया, चंदन कसेरा, बाबुल साहा ओम प्रकाश शर्मा,करन सिंह, लालदेव बड़ाईक, रंजीत साहु, कमलेश गोप, एवं ग्राम के अनेकों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कीटनाशक पीकर दो युवकों ने किया आत्महत्या का प्रयास



**सिमडेगा।** सिमडेगा में छोटी-छोटी बातों पर कीटनाशक भीक आत्महत्या करना इन दिनों आम बात हो गई है, लगातार जिले में प्रत्येक दिन कहीं ना कहीं आत्महत्या करने का प्रयास के मामले सामने आते हैं ,इसके बावजूद लगातार मामले आ रहे हैं। रविवार को दो अलग-अलग जगह से कीटनाशक पीकर युवकों ने आत्महत्या का प्रयास किया। पहला मामला कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोढाटोली गांव की है, जहां पर विकास तिर्की नामक युवक ने अपने ही घर में कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया ।बिगड़ती तबीयत देख कोलेबिरा लाया गया ,जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा, जहां पर उसकी इलाज चल रही है। इधर आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला। वहीं दूसरी घटना केरसई थाना क्षेत्र के रेंगारबहार गांव की है जहां पर विनोद बारीक नामक 32 वर्ष से युवक ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। सिमडेगा सदर अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा इलाज करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने सदर अस्पताल से रांची रेफर कर दिया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर



**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरसलोंगरी मोड़ के पास रविवार को दोपहर में मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो तीन लोग गिरकर घायल हो गए घायलों में दो लोगों को गंभीर रूप से चोट लगी ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के केरसई टोरोटोली सुनीत खेस एवं मित्तल खेस एवं अंकित किसी काम को लेकर बोलबा की और गए थे और लौट रहे थे, इसी दौरान मोड में अचानक नियंत्रण खोकर तीनों युवक बाइक से गिरे, जिसमे सुनीत खेस को माथे पर गहरी चोट लगी ,जबकि मित्तल खेस के माथे में चोट एवं एक पैर टूट गया है घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा लाया गया ,जहां पर डॉक्टर के द्वारा इलाज करने के बाद घायलों की स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल ससिमडेगा रेफर कर दिया ।इधर-उधर अस्पताल में इलाज के बाद घायलों की स्थिति को देखते हुए राजधानी रांची रेफर कर दिया।

### जंगली हाथी ने बानो के उकौली में दो घरों को किया क्षतिग्रस्त, अनाज भी बर्बाद



**बानो।** प्रखंड के उकौली पंचायत के कर्राजरा गांव शनिवार रात्रि जंगली हाथी ने दो घरों को क्षतिग्रस्त किया तथा घर में रखे अनाज को खाया घटना शनिवार देर रात की है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार झंडु से विच्छड़ा जंगली हाथी कर्राजरा गांव पहुंच गया तथा तोते सिंह व भोला सिंह के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया घर में रखे अनाज को भी खा गया घटना की जानकारी होने पर अखिल भारतीय समाज विकास परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह घटनास्थल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी लिया. जानकारी होने पर वन विभाग की टीम ने भी घटनास्थल पहुंचकर क्षतिपूर्ति की जानकारी ली वनपाल विवेक कुमार ने बताया कि जंगली हाथी के द्वारा कर्राजरा गांव में दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया क्षतिपूर्ति का आकलन करते हुए अग्रतर कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन सिमडेगा भेज दिया गया है।

## एक नजर

### पिकअप वैन पलटने से पांच लोग घायल

**घाटशिला।** धालभूमगढ़ नेशनल हाईवे- 18 पर जय रामडीह के पास बहरागोड़ा से सब्जी लेकर आ रहा पिकअप वैन का टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। वैन में सवार पांच सब्जी विक्रेता घायल हो गया। सभी घायलों हाईवे पेट्रोल की गाड़ी ने तत्काल घाटशिला अनुमंडल अस्पताल ले गया। जांचों उपरांत अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक ने पांचों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया। परंतु परिजन सभी को निजी स्तर से बारीपदा के लिए ले गए। सभी सब्जी विक्रेता बहरागोड़ा के मौदा गांव के रहने वाले हैं। पिकअप वैन में कुल 8 लोग सवार थे।

### युवक की मौत का खुलासा नहीं होने पर चुनाव से दूर रहेंगे ग्रामीण

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के लेंगडीह में छह मार्च की अहले सुबह मिली 19 वर्षीय युवक करण महतो की लाश का रहस्य अबतक नहीं सुलझ पाया है। वैसे करण की लाश एनएच 32 पर मिली थी, जिसके कारण प्रथम दृष्टया उसकी मृत्यु का कारण सड़क दुर्घटना बताया जा रहा था। लेकिन मृतक करण महतो के परिजनों ने अनुसार शव के गले में किसी धारदार हथियार से हमला करने का निशान था। परिजनों का कहना है कि हत्या के बाद करण महतो के शव को एनएच 32 में लाकर फेंका गया था, ताकि हत्या को दुर्घटना का रूप दिया जा सके।

### कार पलटी, बर्थडे मनाने जा रहे 6 युवक घायल दो की हालत गंभीर

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के चिरूडीह में बाइक को बचाने के चक्कर में एक एसयूवी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में छह लोग घायल हो गये, जिसमें दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमसीएच रेफर किया गया है। घटना रविवार की सुबह करीब लगभग 9:45 बजे घटी। धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग में धनबाद के मनईटांड से महिंद्रा केयूवी 100 बीआर 02 पीए 7573 से छह युवक राम राज मंदिर चिटाही धाम जा रहे थे।

## लहरगोड़ा, बेरदोंगा तथा कोल्हरिया में चला जनसंपर्क अभियान

# भाजपा की नीतियों से गरीब परेशान, कोडरमा से विनोद सिंह को जिताएं : राजेश यादव

### लोगों ने माले के लिए दिया चुनाव संघर्ष कोष







**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले का कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जन संपर्क अभियान जारी है। आज सुबह गांडेय प्रखंड सचिव मेहताब अली मिर्जा, माले जिला कमिटी सदस्य संजय चौधरी तथा माले नेता छोटेलाल यादव की अगुवाई में गांडेय प्रखंड के लहरगोड़ा, गिरिडीह प्रखंड के बेरदोंगा तथा बेंगाबाद प्रखंड के कोल्हरिया में जन संपर्क अभियान चलाकर लोगों से इंडिया प्रत्याशी भाकपा माले के कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने की अपील की गई। माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, भाजपा कंपनियों से चंदा लेकर उन्हें जल-जंगल-जमीन से लेकर देश की सार्वजनिक संपत्तियां हवाले कर रही है और उन्हें लूट की खुली छूट दे दी गई है।

इससे देश की बबार्दी हुई है। युवाओं को रोजगार नहीं मिला। किसान-मजदूर का अधिकार छीना गया। भाजपा की नीतियों से गरीब परेशान हैं। ऐसे में लोगों को एकजुट होकर भाजपा को हराना होगा। श्री यादव ने लोगों से विनोद सिंह को जिताने तथा चुनाव संघर्ष में सहयोग देने की अपील की। मौजूद लोगों ने अपना मत और चुनावी कोष में प्रति परिवार ?20 सहयोग देने का एलान किया। मौके पर जीवन हेंब्रम, जोगो हेंब्रम, बड़कू, राजेश हेंब्रम, संजय हेंब्रम, रमेश हेंब्रम, सुरेश हेंब्रम, अजीत हेंब्रम, हीरो हेंब्रम, चुड़का हेंब्रम, लोबिन हेंब्रम, मुंशी हेंब्रम, हेमलाल हेंब्रम, सुनील हेंब्रम, बड़की देवी, संझली देवी, अनिता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## बाल श्रम को लेकर मुखिया एवं महिलाओं ने दुकानदारों को किया जागरूक

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत में आज रविवार को जागरूकता रैली निकाल बाल श्रम रोकने के लिए दुकानदारों को जागरुक कर पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी ने बालश्रम नहीं करने के लिए अपील की। साथ ही सभी दुकानदारों के दुकान के आगे पोस्टर चिपकाए। पोस्टर के माध्यम से कहा गया कि सभी छोटे-बड़े व्यापारी घरेलू एवं निजी कार्य में बच्चों की उम्र 18 वर्ष तक किसी प्रकार की बाल मजदूरी करवा रहे हैं तो यह 1986 बाल-श्रम निषेद कानून के तहत अपराध है.दुकानदारों से निवेदन है कि 18 वर्ष तक के कम उम्र के बच्चों से काम करवाना कानूनन अपराध है। यदि कोई कानुन के विरुद्ध जाकर बच्चों से श्रम बाल मजदूरी करवाता है तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसके तहत 2 साल की कारावास के साथ साथ 25 हजार रुपए तक का जुमार्ना का प्रावधान है।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




**चांडिल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला व अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से नीमडीह व ईचागढ प्रखंड में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों स्वास्थ्य से संबंधित अहम जानकारी दिए जाने के साथ विभिन्न कानूनों की भी जानकारी दिया गया। इसके साथ ही प्राधिकार के पीएलवी की ओर से सरकार की ओर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। ईचागढ़ प्रखंड के लेपाटांड गांव में रविवार को पीएलवी कार्तिक गोप ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देने के साथ पौष्टिक आहार लेने और नशापान से दूर रहने की अपील किया गया। मौके पर ग्रामीण महिलाओं को कानूनी जानकारी दिया गया। इस अवसर पर छुटुलाल उरांव, कृष्ण मोहन उरांव, खुदीराम उरांव, पानोसरी उरांव, सिरो देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### नामांकन प्रवेश परीक्षा में 891 में 41 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**चांडिल।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आश्रम व अन्य विद्यालयों में नामांकन के लिए रविवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में कुल 891 परीक्षार्थियों में 41 अनुपस्थित रहे। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से कक्षा छह, सात और आठ में नामांकन के लिए परीक्षा आयोजित किया गया। परीक्षा के लिए चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में दो परीक्षाकेंद्र बनाया गया था। इनमें एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चांडिल और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बानसा शामिल है। शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए परीक्षाकेंद्रों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। परीक्षार्थियों के बैठने के लिए सीट का निर्धारण पहले ही कर दिया गया था। परीक्षाकेंद्रों में सीट प्लान और परीक्षा कमरे के अनुरूप वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया था। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के दो परीक्षाकेंद्रों में हुई परीक्षा में कुल परीक्षर्थी 891 में 41 अनुपस्थित रहे। मिली जानकारी के अनुसार एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चांडिल परीक्षाकेंद्र पर कुल परीक्षार्थी 561 के स्थान पर 558 ही परीक्षा में शामिल हुए। वहीं उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बानसा में कुल परीक्षार्थी 330 के स्थान पर 312 ने ही परीक्षा लिखा। आश्रम व अन्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चांडिल में चांडिल, नीमडीह और कुकडू प्रखंड क्षेत्र के परीक्षार्थियों का परीक्षाकेंद्र बनाया गया था। वहीं उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बानसा में ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षाकेंद्र बनाया गया था।

## अल अमीन एकेडमी का मुखिया सब्बीर अंसारी ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तेलोडीह पंचायत में अल अमीन एकेडमी शिक्षण संस्थान का उदघाटन फीता काटकर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया तेलोडीह सह प्रखंड अध्यक्ष मुखिया संघ गिरिडीह, तथा विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अनवर अंसारी, सिकदारडीह मुखिया प्रतिनिधि महताब मिर्जा, पंचायत समिति सदस्य आमिर अली, मुस्तफा अंसारी, आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अल अमीन एकेडमी के डायरेक्टर मो० शमशाद अंसारी, मो० मुर्शीद अंसारी को मुबारकबाद दिया, तथा सराहना की की ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की स्मार्ट क्लास के साथ शिक्षण संस्थान की स्थापना की ताकि यहां के और आस पास के बच्चे आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मिसाल कायम करेंगे और पंचायत और देश का नाम रोशन करेंगे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर व्यवहार न्यायालय परिसर में योग शिविर आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद के आदेशानुसार आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से की गई। जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारी, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, पी एल बी ने व्यवहार न्यायालय परिसर में योग में शामिल हुए।

3सचिव महोदया सोनम बिश्नोई के द्वारा बताया गया की योग एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है इकट्ठा होना, बांधना। योग से मन को शांति मिलती है। तनाव मुक्त जीवन होता है। सारे शरीर की थकान दूर होती है। रोग मुक्त शरीर होता है। वजन में कमी होती है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन व्यवहार न्यायालय में परिसर में किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के 113 सदस्य देश हैं। इसकी स्थापना 7 अप्रैल 1948 में की गई। इस वजह से विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में 7 अप्रैल को ही चुना गया।

## लोन के नाम पर महिलाओं से लगवाया अंगूठा 25 से 30 लाख निकालकर ग्रुप लीडर फरार



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**
माइक्रो फाइनांस कंपनी के द्वारा गरीब महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मामला रेलवे फाटक से सटे झुग्गी झोपड़ी की है। बताया जाता है कि गरीब महिलाओं को लोन उपलब्ध कराने के नाम पर ग्रुप लीडर के द्वारा अंगूठा लगाकर 25 से 30 लाख रुपए की ठगी की गयी है। उक्त कंपनी की ग्रुप लीडर जहीरा बेगम के द्वारा इस धोखाधड़ी के मामले को अंजाम दिया गया है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद महिला समूह की सदस्यों की परेशानी बढ़ गयी है। बैंक के अधिकारी मौके पर पहुंचकर उनसे पैसे की भी मांग कर रहे हैं। मौके पर पीड़ित और उनके परिजनों ने बताया कि जहीरा बेगम के द्वारा महिलाओं को बताया गया कि उनके नाम पर लोन स्वीकृत हुआ है।

## पत्नी छोड़ कर चली गई, तो फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी थाना क्षेत्र के चिलगिली में पत्नी के छोड़ जाने के वियोग में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। वहीं मृतक चिलगिली निवासी 32 वर्षीय विनोद बर्णवाल पिता गंदौरी लाल है। जानकारी के अनुसार विनोद बर्णवाल का विवाह 12 वर्ष पूर्व हुआ था। लेकिन उसे कोई संतान नहीं था। पांच माह पूर्व उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई। जिसके कारण वह अधिक तनाव में रहने लगा था। इसी बीच शनिवार की रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में गया और अपनी माँ से फोन पर बातचीत की। उसके माता - पिता बेलवाना के सलगाडीह स्थित पुराने घर में रहते थे।

## गुदड़ी के वनग्राम रोवाउली हतानदा में जंगली हाथी ने एक घर किया क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**
पश्चिमी सिंहभूम जिला के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी में हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान है. हाथियों का झुंड ग्रामीणों के घर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ अनाज को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे ग्रामीण काफी भयभीत है। शनिवार देर रात लगभग एक बजे गुदड़ी प्रखंड की दाड़ियो कमरोड़ा पंचायत के वनग्राम रोवाउली हतानदा में एक हाथी ने गांव के कानुराम मुंडा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे कानुराम मुंडा व परिवार के सदस्यों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। द्व

इस संबंध में पीड़ित कानुराम मुंडा ने बताया की शनिवार देर रात एक हाथी घर के बाहर आ पहुंचा। इसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ किसी तरह घर से बाहर निकाल कर अपनी जान बचाई। इस दौरान हाथी ने उसके घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे अब रहने की दिक्कत हो गई है।पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है.बता दे की तीन दिन पहले शुक्रवार देर रात भी एक हाथी ने गुदड़ी प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र स्थित कमाय गांव में गलाय लोमगा नामक व्यक्ति का घर क्षतिग्रस्त कर दिया था.साथ ही घर में रखे अनाज को भी नष्ट कर दिया था। किसी तरह ग्रामीणों ने हाथी को खदेड़ कर भगाया था। इधर हाथियों के आतंक से ग्रामीण काफी भयभीत है।

## डीलर दासो महतो की मौत पर संघ के लोगों ने किया गहरा दुख व्यक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत टाटो गांव के डीलर दासो महतो के निधन पर पीडित परिवार से लवकुश जागृति मंच, डीलर संध के लोग व निवर्तमान विधायक नागेन्द्र महतो मिले । बता दें कि डीलर की मौत रविवार के अहले सुबह हो गयी। वे अपने पीछे पत्नी समेत पूरा परिवार छोड़ गये। इस दुःखद समाचार सुनकर कई दलों के नेता व डीलर संघ के लोग पहुंचकर मृतक परिवार से मिले तथा गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया । साथ ही मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए । वहीं मुखिया विष्णुदेव वर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद से ही इन्होंने अपने गाँव, समाज का सफल नेतृत्व के लिए सामाजिक कार्यो में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते रहे और गांव समाज को आगे बढ़ाते रहे। और वर्ष 1985 से पंचायत में एक डीलर (जन वितरण प्रणाली के दुकानदार )के रूप में भी सेवा देते रहे । आज इनके मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है। वही डीलर संघ के लोगो ने बताया कि दासों महतो के मौत हो जाने से संघ ने एक होनहार सदस्य को खो दिया है जिसका क्षतिपूर्ति कभी नही हो सकती है।उक्त मौके पर बासुदेव वर्मा, बरमसिया पंचायत मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा,सुरेन्द्र वर्मा,देवनारायण शर्मा, सदानंद वर्मा वर्ड सदस्य राजेन्द्र प्रसाद, एवं वही डीलर संघ से शक्ति कुमार पाण्डे,हरिहर दास साबिर अंसारी, राजकुमार साव, धानेश्वर साव, एतवारी साव, घनश्याम महतो,तुलसी दास, सुखदेव यादव, भुनेश्वर राम,के के शर्मा, भुनेश्वर मोदी , राजेन्द्र लोहानी, शमीम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आपत्तिजनक पोस्ट मामले में युवक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले के गांडेय थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले पोस्ट मामले में एक युवक की गिरफ्तारी हुई है। एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए रविवार को नसीर हुसैन (पिता नौशाद अंसारी) को गिरफ्तार किया। युवक गांडेय थाना क्षेत्र के घाटकुल गांव का रहने वाला है। आरोपी नासिर हुसैन पर देवघर जिले के पथरोल थाना क्षेत्र में गठित हुई मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर 27 मार्च को सोशल मीडिया वॉट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और दूसरे समुदाय की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप है।

### सिदगोड़ा में स्वर्णरेखा नदी से मिला व्यक्ति का सड़ा-गला शव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बाबूडीह लाल भट्टा के पास स्वर्णरेखा नदी से रविवार सुबह एक शव पाया गया। शव देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम हाउस से शीत गृह में रखवा दिया है।

## विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान हुई मौत, परिजनों को सौंपा गया शव

### जमीन विवाद के मामले में न्यायिक हिरासत में था राम प्रसाद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
अंडर ट्रायल केस के दौरान केंद्रीय कारा गिरिडीह में बंद एक कैदी की रांची के रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद पोस्टमार्टम कर रविवार को उसका शव तिसरी थाना लाया गया। जहाँ परिजनों को शव सौंप दिया गया। हालांकि परिजन किसी बात को लेकर काफी समय तक आना - कानी हुई। अंततः परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए तिसरी के पहाड़पुर स्थित अपने गांव चले गए।

मृतक 74 वर्षीय राम प्रसाद सिंह देवरी थाना कांड संख्या 59/2009 का अभियुक्त था। बताया गया कि जमीन विवाद मामले में अभियुक्त राम प्रसाद सिंह को देवरी पुलिस ने वर्ष 2022 में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद अंडर ट्रायल केस के तहत उन्हें न्यायिक हिरासत में केंद्रीय कारा गिरिडीह में रखा गया था। इस दौरान बीते 6 मार्च को उनकी तबियत अचानक खराब हो जाने के कारण उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह ले जाया गया। जहाँ 5 दिनों के इलाज के बाद उन्हें वापस जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

जेल कंपाउंडर संतोष कुमार ने बताया कि रामप्रसाद सिंह को टीबी की बीमारी थी। दोबारा उनकी तबीयत बिगड़ने पर 15 मार्च को फिर से सदर अस्पताल में उन्हें भर्ती करवाया गया जहां से चिकित्सकों ने इलाज के बाद उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनियुक्ति मार्गरक्षी बल के साथ उन्हें रांची रिम्स ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान 5 अप्रैल को उनकी मौत हो गई।

## इनरव्हील क्लब गिरिडीह ने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच की वस्त्र और खाद्य सामग्री वितरित

### महिलाओं को दी साड़ियां और खाद्य सामग्री




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
इनर व्हील क्लब गिरिडीह द्वारा कार्मेल स्कूल के पीछे ,मिशनरीज ऑफ चैरिटी द्वारा संचालित प्रेमदान में गाँव की 100 जतुरतमंद और गरीब महिलाओं को साड़ी सेट , साबुन और खाने की सामग्री दी गई।साथ ही प्रेमदान में रहने वाले मरीजों को भी क्लब द्वारा गमछा साबुन और खाने की वस्तुएं दी गई। साथ ही क्लब द्वारा ठंडे पानी की सुविधा हेतु दो घड़े भी दिए गए । इनर व्हील के शताब्दी वर्ष में क्लब द्वारा सौ की संख्या में कई सेवाकार्य किये गए ।

इसी के तहत आज 100 महिलाओं की मदद की गई । वस्त्र और खाद्य सामग्री पाकर सभी महिलाओं और पुरुषों ने क्लब की सदस्याओं के प्रति आभार प्रकट किया । मौके पर क्लब अध्यक्षा रेखा तर्वे, अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर प्रभा रघुनन्दन, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रश्मि गुप्ता, पास्ट प्रेसिडेंट चँचल भदानी, अगले सत्र की अध्यक्षा डॉक्टर रुपाश्री खैतान, क्लब सदस्या उमा गुप्ता, सोनी कंधवे, आराधना और साध्वी सिंह आदि मौजूद रहीं।

## एलएडीसी प्रमुख सुरेंद्र प्रसाद ने मंडल कारा में बंदियों से की मुलाकात

**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वाधान में एलएडीसी के प्रमुख सुरेंद्र प्रसाद, उप प्रमुख सुरेन्द्र प्रसाद दास और सहायक एलएडीसी रत्नेश कुमार ने स्थानीय मंडल कारा में आवासित बंदियों से मुलाकात कर उनके विरुद्ध मामलों की जानकारी ली। उनके बीच सामान्य कानूनी जानकारी भी प्रदान किया। प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के पहले और दूसरे रविवार को प्राधिकार के द्वारा मंडल कारा में यह कार्यक्रम संचालित किया जाता है। जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बंदियों को माननीय उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार निशुल्क विधिक सहायता प्रदान किया जाना है।

## चाईबासा जिले के डीएमएफटी फंड में गृह मंत्रालय ने शुरू की लूट की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। किरीबुरु**
झारखंड राज्य के पश्चिमी सिंहभूम जिला में विकास राशि की लूट में शामिल सफेदपोस नेता, अधिकारी और अभियंताओं की खैर नहीं है। पश्चिमी सिंहभूम जिला में डीएमएफटी फंड को सांसद निधि और विधायक निधि की तरह जिला प्रशासन ने योजनाओं की अनुशंसा करा कर अभियंताओं की मिलीभगत से लूट की गई है। इसकी जांच केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय के द्वारा जांच रिपोर्ट तैयार किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। यह मामला पूर्व डीसी अरवा राज कमल के समय और विशेष कर तत्कालीन डीडीसी संदीप बक्शी के समय काल में विकास राशि की लूट की जांच भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बिपिन पूर्ति की शिकायत पर होने की जानकारी मिल रही ह। बिपिन पूर्ति ने राज्यपाल को लिखित रूप में शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही भाजपा के द्वारा गृह मंत्रालय को भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। संदीप बक्शी के कार्यकाल में डीएमएफटी फंड में व्यापक पैमाने में लूट हुई है। गृह मंत्रालय को भेजी गई रिपोर्ट में यह भी कयास लगाया जा रहा है कि तत्कालिन डीडीसी संदीप बक्शी का इस पूरे प्रकरण में मुख्य भूमिका रही है। संदीप बक्शी का डीडीसी में पदस्थापन कराने में जिला के तीन विधायकों ने अनुशंसा की थी। तत्कालिन डीडीसी संदीप बक्शी ने अपने लूट कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माननीय लोगों को भी शामिल किया था। संदीप बक्शी के गाईड लाईन में डीएमएफटी की राशि कार्यपालक अभियंताओं के द्वारा संवेदकों से वसूली की जाती थी। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सुनील नाथ, वर्तमान कार्यपालक अभियंता जितेन्द्र पासवान के साथ साथ बीसीडी के कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई के अभियंता ने मुख्य भूमिका निभाई है। गृह मंत्रालय को भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट में किस अभियंता, अधिकारी और माननीय की भूमिका रही है। इसकी जानकारी सामने आने तक जिला के राजनीतिज्ञों में हड़कंप मचा हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह ने चाईबासा में आयोजित एक सभा में साफ शब्दों में डीएमएफटी फंड की लूट की जांच की बात कही थी।

**ताकत शारीरिक शक्ति से नहीं आती है ; यह अदम्य इच्छाशक्ति से आती है. : महात्मा गांधी**



# अप्रैल में लू एक गंभीर चेतावनी

अप्रैल शुरू होते ही एक तरफ मौसम विभाग ने चेताया कि गर्मी और लू का असर झेलने के लिए तैयार हो जाएं, तो दूसरी तरफ केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने भी राज्यों को बता दिया है कि बढ़ती गर्मी पर निगाह रखें और लोगों को इससे सतर्क रहने के लिए जागरूक करें। झारखंड के पलामू,पूर्वी सिंहभूम जैसे इलाकों,गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, खासकर यहां शहरों में तपन का एहसास समय से पहले और सीमा से अधिक है। धनबाद,जमशेदपुर और पलामू प्रमंडल सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तपना शुरू हो गया है जो कई छोटी-मंझोली नदियों का घर है और कभी घने जंगलों के लिए जाना जाता था, बुंदेलखंड की तरह तीखी गर्मी की चपेट में है। हरित प्रदेश कहलाने वाला यह इलाका आने वाले दशकों में बुंदेलखंड की तरह सूखे-पलायन-निर्वनीकरण का शिकार हो सकता है। जिन क्षेत्रों में शहरीकरण का विस्तार तेजी से हुआ, वहां लू और गर्मी का विस्तार अधिक हुआ। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, देश के अलग-अलग हिस्सों में अब हर साल लगभग 272 दिनों को 'लू - दिन' के रूप में दर्ज किया जा रहा है। तकनीकी भाषा में इसे 'अर्बन हीट आइलैंड' अर्थात शहरी ताप द्वीप कहा जा सकता है। जब किसी शहर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले तापमान अधिक बढ़ जाता है, तो उसे अर्बन हीट आइलैंड कहते हैं। ऊंची इमारतें, छायादार पेड़ों की कमी, जल-निधियों जैसे तालाब-जोहड़ और नदी के दायरे का घटना-ऐसे कारण हैं, जो शहर में गर्मी की मार को जानलेवा बना देते हैं। इसके कुप्रभावों को चौगुना करने में कंकरीट से बनी ऊंची इमारतें, एयरकंडीशनर से निकलने वाली गर्मी, वाहनों से उत्सर्जित ऊष्मा और यातायात थमने से उपजी गैस भी शहरों को तपा रही हैं। जलवायु पारदर्शिता रिपोर्ट-2022 के अनुसार, वर्ष 2021 में भीषण गर्मी के चलते भारत में सेवा, विनिर्माण, खेती और निर्माण क्षेत्रों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। गर्मी बढ़ने से 167 अरब घंटे संभावित श्रम का नुकसान हुआ, जो वर्ष 1999 के मुकाबले 39 प्रतिशत अधिक है। इस रिपोर्ट के अनुसार, तापमान में डेढ़ फीसदी इजाफा होने पर बाढ़ से हर साल होने वाला नुकसान 49 प्रतिशत बढ़ सकता है। गर्मी बढ़ेगी, तो समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और इससे उपजने वाले चक्रवात से होने वाली तबाही में भी इजाफा होगा। लेंसेट काउंट डाउन की रिपोर्ट कहती है कि भारत में वर्ष 2000-2004 और 2017-21 के बीच भीषण गर्मी से होने वाली मौतों में 55 प्रतिशत का उछाल आया है। बढ़ते तापमान से स्वास्थ्य प्रणाली पर हानिकारक असर हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। आर्थिक रूप से संपन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते। शहरों का बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट बढ़ाएगा, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी और असमानता का कारक भी बनेगा। गर्मी सिर्फ स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि इससे इंसान की कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है। गर्मी बढ़ने पर पानी, बिजली की मांग के साथ उत्पादन लागत भी बढ़ती है। अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी के शीर्ष वैज्ञानिकों के एक अध्ययन के मुताबिक, बढ़ती आबादी और गर्मी के कारण देश के चार बड़े शहर-दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि बाहरी भीड़ को नहीं रोका गया, तो तापमान तेजी से बढ़ेगा, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित होगा। ऐसे में जरूरी है कि शहरों में रहने वाले श्रमजीवियों को लू-गर्मी के कुप्रभावों से बचाने के लिए अनुकूल परिवेश और कार्य समय निर्धारित किया जाए। मजबूरी में खुले में काम करने वाले लोगों के लिए छांव, साफ पानी की व्यवस्था होनी चाहिए, जिसके लिए सरकार एवं समाज, दोनों को साथ आना होगा। उमस भरी गर्मी और लू से राहत के लिए अधिक छायादार पेड़ों को लगाना जरूरी है। शहर के बीच से बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे, तो ये गर्मी सोखने में सक्षम होंगे। कार्यालयों के समय में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों को पर्यावरण अनुकूल बनाना, ऊर्जा संचयन सहित कुछ ऐसे उपाय हैं, जो कम लागत में शहरों को भट्ठी बनने से बचा सकते हैं। दूरगामी उपाय के तहत शहरों की तरफ बढ़ रहे पलायन को रोकना ही होगा। विकास के नाम पर बिना भविष्य की चिंता किये सड़कें और इमारतें बनाई जाती हैं तो यह विचार नहीं किया जाता कि अगले पचास वर्षों के बाद आबादी या गाड़ियों के दबाव के लिए जगह छोड़ी जाए जिस कारण हर बार पेड़ काटे जाते हैं और फिर लगाए जाते हैं जो पैसों की बबार्दी के अलावा पर्यावरण की बबार्दी का कारण बनता है ।

स्वास्थ्य

# चिकित्सा पद्धति : समन्वित हों, दुश्मन न बने



राकेश दुबे



**भारतीय** जनमानस में एक अजीब भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई है, भरत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद और एलोपैथी आमने समाने खड़ी कर दी गई हैं। यूँ तो झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। बाबा रामदेव कई मायनों में श्रद्धेय हैं। कमोबेश इस दौर के 'योग-पुरुष' हैं, जिन्होंने एक कड़ी साधना को इतना आसान बना दिया है कि औसत पार्क या सभा-स्थलों पर असंख्य लोग योगासन करते देखे जा सकते हैं। नतीजतन स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। ऐसे 'योग-साधक' को सर्वोच्च अदालत में माफीनामा देना पड़े और न्यायिक पीठ उसे स्वीकार करने के बजाय महज 'जुबानी जमा खर्च' करार दे, तो शीर्ष अदालत की इस कड़ी चेतावनी को समझना बेहद जरूरी है। बाबा की कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' एक लंबे समय से भ्रामक प्रचार करती रही है कि उसके पास ग्लूकोमा, मधुमेह, रक्तचाप, अर्थराइटिस और अस्थमा सरीखी घातक बीमारियों के स्थायी इलाज हैं। दरअसल बाबा रामदेव ही पतंजलि के उत्पादों के सार्वजनिक चेहरा हैं। विज्ञापनों में वह दावे करते देखे जा सकते हैं कि उनकी औषधियां साक्ष्य आधारित, शोधपरक और लोगों पर परखी जा चुकी हैं। इन विज्ञापनों के व्यापक प्रभाव भी होते हैं, क्योंकि करोड़ों लोगों की बाबा में आस्था है। बाबा के दावों को सच मानते हुए असंख्य लोग पतंजलि की दवाएं खरीदते और इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन आज बाबा की कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए है। पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निर्देशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं। लोग उनके माध्यम से स्वास्थ्य-लाभ पा रहे हैं। देश की मोदी सरकार ने भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और सिद्ध आदि चिकित्सा प्रणालियों का एक ही मंत्रालय-आयुष-में विलय कर दिया है। 'जन औषधि केंद्रों' के जरिए जेनरिक दवाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेशक स्वास्थ्य की देखभाल में इन प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' को गालियां देते हुए अथवा जहर बेचने वाले करार देकर कोई भी 'आयुर्वेद'को नहीं बेच सकते। विचार का बिंदु है कि जिस देश में नीमहकीमी और विज्ञान-विरोधी मानसिकता अनियंत्रित हो, उसमें नियामक प्रोटोकॉल से कोई भी समझौता कैसे किया जा सकता? एक रास्ता है नियामक संस्थाएं पतंजलि की औषधियों की जांच करें। यह उनका संवैधानिक अधिकार भी है। जांच की प्रक्रिया के बाद अपने निष्कर्ष देश के सामने रखें कि पतंजलि शित आयुर्वेदिक दवाओं का सच क्या है? बाबा रामदेव क्या कोई भी देश, उसके संविधान और कानून से ऊपर नहीं हो सकते। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौरान भी आम लोगों से खिलवाड़ हुआ और कई गलत दावे किए गए। सम्यक जांच होनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत में सुनवाई के दौरान पतंजलि को खूब फटकार भी लगाई गई है। बाबा रामदेव ने फार्मा और मेडिकल इंडस्ट्री की गलत धारणाओं से बचने की चेतावनी देश को दी थी और यहां तक आरोप लगाए थे कि ये जहर बेच रहे हैं, । शरीर के भीतर किसी रोग की गहराई तक पहुंच हो तो उसके लिए आयुर्वेद सहित सभी आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में अनेक अनुसंधान किए जाए। प्राचीन पद्धतियों में अपनी परंपरागत खामियां भी हैं। उन्हें दूर करने के भी प्रयास हों। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निर्देशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं।**

## काव्य कोना

### आदमी की बिसात

आदमी की बिसात तो देखिये
यथार्थ से दूरी बनाने का अंदाजा तो
देखिये सोचिये अहम के भ्रम का,
हाव-भाव से बनाते तीक्ष्ण और
आडंबर के खेल की कहानियों का
क्या कहें? रास्ते में तोला भर के पत्थर
की ठोकर गिरा वर्तमान से भूतपूर्व हो
गया आदमी की बिसात तो देखिये।
व्यथा के कलम से लिखी जिन्दगी की
कहानी कफन में लिपटा भी नहीं
दुविधा बड़ी है अर्थी पर डाले कि
वारिस पहले बनाये
चिता तक ले जाये कि वसूले कर्ज
पहले कर्ज उसका जो भी है सब पर
स्वाहा हो जायेगा यूँ भी
अपने-अपने की रट लगाते
आदमी की बिसात तो देखिए।

■ **नाग मणि**

## आपकी बात

### आम चुनाव



अमित गुप्ता

बीत गए बसंत, अब होंगे वादे अनंत
वो जो दूर हरियालियों में
टंगे पड़े थें
अब सब गिर पड़ेंगे फिर
बन महंत
वैसे ही जैसे पेड़ों से गिरते
हैं आम कुछ पक्के,
अधपक्के व सड़े आम
किंतु ये गिरेंगे आपके पैरों पर तमाम
आप सहर्ष उठाएंगे, पर खा न पाएंगे
आदतन ख्याली ही होंगे ये तमाम
फिर भी आम गिरेंगे, उठेंगे जयचंद
करेंगे सलाम ये कथित भरोसेमंद
कर्ज माफी होगी, सब्सिडी बढ़ेगी
कई योजनाओं की भेंट मिलेगी
भाषणों में, हिंदू - मुस्लिम एक होंगे
होगी अमन व शांति बढ़ेगी भाईचारगी
बड़े से बड़े नेता अब आएंगे गांव
वादे करेंगे - लाएंगे नई बदलाव
पैसे देकर लेंगे सभी को बुलाव
फिर से होगी देश में आम चुनाव

**(शिक्षक सह युवा विचारक )**

### घट गए पनघट

अभी पूरे विश्व में पानी कमी महसूस की जा रही है। हमारा शहर भी इससे अछूता नहीं है। अभी पानी की यह स्थिति है कि गर्मी आने से पहले ही लोग पानी की कमी की चिंता से परेशान हैं। वहीं लगभग तीन दशक पहले तक यहां के पुराने मुहल्लों में पीछे पड़ी खाली जमीन पर पांच फीट खोदते ही पानी निकल जाया करते थे। कुंड मुहल्ले में लगभग हर चार- पांच मकान के बाद घर में एक कुआं अवश्य रहता था। कई कुएं निजी होने के बाद भी सार्वजनिक रूप से प्रयोग में आया करते थे। शहर के मुख्य स्थानों पर कुएं मौजूद थे। अभी सिर्फ बाजार क्षेत्र में लालकोठा के पास का ही कुआं जीवित है। शहर के मुहल्लों के ये कुएं गांव के पनघट की ही रूप हुआ करते थे। सुबह-सुबह उस कुएं पर महिलाएं और पुरूष नहाने और घरेलू काम के लिए पानी भरने आ जाया करते थे। सुबह-सुबह ही उस कुएं पर सभी के घरों की बातें और गांव-देहात की खबर मिल जाया करती थी। यहां तक किस घर में सास-बहू में झगड़ा हो गया है। किसके भाई को नौकरी मिल गई है, किसे लड़की पंसद नहीं है। इस तरह की तमाम बातें इस पनघट पर पता चल जाती थी।

वसंत ऋतु

# देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक है नवसंवत



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**भारतीय** नववर्ष की शुरूआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि, शुक्ल पक्षे समग्रेतु तु सदा सूर्योदये सति। ब्रह्म पुराण में वर्णित इस श्लोक के अनुसार चैत्र मास के प्रथम सूर्योदय पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है। इसलिए यही वो दिन है जब से भारत वर्ष की कालगणना की जाती है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन की थी। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (पड़वा) को मनाया जाना वाला नव संवत्सर पर्व यूं तो हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नववर्ष कहलाता है, लेकिन ये दिवस विशेष भारतीय संस्कृति का परिचायक भी है। यही वजह है कि ये दिवस महज एक नया साल का प्रारंभिक दिवस नहीं बल्कि भारतवर्ष की सदियों और युगों की कई ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक घटनाओं का साक्षी भी है। वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं। युगों में प्रथम सत्य युग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था। कहा जाता है कि नवसंवत्सर कई मायनों में विशेष है, क्योंकि इससे कई ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं। जैसे कि भगवान राम का राज्याभिषेक दिवस, शक्ति की आराधना वाले नवरात्र का आरंभ, शौर्य पर्व वाले विक्रम संवत का प्रारंभ तथा द्वापर युग में प्रारंभ हुए युधिष्ठर संवत का समापन सतयुग में इसी दिन किया गया था, ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ, आर्य समाज की स्थापना का दिवस सहित भगवान झूलेलाल तथा महर्षि गौतम जी का जन्म भी इस विशेष नववर्ष के दिन ही हुआ है। वहीं गुरु अमरदास को भी गुरु गद्दी इसी दिन प्राप्त हुई तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है।**




# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

हालांकि ये वास्तुशिल्प अवशेषों और मॉडलों पर आधारित थे जैसे कि मंदिर के मॉडल में दिखाया गया है, पूर्व-पुनर्स्थापना चित्रों और तस्वीरों से पता चलता है कि कितना आविष्कार किया गया था, जैसे कि दूसरी मंजिल पर प्रवेश द्वार मंडप, चार कोने के शिखर, और बहुत कुछ सतही आभूषण जीर्णोद्धार की इस अवधि और परिसर की आंशिक खुदाई से कई छोटे 'मन्नत' (एक इच्छा से संबंधित) मंदिर और छवियां भी प्रकाश में आईं, जो सदियों से मंदिर के चारों ओर लगातार बनी हुई थीं।



**कई महाबोधिः बोधगया की प्रतिकृति**

बोधगया और महाबोधि मंदिर परिसर की एक महत्वपूर्ण विशेषता पूरे एशिया में इसकी प्रतिकृति है। जिसे 'प्रतिकृति' कहा जा सकता है, महाबोधि मंदिर 13वीं शताब्दी के बाद से पूरे एशिया में बनाए गए थेः म्यांमार में महाबोधि चरण, थाईलैंड में वाट चेत योट, चीन में वुटा सी और नेपाल में महाबुद्ध मंदिर इसके महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। हम जो देख रहे हैं उसे समझाने के लिए आइए इस कैप्शन में और कुछ जोड़ें। महाबोधि मंदिर का मॉडल, 11वीं - 12वीं शताब्दी, बिहार, भारत (मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट) महाबोधि मंदिर का मॉडल, 11वीं-12वीं सदी, बिहार, भारत ( कला का महानगर संग्रहालय ) इनमें से प्रत्येक संरचना बोधगया में महाबोधि मंदिर के रूप की नकल करती है, हालांकि वे शैली, निर्माण तकनीक और सामग्री में भिन्न हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Amar Kant** is with **Kundan Kumar Choudhary** and **10 others.**
28 m ·

पेंटिंग क्लास @ रांँची प्रेस क्लब
इन बच्चों की तन्मयता देखकर बरबस अपने बचपन... See more



Amar Kant and 19 others · 1 comment
Like · Comment · Send · Share

## X- से

**Babulal Marandi (Modi Ka Parivar)** @yourBabulal

प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी ने पिछले 10 सालों में देश में विकास की नई लकीर खींच दी है, जिसकी सराहना पूरा विश्व कर रहा है।

विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर मोदी जी को रोकने का प्रयास कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विपक्ष के इस नापाक मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

@BJP4India @JPNadda @AmitShah @blsanthosh @BJP4Jharkhand

Translate post




5:18 PM · 05/04/24 From Earth · 3.2K Views

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# सहकारिता से मिलेगा करोड़ों को स्वरोजगार



आरके सिन्हा

**अगर** भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तो इसमें सहकारी आंदोलन एक महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। यह एक ऐसी खिड़की है, जहां से सतत आर्थिक विकास की रोशनी लगातार आ सकती है। इसलिए मोदी सरकार भारत में सहकारिता आंदोलन को गति देना चाहती है। सरकार और अर्थशास्त्रियों को पता है कि सहकारिता क्षेत्र के रास्ते भारत संसार की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। निश्चित रूप से इस सेक्टर को इस लक्ष्य के लिए एक बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी और शायद इस क्षेत्र में छुपी अपार संभावनाओं को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का ही गठन कर दिया है। ताकि इसके लिए अलग बजट का प्रावधान किया जा सके। चूंकि, यह क्षेत्र बहुत बड़ा है और इस पर करोड़ों लोगों की निर्भरता है, इसलिए इसका पोषण और संरक्षण भी जरूरी है। देश के 29 राज्यों में लगभग 8,02,639 सहकारी समितियां हैं, और ये अरबों का व्यापार भी कर रही हैं। देश में सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,886 है, जिसमें 1,500 शहरी सहकारी बैंक और 386 ग्रामीण सहकारी बैंक शामिल हैं। ये सहकारी संस्थाएं देश भर में विभिन्न समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेशक, केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उससे पहले देश में सहकारी समितियों स्थिति अच्छी नहीं थी। यहाँ भी भ्रष्टाचार ने अपने पैर गहरे जमा लिए थे। आपसी मिलीभगत के जरिए वित्तीय लेन-देन में कुछ लोग काफी हेरफेर करते रहे थे। प्रबंधन के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई भर होती थी। व्यक्तिगत मतभेद और लड़ाई-झगड़ा तो आम बात थी। और अनावश्यक विवाद डालकर समितियां बंद भी कर देते थे। कुछ बड़े भाग्यशाली समूह मनमानी करते थे और किसानों तथा छोटे उद्यमियों तक काम पहुंच ही नहीं पाते थे। लेकिन, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की निगरानी ने दृश्य बदल कर रख दिया है। कई अहम सुधार किए गए हैं। साथ में जवाबदेही भी तय की जा रही है। बेशक, अमित शाह की इस बात में दम है कि 115 साल पुराने सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए आजादी के बाद ही एक अलग सहकारिता मंत्रालय बना दिया जाना चाहिए था। लेकिन, यह काम तब हुआ जब 2019 में नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सहकारी समितियां आपसी सहयोग से बनाई गई संस्थाएं होती हैं। यह सामूहिकता के सिद्धांत पर काम करती हैं। पूंजी की जुटान साझेदारी की भावना से होती है और उपयोग में दूसरों की मदद करने की भावना होती है। इसकी विशालता और फैलाव का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि इस समय भारत में करीब 2 लाख सहकारी डेयरी समितियां और 330 सहकारी चीनी मिलें चल रही हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

# अब घर बैठे पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू करें

**पासपोर्ट को ऑनलाइन रिन्यू करने के लिए निम्नलिखित चरणों का पालन करें :** 1. **पोर्टल पर प्रवेश करें:** सबसे पहले, भारतीय पासपोर्ट पोर्टल पर जाएं। यहाँ आपको 'ऑनलाइन पासपोर्ट सेवाएं' या 'पासपोर्ट सेवाएं' का विकल्प मिलेगा।




2. **पंजीकरण:** पोर्टल पर पंजीकरण करें और एक खाता बनाएं। अगर आपके पास पहले से ही खाता है, तो उसमें प्रवेश करें।

3. **आवेदन पत्र भरें:** आपको अपने पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा। यहाँ आपको अपना नाम, पता, पिता का नाम, जन्मतिथि, आदि जानकारी देनी होगी।

4. **दस्तावेज अपलोड करें:** आवेदन पत्र भरने के बाद, आपको आवश्यकता होगी अपने दस्तावेज अपलोड करने की। ये दस्तावेज आपकी पहचान के साक्ष्य के रूप में काम करते हैं।

5. **फीस भुगतान करें:** रिन्यू के लिए शुल्क भुगतान करें। आप अपने पासपोर्ट की जानकारी और अन्य आवश्यक विवरणों के साथ फीस का भुगतान कर सकते हैं।

6. **समय स्लॉट बुक करें:** आपको अपने रिन्यू प्रक्रिया के लिए एक समय स्लॉट बुक करना होगा। यह समय आपकी सुविधा के अनुसार चुना जा सकता है। **(क्रमशः)**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# हार्दिक की कप्तानी में मुंबई की पहली जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस ने 29 रन से पहली जीत दर्ज की है। रोहित शर्मा से मिली आक्रामक शुरूआत और रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में धीमा पड़ने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में दिल्ली ने कोशिश की और पृथ्वी शॉ (66) तथा ट्रिस्टन स्टब्स (71) ने लक्ष्य भेदने की कोशिश तो की लेकिन एनरिक नोर्त्जे (32) का आखिरी ओवर भारी पड़ा और दिल्ली को हार का सामना करना पड़ा।

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई के लिए रोहित और किशन ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़े। इसमें रोहित का योगदान अधिक था जिन्होंने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। भारतीय कप्तान ने इशांत शर्मा पर दो चौके लगाकर शुरूआत की और फिर झाई रिचर्डसन की लगातार गेंदों पर छक्के लगाए। चौथे ओवर में उन्होंने अक्षर पटेल का स्वागत छक्के और चौके से किया। रोहित ने एक अन्य स्पिनर ललित यादव पर भी तीन चौके लगाए, जिससे मुंबई पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 75 रन बनाने में सफल रहा।

अक्षर ने हालांकि रोहित को इसके तुरंत बाद बोल्ड करके उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। सूर्यकुमार यादव की वापसी यादगार नहीं रही। एनरिक नोर्किया ने उन्हें खाता भी नहीं खोलने दिया। सूर्यकुमार केवल दो गेंद खेल पाए। उन्होंने लॉफ्टेड ड्राइव खेलने के प्रयास में मिडऑन पर कैच दिया। किशन भी अपनी पारी को लंबा नहीं खींच पाए। उन्होंने अक्षर की गेंद पर वापस कैच थमाने से पहले बाएं हाथ के इस स्पिनर और नोर्किया पर छक्के लगाए। अक्षर में बेहतरीन कैच लेकर उनकी पारी चार चौकों और दो छक्कों तक ही सीमित रहने दी। तिलक वर्मा (06) भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए, जिससे मुंबई की परेशानियां बढ़ गई। इससे रन गति धीमी पड़ गई क्योंकि हार्दिक के क्रीज पर रहने के बावजूद दिल्ली के गेंदबाजों ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया।

डेविड ने रिचर्डसन पर छक्का लगाकर मुंबई के प्रशंसकों में जान भरी। उन्होंने हार्दिक के साथ मिलकर खलील अहमद के आखिरी ओवर में 17 रन बटोरे। नोर्किया के अगले ओवर में भी 16 रन बने लेकिन यह दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज हार्दिक की पारी का अंत करने में सफल रहा। हार्दिक ने बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर कैच देने से पहले अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), टिम डेविड, मोहम्मद नबी, रोमारियो शेफर्ड, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, जसप्रीत बुमराह

**दिल्ली कैपिटल्स :** डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, ललित यादव, झाय रिचर्डसन, एनरिक नॉर्टजे, इशांत शर्मा, खलील अहमद


रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में धीमा पड़ने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।



# आईपीएल में 8000+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने कोहली

**एजेंसी। जयपुर**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। आरसीबी को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास टी20 प्रारूप में किसी एक टीम के लिए 8000+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए आरसीबी के पूर्व कप्तान को 110 रन की जरूरत थी और उन्होंने आईपीएल के सबसे धीमे शतक के दौरान 113 रन बनाते हुए इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है।

विराट आरसीबी के लिए 7,500 आईपीएल रन और 8,000 टी20 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। 242 मैचों में विराट ने 38.27 की औसत और 130 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 7,579 रन बनाए हैं। उन्होंने 113 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 8 शतक और 52 अर्द्धशतक बनाए हैं। आरसीबी के लिए 257 मैचों में विराट ने 38.29 की औसत और 131.54 की स्ट्राइक रेट से 8,003 रन बनाए हैं जिसमें 8 शतक और 54 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113 है।

## जका अशरफ ने बाबर आजम को कप्तानी से हटाने का किया बचाव

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने भारत में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कप्तान के रूप में बाबर आजम को हटाने के फैसले का बचाव किया है। जका ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के दावों का भी खंडन किया कि उन्होंने उन्हें मोहम्मद रिजवान को सफेद गेंद का कप्तान नियुक्त करने की सलाह दी थी, ना कि शाहीन शाह अफरीदी को जो उनके दामाद हैं। बाबर को हाल ही में सफेद गेंद के प्रारूप का फिर से कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने शाहीन की जगह ली जिन्हें सिर्फ एक श्रृंखला के बाद हटा दिया गया।

# रांची ने सुपर लीग के पहले मैच में वेस्ट सिंहभूम को हराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएससीए द्वारा आयोजित जेएससीए अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में रांची ने रविवार को वेस्ट सिंहभूम को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट सिंहभूम ने 49.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 223 रन बनाए। साकेत ने 53, मोहिब ने 58, सुमित ने 33 बनाए। आयुष और रायन 3-3 विकेट लिए।

जवाब में रांची ने 39.3 ओवर मे 4 विकेट खोकर 225 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वत्सल तिवारी ने शानदार नाबाद 100 रन बनाए। अमन कुमार ने 50 और अभिनव सागर ने 47 रन की पारी खेली। वरुण को 2 विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वत्सल तिवारी को दिया गया।



## कोलिन्स ने सकारी को हराया, कसात्किना के साथ होगी खिताबी टक्कर


**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** डेनिएल कोलिन्स का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और गैर वरीय अमेरिकी ने नंबर 3 सीड ग्रीक खिलाड़ी मारिया सकारी को 6-3, 6-3 से हराकर चार्ल्सटन ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। 30 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने पिछले 11 मैच लगातार जीतकर सकारी के खिलाफ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने शनिवार के दूसरे मैच की शुरूआत से ही विजयी फॉर्म को बरकरार रखा और नंबर 3-वरीयता प्राप्त ग्रीक के खिलाफ शुरूआती ब्रेक की बढ़त हासिल की। हालाँकि सकारी पांचवें गेम में कोलिन्स की सर्विस तोड़कर बराबरी हासिल करने में सफल रही, लेकिन वह आक्रामकता और रक्षा का सही संतुलन नहीं बना पाई, और अमेरिकी खिलाड़ी से पिछड़ गई। दूसरा सेट भी पहले जैसा ही था, जिसमें घरेलू पसंदीदा कोलिन्स ने एक और शुरूआती बढ़त हासिल करने के लिए लगातार ताकत से गेंद पर प्रहार किया। सकारी ने सेट के बीच में ब्रेक पॉइंट की ओर बढ़त बनाई - लेकिन एक बार फिर, कोलिन्स को बड़ी सर्विस मिली जब यह सबसे ज्यादा मायने रखती थी।

## भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया अगस्टा बर्थ से एक राउंड दूर

**एजेंसी। सैन एंटोनियो**

भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया आखिरी मिनट में अगस्टा मास्टर्स में जगह बनाने और दूसरे पीजीए टूर खिताब की राह पर बने रहे, क्योंकि उन्होंने टेक्सास ओपन में 54 होल के बाद चार शॉट की बढ़त बना ली है। भाटिया ने टीपीसी सैन एंटोनियो में अपने आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर 4-अंडर 68 का कार्ड खेला और अंतिम राउंड में जाने से पहले डेनी मैक्कार्थी पर चार शॉट की बढ़त बना ली, क्योंकि वह मास्टर्स में अंतिम स्थान पाने की कोशिश कर रहे हैं। मैक्कार्थी के बाद, बढ़त के अगले निकटतम खिलाड़ी ब्रेंडन टॉड थे, जिन्होंने 70 का स्कोर किया और सात शॉट पीछे थे। मैक्कार्थी एकमात्र खिलाड़ी थे जो 22 वर्षीय भाटिया के करीब रहे। बैक नाइन के मध्य में चार होल वाले स्ट्रेच में उनकी तीन बर्डी से उन्हें मदद मिली। वैलेरो टेक्सास ओपन में भाटिया की बढ़त 20 साल में सबसे बड़ी है। रेस माई रेस संदेश के साथ भाटिया, जिन्होंने एक मनोवैज्ञानिक के साथ काम किया था, मानसिक खेल पर अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। एक जीत भाटिया को मास्टर्स में अंतिम स्थान दिलाएगी, अगर वैलेरो टेक्सास ओपन विजेता को पहले से ही छूट नहीं मिली है। पिछले जून के बाद से अपनी दूसरी जीत के साथ उन्हें यू.एस. ओपन के लिए भी छूट मिल जाएगी।

मैक्कार्थी ने पीजीए टूर पर कभी जीत हासिल नहीं की है, लेकिन वह अगले सप्ताह अगस्टा नेशनल में पदार्पण करेंगे क्योंकि वह आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग में शीर्ष 50 में हैं।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

# फास्टैग रिचार्ज के लिए गूगल सर्च करना पड़ सकता है महंगा

आज तमाम गाड़ियों में लोग फास्टैग का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में फास्टैग को लेकर स्कैम में काफी इजाफा हो रहा है। वैसे भी भारत में जिस चीज का अधिक इस्तेमाल होने लगता है या चर्चा होने लगती है उसके नाम पर स्कैम होने लगता है। पिछले कुछ दिनों से फास्टैग स्कैम काफी तेजी से हो रही है। कुछ दिन पहले ही महाराष्ट्र के नालासोपारा में फास्टैग के लिए गूगल सर्च करना एक शख्स को महंगा पड़ा और उसके खाते से 2.4 लाख रुपये निकल गए।

### रिचार्ज करने के लिए गूगल की मदद लेना पड़ सकता है महंगा

यदि आपको भी फास्टैग अकाउंट को रिचार्ज करने में कोई परेशानी हो रही है तो समाधान के लिए गूगल की मदद ना लें और लें तो बहुत ही सावधानी से, क्योंकि एक शख्स ने गूगल पर फास्टैग के कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। शख्स को एक नंबर मिला जिसपर उन्होंने कॉल किया तो फोन पर बात करने वाले शख्स ने खुद को फास्टैग का कस्टमर एग्जिक्यूटिव बताया और मदद करने का वादा किया।

**रिमोटली एप से खाता खाली**

- कस्टमर केयर की बात पर भरोसा करके शख्स ने अपने फोन में रिमोट कंट्रोल वाला एक एप डाउनलोड किया। इसके बाद इस एप की मदद से कस्टमर केयर बनकर बात कर रहे ठग ने शख्स के खाते से छह ट्रांजेक्शन में 2.4 लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद उसने फोन काट दिया और फोन बंद कर दिया।

**क्या ना करें?**

- कस्टमर केयर के लिए नंबर के लिए सीधे संबंधित कंपनी की साइट पर जाएं।
- गूगल पर सर्च करके कस्टमर केयर का नंबर ना निकालें।
- किसी के कहने पर अपने फोन में कोई भी एप इंस्टॉल ना करें।
- बैंक डीटेल की जानकारी किसी के साथ साझा ना करे।

## बनें अपने स्वास्थ्य के संरक्षक : हृदय रोग विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस साल भी सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ देवी शेट्टी ने रविवार को लोगों को अपने स्वास्थ्य का संरक्षक बनने और सालाना स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। इस साल विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच पर केंद्रित है। नारायण हेल्थ के संस्थापक और अध्यक्ष देवी शेट्टी ने आईएएनएस को बताया, आपको अपने स्वास्थ्य का संरक्षक बनना चाहिए। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी महसूस करना चाहिए और सही काम करना चाहिए। आपके पास केवल एक ही शरीर है, जो भगवान ने आपको दिया है। आप अपनी कार या घर बदल सकते हैं, लेकिन आप अपना शरीर नहीं बदल सकते। देश में डायबिटीज, हाइपरटेंशन और कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों (एनसीडी) के अलावा मोटापा और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कई अन्य बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं।

# वोडाफोन आइडिया 2,075 करोड़ रुपये में आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी को बेचेगी तरजीही शेयर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने शनिवार को आदित्य बिड़ला समूह की इकाई को 2,075 करोड़ रुपये के तरजीही शेयर बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। निदेशक मंडल ने ओरियाना इन्वेस्टमेंट्स को 14.87 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की दर से 10 रुपये अंकित मूल्य के 1,39,54,27,034 इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी। इस प्रकार इन शेयरों के लिए कुल 2,075 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। आदित्य बिड़ला समूह ओरियाना इन्वेस्टमेंट्स के प्रवर्तकों में से एक है।

आईसीडीआर के नियमों के अनुरूप तरजीही शेयरों की न्यूनतम कीमत निर्धारित करने के लिए प्रासंगिक तारीख 8 अप्रैल है।

शुक्रवार, 5 अप्रैल को बाजार बंद होते समय वोडाफोन आइडिया के शेयर 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.32 रुपये प्रति शेयर पर रहे। निदेशक मंडल ने कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को मौजूदा 75 हजार करोड़ रुपये (70 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी शेयर पूंजी और पांच हजार करोड़ रुपये की वरीयता शेयर पूंजी में विभाजित) से बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये (95 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी और पांच हजार करोड़ रुपये की वरीयता शेयर पूंजी में विभाजित) करने की भी मंजूरी दी। निदेशक मंडल द्वारा पारित इन प्रस्तावो को मंजूरी देने के लिए बुधवार, 8 मई को कंपनी की एक असाधारण आम बैठक बुलाई गई है। इससे पहले, फरवरी में, वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने इक्विटी और इक्विटी-लिंक्ड इंस्ट्रूमेंट्स के संयोजन के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपये तक के फंड जुटाने को मंजूरी दी थी। इक्विटी और ऋण के संयोजन के माध्यम से कंपनी लगभग 45 हजार करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उसका बैंक कर्ज फिलहाल 4,500 करोड़ रुपये से कम है। इक्विटी और ऋण से जुटाई गई पूंजी का निवेश 4जी कवरेज, 5जी नेटवर्क रोलआउट और क्षमता विस्तार के महत्वपूर्ण में किया जायेगा।

# पिछले हफ्ते 30 भारतीय स्टार्टअप ने जुटाई 172 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्टार्टअप ने बाजार से धन जुटाना जारी रखा है और पिछले हफ्ते देश में 30 स्टार्टअप ने 172.71 मिलियन डॉलर से अधिक के फंड जुटाए। एनट्रैकर की रिपोर्ट में कहा गया है, लगभग छह शुरूआती चरण के स्टार्टअप ने जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया है। 25-30 मार्च वाले सप्ताह में लगभग 17 स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 125.73 मिलियन डॉलर जुटाए।

अग्रवाल के नेतृत्व में ओला इलेक्ट्रिक ने 50 मिलियन डॉलर की सबसे बड़ी फंडिंग हासिल की।

हाइपरलोकल मार्केटिंग-टू-कॉमर्स सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म सिंगलइंटरफेस ने 30 मिलियन डॉलर, एनबीएफसी इन्फिनिटी फिनकॉर्प ने 26 मिलियन डॉलर, हाउसिंग फाइनेंस कंपनी निवारा होम फाइनेंस ने 10 मिलियन डॉलर, पेमेंट गेटवे और पॉइंट ऑफ सेल्स प्रदाता इनोविटी ने 4.8 मिलियन डॉलर और डिजिटल बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म एम2पी फिनटेक ने 4.2 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की।




इसके अलावा, 16 शुरूआती चरण के स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से 42.61 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की।

डी2सी हेल्थ और वेलनेस ब्रांड ट्रेया इस सूची में शीर्ष पर है, इसके बाद प्रयुक्त दोपहिया वाहनों के फुल-स्टैक रिटेलर बीपकार्ट, एआई प्लेटफॉर्म सिफ्टहब, डीप-टेक स्टार्टअप प्लानिस और फुल-स्टैक मेटल सप्लाई-चेन प्लेटफॉर्म मेटलबुक हैं।

शहर के हिसाब से देखें तो बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप 11 फंडिंग सौदों के साथ सबसे आगे रहे, इसके बाद मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई और हैदराबाद रहे।

# ऑनलाइन फ्रॉड से बचना चाहते हैं तो अपनी पूंजी को सिक्योर रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**नई दिल्ली।** कुछ ही सालों में साइबर सिक्योरिटी और ऑनलाइन फ्रॉड तदाद से बढ़ गया है। आमतौर पर ऐसी घटनाएं आपने कई सुनी होगी। ऐसा ही एक मामला दिल्ली के एक अस्पताल में काम करने वाले एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुआ है। दरअसल, डॉक्टर को एक कॉल आई जिसमें उनकी क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का दावा किया गया, लेकिन इसके बदले उनके खाते से 2 लाख रुपये निकाल लिए गए। हालांकि डॉक्टर ने घटना की सूचना पुलिस को दी और एफआईआर दर्ज कराई। इस लेख में हम आपको आरबीआई की गाइडलाइन और शिकायत के प्रोसेस के बारे में बताते हैं।

### आरबीआई ने दी हिदायत




- जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो प्रशासन भी इसको लेकर बहुत सतर्क रहता है। जैसा कि हम जानते हैं कि धोखाधड़ी और घोटालों के बढ़ते मामले भारतीय रिजर्व बैंक को अपने कस्टमर्स के पैसे को सुरक्षित रखने के लिए जरुरी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।
- अगर आपने पहले भी इस तरह की स्थिति का अनुभव किया है, तो आरबीआई द्वारा निर्धारित गाइडलाइन और विनियमों के बारे में खुद को अपडेट रखें।
- आरबीआई ने यह भी बताया कि अगर आप जानकारी की कमी या फोन बैंकिंग, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान गेटवे समस्याओं जैसे बैंकिंग मुद्दों के कारण धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं।
- वहीं, अगर आप थर्ड पार्टी द्वारा उल्लंघन के कारण आपके खाते से पैसा निकाल लिया जाता है, जिसके लिए न तो आप और न ही बैंक जिम्मेदार है, तो खोई हुई धनराशि वापस कर दी जाएगी।
- आरबीआई ने कहा कि अगर आपके साथ फ्रॉड हुआ है, तो आपको 3 दिनों के भीतर बैंक को लिखित रुप में सूचित करना होगा। अगर आप 4 से 7 दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट करते हैं, तब भी आपके पास अपना पैसा वापस पाने का मौका होगा।

### किस तरह से करें जानकारी शेयर?

- अगर आप इसकी जानकारी शेयर करना चाहते है तो इन बातों का रखें ध्यान। दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ किसलय चौधरी ने आगाह किया है कि आरबीआई की गाइडलाइन के बावजूद बैंक रिफंड टाल सकते हैं। ऐसे में सारी प्रक्रिया को समझने और जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।
- अगर आपके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है या आपने इसका सामना कर रहे हैं, तो उसी दिन अपने नजदीक पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।
- फ्रॉड वाले दिन या अगले दिन पुलिस रसीद पाने के लिए अपने बैंक में जाएं। बैंक में फ्रॉड का आवेदन कर सकते हैं और इसे पुलिस रसीद के साथ जमा करें।
- इसके बाद आप अपने दोनों डॉक्यूमेंट की सॉफ्ट कॉपी आरबीआई की ईमेल आईडी **crpc@rbi.org.if** पर भेजे, जबकि सीसी में आपके बैंक की ईमेल आईडी भी शामिल करनी है। आपको 3 दिन के अंदर ये प्रकिया पूरी करनी होगी।

### क्यों वापस नहीं मिलेंगे पैसे?

- **दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ ने बतायाा है कि अगर फ्रॉड की सूचना बैंक, पुलिस या दोनों को 7 दिनों के बाद दी गई तो आपके पैसे वापस नहीं होंगे।**
- **इसके अलावा विटकॉइन, ऑनलाइन करेंसी, ऑनलाइन गेम या सट्टेबाजी में खोया हुआ पैसा अक्सर नहीं मिलता।**

## एक नजर

### इफ्तार पार्टी का आयोजन कल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के सद्भावना चौकड़ी कमेटी के तत्वाधान में थाना के बगल में स्थित होटल रुद्रा में इफ्तार पार्टी का आयोजन मंगलवार को किया गया है। इस संबंध में सद्भावना चौकड़ी समिति के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने बताया कि मंगलवार दिनांक 9 अप्रैल को शाम करीब 6:15 बजे इफ्तार पार्टी में सद्भावना चौकड़ी समिति के सभी सदस्यों के अलावा रोजेदारों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर सद्भावना चौकड़ी कमेटी के सदस्य सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य लोग भी शामिल होंगे।

### स्थांतरित डीएसडबल्यूओ व सेवानिवृत सहायक को दी गई भावभीनी विदाई



**चतरा।** स्थानांतरित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी व विभाग के सेवानिवृत प्रधान सहायक मधुसूदन वर्मा को जिला मुख्यालय स्थित साई रेसीडेंसी होटल में समारोह आयोजित कर संयुक्त रूप से भावभीनी विदाई रविवार को दी गई। ज्ञात हो कि डीएसडब्ल्यूओ का स्थानांतरण सिमडेगा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के रूप में हुई है। विदाई समारोह में सहकर्मी परिवार की ओर से स्थांतरित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व सेवानिवृत्त प्रधान सहायक को अंगवस्त्र व उपहार भेंट की गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। सरकारी सेवा में भी स्थानान्तरण और सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है। उन्होंने अपने पदस्थापन के दौरान 3 वर्ष के सफल कार्यों की चर्चा करते हुवे कहा की आप सभी के सहयोग से ही कोविड़ के विषम परिस्थिति में भी बेहतर कार्य करने में सफल रही।

### संजय शर्मा बने रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष, टुन्नी सिंह एवं सतीश महासचिव



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पूजा महासमिति के गठन के लिए रविवार को कृषि फार्म स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में महासमिति के कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा महासमिति का पुनर्गठन करते हुए संजय शर्मा को दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। जबकि टुन्नी सिंह तथा सतीश सिंह को महासचिव बनाया गया।

### श्री संकट मोचन भवानी मंदिर समिति की बैठक सपंन्न

**लातेहार।** शहर के जुबली रोड पर स्थित श्री संकट मोचन भवानी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 13 अप्रैल से शुरू होगा. प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धूमधाम से मनाने व इसे भव्य रूप देने के लिए मंदिर समिति की एक बैठक हुई। ये बैठक निर्मल कुमार महलका की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में आयोजन की सफलता के लिए एक कमिटि का गठन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का तीन दिवसीय कार्यक्रम 13 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह साढ़े छह बजे मंदिर परिसर से निकलेगी और नगर भ्रमण करते हुए चाणक्य नगरी के औरंगा नदी छठ घाट पहुंचेगी। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरा जायेगा। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी और वेदी पूजन व जलाधिवास कार्यक्रम होगा। 14 अप्रैल को वेदी पूजन, मूर्ति संस्कार और मूर्ति नगर भ्रमण कराया जायेगा। जबकि 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, हवन और नौ कन्या पूजन कर भंडारा का आयोजन किया जायेगा। बैठक में दायित्वों का बंटवारा किया गया। साथ ही पूरी निष्ठा से दायित्वों का निवर्हन करने की अपील की गयी।

## रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

# सोशल मीडिया व बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों पर रखी जायेगी विशेष निगरानी : थाना प्रभारी



बैठक में शामिल पुलिस पदाधिकारी व समिति के लोग

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज**

रविवार को हरिहरगंज थाना परिसर में आगामी रामनवमी व ईद पर्व को लेकर बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व पूजा कमिटी के सदस्यों से रामनवमी के उपलक्ष्य पर जुलूस निकालने को लेकर रूट की जानकारी लियाव वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों ने आगामी दोनों पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में उपस्थित रहकर पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने का आश्वासन दियाव थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया व बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाएगीव क्षेत्र में अधिकारी गश्ती करते रहेंगेव बैठक में एसआई सतीश गुप्ता, विगेश राय, राकेश सिंह, सोनू गुप्ता, धनंजय गोप, नंदलाल साहनी, सुधांशु झा, अविनाश, रणजीत सिंह के अलावे राजीव रंजन, विनोद आदि मौजूद थें।

### सभी लोग मिल जुलकर शांति व सद्भाव के साथ मनाएं रामनवमी : सदर सीओ

**मेदिनीनगर।** रामनवमी और ईद त्योहार को लेकर शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने की। संचालन ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने किया। इस दौरान दोनों समुदाय के लोगो ने शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी और ईद त्योहार मनाने का संकल्प लिया। साथ ही साफ-सफाई, बिजली आदि पर खास विशेष ध्यान देने की बात कही गई। सदर सीओ ने कहा की रामजन्मोत्सव भाईचारा व उल्लास का प्रतीक है। इसलिए सभी लोग मिल जुलकर शांति व सद्भाव के साथ रामनवमी मनाएं।

## सोसल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले पर होगी कड़ी करवाई

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति कि बैठक हुई। बैठक में ईद व रामनवमी महापर्व को आपसी सौहार्द के साथ मानने की अपील की गई। साथ ही कहा गया कि पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का काम प्रशासन करेंगी। इस दौरान वॉट्सएप, फेसबुक, ट्यूटर, इस्टाग्राम सहित अन्य इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने से बचें। ऐसा करने वाले लोगो पर कड़ी करवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने लोगो से ईद व रामनवमी पर्व को शांति पूर्ण मानने की अपील करते हुए कई आवश्यक जानकारी दी। बैठक में इंस्पेक्टर पप्पु कुमार सहाय, प्रमुख, थाना प्रभारी



अमीत कुमार गुप्ता, सोनी खलको, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, मेराज अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## तय की गई सरहुल पर्व के कार्यक्रम की रूपरेखा

**लातेहार।** प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाने और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को चंदवा के कुसुम टोली स्थित कृषि फार्म परिसर में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता हरिकुमार भगत ने की। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को आदिवासी समुदाय का महापर्व सरहुल भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया गया। आयोजन समिति ने कार्यों का बंटवारा कर दिया। अलग अलग कार्य के लिए बिनेसर उरांव, भुटू उरांव, करमा मुण्डा, शुरेश नाथ लोहरा, श्याम उरांव,चंद्रदेव उरांव पाहन, चंद्रदेव उरांव, समेत कई लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गई।



## प्रशिक्षण से अनुपस्थित 12 पदाधिकारी-कर्मी को शोकॉज

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने अनुशासनहीनता और लापरवाही के आरोप में 12 पदाधिकारी और कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है. उपायुक्त ने आसन्न लोकसभा निर्वाचन को लेकर गत 5 अप्रेल को गांधी इन्टर कॉलेज एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में पीठासीन पदाधिकारी हेतु आयोजित प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 12 कर्मी और पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा है. उन्होंने लिखा है कि चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य से अनुपस्थित रहना उनके कार्य के प्रति लापरवाही एवं कर्त्तव्यहीनता का द्योतक है. बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित पाया जाना जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 एवं आईपीएस की धारा-187 एवं 188 का उल्लंघन तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 24 घंटे के अंदर अनुपस्थित कर्मी और पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की है. स्पष्टीकरण समय पर अप्राप्त रहने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उक्त के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 एवं आईपीसी की धारा-187 एवं 188 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिया है।

## मनमाने दामों पर बिक रही किताबें व यूनिफार्म, अभिभावक हो रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

शहर के निजी स्कूल संचालक कमीशन के फेरे में अभिभावकों को महंगी किताबों की सूची थमा रहे है। प्राइवेट पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के रिजल्ट आने शुरू हो चुके हैं। बच्चों का नई कक्षाओं में रि एडमिशन हो रहा है। इसके लिए प्रतिदिन जिले के हर प्राइवेट स्कूल के बाहर अभिभावकों व बच्चों की भारी-भीड़ दिखाई दे रही है। ज्यादातर सभी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल स्टाफ द्वारा यह बता दिया जाता है कि आप अपने बच्चों की किताबें कापियां व अन्य स्टेशनरी का सामान शहर की किसी भी बुक शॉप से ले सकते हैं या ऑनलाइन मंगवा सकते हैं। इसी प्रकार आप बच्चों की यूनिफॉर्म आप कहीं से भी ले सकते हैं। परंतु जब अभिभावक स्कूल के बाहर निकलते हैं तो स्कूल के बाहर एक दो लोग पर्चे व विस्टिंग कार्ड देते दिखाई दिए कि इस स्कूल की किताबें कापियां व यूनिफॉर्म इस दुकान से लें। अभिभावकों का कहना है कि हालांकि स्कूल स्टाफ द्वारा जब उन्हें यह आश्वासन दिया



गया कि आप अपने बच्चों की किताबें कापियां व यूनिफॉर्म किसी भी दुकान से ले सकते हैं। यह सुनकर अभिभावकों को बहुत खुशी भी हुई, परंतु जब अभिभावक बाजार में बुक स्टोर व स्टेशनरी की दुकानों पर बच्चों की किताबें कापियां व अन्य स्टेशनरी का सामान खरीदने गए तो - अभिभावकों को दुकानदारों की यह बात सुन निराशा हुई कि यह किताबें- कापियां तो केवल स्कूल संचालकों द्वारा निर्धारित दुकान से मिलेंगी। सूत्रों की मानें तो प्राइवेट पब्लिक स्कूल संचालकों द्वारा ही उनके निर्धारित पब्लिशर से हर स्कूल की हर कक्षाओं की हजारों किताबें कापियां के सेट कई महीने पहले ही छपवा लिए जाते है और इन पर पब्लिशर्स के मनमाने रेट का प्रिंट रहते हैं। एक ही निर्धारित दुकानों से किताबें कापियां व यूनिफॉर्म खरीदना अभिभावकों की मजबूरी बन जाता है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर घर-घर पहुंच रहे बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची में नामांकन दर्ज करवाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार गावों में घर-घर तक पहुंच कर नाम जोड़ने को लेकर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को प्रखंड के दौरान सरगांव गांव में दस घर, दिगही में दस घर तथा महुवारी गांव में 20 घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिनकी उम्र 2024 जनवरी के पहली तारीख से लेकर एक अप्रैल तक 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, वे अपने नजदीकी बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज करवाएं। मतदान से पूर्व उन्हें मतदाता सूची में जोड़ दिया जायेगा। ताकी मतदान देने का अधिकार मिलेगा। इसे लेकर



**जिनकी उम्र 2024 जनवरी के पहली तारीख से लेकर एक अप्रैल तक 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, वे अपने नजदीकी बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज करवाएं**

निर्वाचन आयोग ने छः से ग्यारह अप्रैल तक मतदाता नामांकन अभियान चलाया है। इस दौरान बीएलओ से लेकर जिले के उपायुक्त स्तर तक के अधिकारी सभी क्षेत्र में घूमेंगे।

### नवगठित प्रेस क्लब चतरा की पहली कार्यसमिति की बैठक संपन्न

## पहली बार 156 पत्रकार बंधुओं में से 15 ने मताधिकार का प्रयोग कर नई कमेटी को कार्य करने का दिया मौका : अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

परिषद भवन परिसर स्थित उत्सव पैलेस में रविवार को प्रेस क्लब चतरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कश्यप व संचालन सचिव जितेंद्र कुमार तिवारी ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंहा, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार समेत कार्यकारिणी सदस्य नवीन पांडेय, रणधीर सिंह, संतोष केसरी, शैलेश कुमार, अजय चौरसिया, श्रीकांत राणा, कुलदीप राम, जितेंद्र कुमार, अजीत पांडेय, अमीत सिंह शामिल हुए। बैठक में प्रेस क्लब कार्य समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शिता पूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करने वाले तदर्थ कमेटी, चुनाव संचालन समिति, सदस्यता समीक्षा समिति और निवार्ची पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके



पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि चतरा जिले में पहली बार 156 पत्रकार बंधुओं में से 15 ने मताधिकार का प्रयोग कर नई कमेटी को कार्य करने का मौका दिया है। इसके लिए पूरी कमेटी सभी पत्रकार बंधुओ के प्रति आभार व्यक्त करती है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रेस के गठन में योगदान देने वाले पत्रकार साथियों के साथ वरिष्ठ पत्रकारों व पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले महानुभावों को प्रेस क्लब जल्द ही समारोह आयोजित कर सम्मानित करेगी।

# विवेकानंद किशोर संस्थान की बैठक में फैसला, छठ व्रतियों को दी जायेगी सुविधाएं



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

स्थानीय विवेकानंद किशोर संस्थान की एक बैठक नरेश प्रसाद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में चैत नवरात्र, चैती छठ, रामनवमी और सरहुल पर्व पर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

चैत्र नवरात्र से पहले शहर में साउंड बॉक्स लगाने और सरहुल जुलूस में शामिल होने वालों के लिए गुड़-चना, शरबत व पानी वितरण करने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा चैती छठ में घाट और रास्ते की साफ सफाई कराने, लाइट व साउंड की व्यवस्था करने और अस्थायी महिला स्नानागार आदि बनाने का निर्णय लिया गया।

## श्री सूर्यनारायण पूजा समिति ने चैती छठ की तैयारियां शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

श्री सूर्यनारायण पूजा समिति, चाणक्यनगरी ने चैत्र छठ की तैयारियां शुरू कर दी है. पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बैठक आयोजित कर छठ व्रतियों को दी जाने वाली सुविधाओं की रूपरेखा तय की गयी। सिंह ने बताया कि स्टेशन रोड से छठ घाट तक जाने वाली पहुंच पथ की साफ सफाई करायी जायेगी। औरंगा नदी तट पर छठ व्रतियों के लिए अस्थायी स्नानागार बनाये जायेंगे। इसके अलावा छठ घाट में लाइट और साउंड बॉक्स की भी व्यवस्था की जायेगी। बताया कि चैती छठ पर्व की तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी है।

**रामनवमी पर निकाली जायेगी महावीरी जुलूस**

सुरेंद्र सिंह ने बताया कि समिति के सदस्यों से अर्थ संग्रह किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का भी अभूतपूर्व



सहयोग मिल रहा है। सिंह ने लोगों से तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की है।सिंह ने बताया कि चाणक्यनगरी के महावीर अखाड़ा में रामनवमी पूजा के मौके पर ध्वजारोहण किया जायेगा। साथ ही जुलूस और झांकी निकाली जायेगी। इसकी भी तैयारी की जा रही है। बताया कि महावीरी जुलूस अपराह्न तीन बजे निकाली जायेगी। यह जुलूस पूरे नगर में भ्रमण करेगी। मौके पर अनिल कुमार पप्पू समेत समिति के कई सदस्य शामिल रहे।

### एसडीओ व डीएसपी ने सूदूरवर्ती मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**पलामू।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन एक्टिव मोड में है. हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस पीयूष सिन्हा और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कचरा, विश्वसिया, अमही सीताचूआ, डंडीला, सड़ेया, लेपेया आदि मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। शौचालय, पीने का पानी, बिजली आदि के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अंचल पदाधिकारी हैदरनगर, एसआई मन्नान के अलावा पुलिस के जवान मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### रोगियों के साथ-साथ सदर अस्पताल का भी किया जाये उपचार

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा के नाम पर भले ही हर महीने लाखों के खर्च का हिसाब दिया जाता हो लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहां मरीजों की सुविधा मिलने के बजाए अलग से कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे सदर अस्पताल का विभिन्न वार्ड हिट चेंबर में तब्दील होता जा रहा है। विभिन्न वार्डों में कई पंखे खराब है। जिसे दुरुस्त करने की प्रक्रिया इस भीषण गर्मी में भी नहीं की जा रही है। अस्पताल में फैली अव्यवस्था से रोगी व तीमारदारों पर भारी पड़ रही है। जगह-जगह कमियां मरीजों की पीड़ा बढ़ा रही है। अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड हो या सर्जिकल, जनरल वार्ड सभी की हालत खराब है। कुछ वार्डों में पंखे इतने धीरे चलते हैं कि उसकी हवा बेड तक नहीं पहुंच पाती है। अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीज भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इमरजेंसी वार्ड में गर्मी से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। इसके कारण मरीजों को गर्म हवाओं के थपेड़ों और उमस से जूझना पड़ रहा है। वार्ड में लगे कई पंखे खराब है। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीज व उनके परिजनों ने अस्पताल का हाल बताते हुए कहा कि गर्मी के बीच वार्ड में लगे ऐसी व पंखे केवल नाम के लगे है इनके नहीं चलने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही गर्मी से चक्कर भी आने लगता हैं। वहीं, अस्पताल में गंदगी की वजह से जो बदबू पैदा हो रही है उससे मरीजों को उल्टियां भी आ रही हैं। परिजनों का कहना है कि यहां मरीजों के साथ-साथ अस्पताल को भी इलाज की जरूरत है। वही इस गर्मी में अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन के लिए पीने के ठंडे पानी तक की व्यवस्था नहीं है। मरीजों के परिजन भी पानी के लिए अस्पताल परिसर में भटकते रहते हैं। लोगों को पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

### वैश्य दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**गढ़वा :** रविवार को वैश्य दिवस पर गढ़वा में रक्तदान किया गया। पूरनचंद चौक स्थित वैश्य समाज के पुरोधा पूरनचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रक्कदान शिविर लगाकर 4 यूनिट खून संग्रह किया गया। जितेंद्र कश्यप, सुनील कश्यप, पवन कुमार तथा राहुल कुमार ने रक्तदान किया। इस मौके पर वैश्य महा सम्मेलन के जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद जायसवाल ने बताया कि वैश्य दिवस एक महत्वपूर्ण और गर्वशील उत्सव है, जो भारत में प्रति वर्ष मनाया जाता है। लोग इसे बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाते हैं। इस दिन का महत्व विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए है जो व्यवसाय करते हैं और व्यापार के क्षेत्र मंन निरंतर योगदान देते हैंववैश्य दिवस का आयोजन देश भर में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। व्यापारिक संगठन और समूह इस अवसर पर भव्य आयोजन करते हैं।

### गुनाह मिटाने को खास रमजान में रोजा रखा जाता है : हजरत हाफिज



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा प्रखंड के ग्राम कामता जमा मस्जिद में 27वीं शब को हजरत हाफिज व कारी मौलाना कलीमुल्लाह नूरी के द्वारा मुकम्मल कुरान नमाज तरबी में सुनाया गया। उसके बाद जश्ने मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। रमजान शरीफ में कुरान के मुताबिक बयान को बताया गया। जिसमें मौलाना ने कहा कि रमजान का मतलब गुनाहों को जलाने व गुनाह मिटाने का खास रमजान में जो रोजा रखा जाता है। रोजा रखने वालों का गुनाह मिटा दिए जाते हैं। रोजा रखने से ईमान ताजा वह सल्लल्लाहो ताला वसल्लम के सुन्नत को अदा किया जाता है। अंजुमन कमेटी कामता के द्वारा हाफिज व कारी मौलाना कलीमुल्लाह नूरी को माला पहनकर हौसला अफजाई किया गया। तत्पश्चात मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इसके बाद रात भर इबादत अल्लाह को राजी करने को गरज से हर रोजेदार अपनी-अपनी नमाजे नफल अदा की। इमाम फहीज व कारी मौलाना नूरी ने क्षेत्र के लिए अमन चौन की दुआ मांगी। मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर मनीर आलम, सीक्रेट्री रौशन अंसारी ने बताया की ईदुलफित्र की नमाज अहले सुन्नत बूरहान उल उलूम मदरसा के प्रांगण, ईदगाह में सुबह 8 बजे बिना तासीर की ईद की नमाज अदा की जाएगी। मौके पर मदरसा सदर जियाउल हक, अमानत हुसैन, तस्दीक आलम, फारूक अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, मोइन अंसारी, साजिद हुसैन, सरवर अंसारी, मोबिन अंसारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

**मुख्य सचिव के नाम से फेक ...**

यूजर के प्रोफाइल को इस्तेमाल कर लेते हैं और यूजर को इसकी भनक भी नहीं लगती है। प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर के उपयोग से साइबर अपराधी विदेशी नंबर से व्हाट्सएप्प पर फेक प्रोफाइल तैयार कर पैसों की मांग करते हैं। समाचार की संपुष्टि के लिए मुख्य सचिव सहित अनेक पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास विफल रहा। उस नंबर पर कॉल करने पर मराठी में ग्राहक के व्यस्त होने की सूचना सुनाई पड़ी।

**झारखंड में भ्रष्टाचार और विकास...**

आज पुलिस नहीं कर रही है। पुलिस को वसूली में लगा दिया गया है। पुलिस का काम बालू के पीछे भागना नहीं है। अब ऐसे में अपराध का ग्राफ बढ़ेगा कि नहीं?

**नवीन मेल : शुरू की भाजपा और आज की भाजपा में क्या अंतर पा रहे हैं। पार्टी की नीति और प्राथमिकता में कितना अंतर महसूस कर रहे हैं?**

उत्तर : (गंभीर मुद्रा में होकर कहते हैं) आज भी पार्टी की नीति और सिद्धांत वही हैं, जो शुरू में जनसंघ के समय थे। आज भाजपा का विशाल परिवार हो गया है। इसके मुखिया मोदी जी हैं। भाजपा के विशाल परिवार में अगर कहीं छोटी-मोटी खटपट है, तो इससे भाजपा और मजबूत और सशक्त होकर उभरती है। किसी भी मुद्दे को भाजपा ने छोड़ा नहीं है। अनुच्छेद 370, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, यह सब भाजपा ने करके दिखाया। कानून बनाकर तीन तलाक को समाप्त कराया। शरणार्थी भारतीयों को संसद में कानून बनाकर नागरिकता प्रदान की। यह सब भाजपा की नीति और सिद्धांत के तहत ही किया गया। अटल सरकार में पोखरण परीक्षण किया गया था।

**नवीन मेल : 10 वर्षो की मोदी सरकार में देश में क्या विकास हुआ है?**

उत्तर : 2014 में मोदी जी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तो देश की अर्थव्यवस्था दसवें नंबर पर थी। आज पांचवें नंबर पर है। हर क्षेत्र में काम हो रहा है। रोड, रेल या इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो, सब जगह हम आगे की ओर जा रहे हैं। मोबाइल का निर्यात करने लगे हैं। देश अपने पैरों पर खड़ा हो रहा है। तेजी से विकास हो रहा है। रूरल क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ी है। लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। आयुष्मान से गरीबों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा, गरीबों को गैस समेत कई सुविधाएं केंद्र सरकार के द्वारा दी गई हैं। यह सब विकास के ही परिचायक हैं। इस बार केंद्र सरकार बनेगी, तो हमारी अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। देश तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। यह लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

**नवीन मेल : इस बार भाजपा का मुकाबला आईएनडीआईए के साथ है, ऐसे में भाजपा उनका मुकाबला किस तरह से करेगी?**

उत्तर : भाजपा 365 दिन काम कर रही है। एक दिन भी भाजपा कार्यकर्ता बैठते नहीं हैं। हर दिन लक्ष्य के साथ लोगों के बीच जाते हैं, उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते हैं। वहीं, दूसरी ओर सिर्फ नकारात्मकता को अपनाते हुए लोग चुनाव जीतना चाह रहे हैं। यह कहां से संभव है? जनता सब कुछ समझ रही है।

**नवीन मेल : इस चुनाव में झारखंड वासियों के लिए क्या संदेश है?**

उत्तर : लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को शामिल होना चाहिए। भारत के भाग्य निमार्ता के रूप में स्वयं को शामिल करें। अपने मताधिकार का प्रयोग करें। (फिर गंभीर होकर कहते हैं) जनता को विश्वास है कि उनके साथ मोदी जी की गारंटी है, इसलिए इस बार सभी देश के विकास के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### वरिष्ठ नेता पीएम का उम्मीवार घोषित नहीं किए जाने तक चुनाव प्रचार में नहीं जाने पर अड़े हैं

# 'इंडी गठबंधन नेता तय नहीं कर पा रहा'

**एजेंसी। नवादा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवादा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान इंडी गठबंधन, कांग्रेस और राजद पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास न विजन है, न विश्वसनीयता है। दिल्ली में जो लोग एक साथ खड़े होते हैं, अलग-अलग राज्यों वही एक-दूसरे को गाली देते हैं। बिहार में तो आपस में ही सिर फुटव्वल मची है। यह मजबूरी में साथ आए लोग हैं और इनकी मजबूरी का एक ही नाम है- सत्ता का स्वार्थ। इसलिए इनलोगों को सत्ता से दूर रखना जरूरी है। कांग्रेस और राजद को एक भी वोट पाने का हक नहीं है।

## पीएम इस बयान के बाद सियासत तेज हो गई

इंडी गठबंधन इस चुनाव के मैदान में नजर नहीं आ रहे हैं। मैंने जरा पूछताछ कि तो पता चला कि इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेता के गृह में पिछले 15 दिनों से तूफान चल रहा है। वो नेता हठ पकड़ कर बैठे हैं कि जब तक इंडी गठबंधन उन्हें प्रधानमंत्री का उम्मीवार घोषित नहीं करेगा तब तक वह चुनाव प्रचार में नहीं जाएंगे। अब यह हाल है उनका। वह लोग बता नहीं पा रहे हैं कि उनका नेता कौन है? वो लोग अंदर ही अंदर लड़ रहे हैं। इंडी गठबंधन वाले कहते हैं अभी नहीं चुनाव के बाद प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित करेंगे। और, वो नेता कहते हैं कि जब तक मुझे प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं करोगे तब तक मैं रैली में नहीं जाऊंगा। पीएम इस बयान के बाद सियासत तेज हो गई है।

## मोदी की गारंटी से घबरा रहे हो क्या?

पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता ने कहा है कि मोदी जो आपको गारंटी देता है, उस पर बैन लगना चाहिए। ये लोग कहते हैं, मोदी का गारंटी देना ही गैर-कानूनी है। अरे, इतने डर गए हो क्या? मोदी की गारंटी से घबरा रहे हो क्या? उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है,मोदी मेहनत करने के लिए ही जन्मा है और वो भी 140 करोड़ देशवासियों के लिए। अब तक बहुत हुआ है, बहुत किया है लेकिन मोदी का मन कहता है कि ये तो अभी ट्रेलर है, इतने से हमें रुकना नहीं है।

### टीएमसी के भ्रष्टाचार-कुशासन से थक चुके हैं पश्चिम बंगाल के लोग : पीएम



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को चुनावी रैली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां की जनता तृणमूल कांग्रेस से थक चुकी है। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भाजपा ही पश्चिम बंगाल के लोगों को राहत दे सकती है, तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कुशासन से लोग थक गए हैं। बंगाल में भाजपा के पक्ष में लहर है। पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी के भ्रष्टाचार और कुशासन से थक चुकी है। केवल भाजपा ही उनके सपनों को पूरा कर सकती है। रविवार दोपहर उत्तर बंगाल की रैली में प्रधानमंत्री के संबोधन को लेकर लोगों में खुब उत्सुकता रही। खासकर शनिवार को पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों पर हुए हमले के मद्देनजर। पश्चिम बंगाल में भाजपा की राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा, चूंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एनआईए अधिकारियों पर भूपतिनगर में भीड़ को उकसाने का आरोप लगाया था, इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री अपनी शैली में इसका जवाब देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री उन परिवारों के सदस्यों के साथ भी बातचीत कर सकते हैं, जिनके घर हाल ही में जलपाईगुड़ी जिले में आए तूफान में तबाह हो गए थे।

### प्रधानमंत्री जबलपुर पहुंचे, रोड शो किया

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज कर रहे हैं। वह रविवार की शाम जबलपुर पहुंच चुके हैं और यहां उन्होंने रोड शो किया। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए भाजपा ने जोरदार तैयारी की है और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रधानमंत्री विशेष विमान से डुमना विमानतल पर पहुंचे, जहां उनका भाजपा नेताओं ने आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री का जबलपुर में रोड शो भगत सिंह चौक से शंकराचार्य चौक तक, लगभग डेढ़ किलोमीटर चला। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां चार चरणों में मतदान होना है। प्रचार अभियान धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा चुनाव के क्रम में पहला मध्य प्रदेश दौरा है।

# बिहार में भाजपा के शासन में बहुत से काम नहीं हुए : रमेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भाजपा ने सत्ता में अपनी जगह बनाने में भले ही महारत हासिल कर ली है, लेकिन बिहार में उसके शासन में बहुत से काम नहीं हुए। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन मुद्दों पर जवाब देने की अपील की जिन पर बिहार में ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नवादा में प्रधानमंत्री की रैली से पहले उनसे बिहार को लेकर सवाल पूछे। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आज प्रधानमंत्री बिहार के नवादा जा रहे हैं। बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां भाजपा हाल में किसी तरह से सत्ता में आई थी। उन्होंने सत्ता में अपनी जगह बनाने में भले ही महारत हासिल कर ली है, लेकिन भाजपा के शासन में बहुत से काम अधूरे रह गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री उन मुद्दों से संबंधित तीन सवालों के जवाब देंगे जिन पर उनकी सरकार को ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। रमेश ने कहा कि 2014 के चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने जब नवादा का दौरा किया था, तो उन्होंने वारिसलीगंज चीनी मिल का मुद्दा उठाया था और पूछा था कि यह इतने सालों से बंद क्यों है। उन्होंने कहा, इससे हजारों स्थानीय लोगों की उम्मीदें बढ़ गई थी, क्योंकि जब यह मिल चालू थी तब 1,200 लोगों को सीधे तौर पर रोजगार मिलता था। इसके अलावा सैकड़ों गन्ना किसानों को भी मदद मिलती थी। नवादा से दोनों भाजपा सांसदों- गिरिराज सिंह (2014) और चंदन सिंह (2019) ने भी अपने कार्यकाल के दौरान चीनी मिल शुरू करने का वादा किया था, लेकिन 10 साल बाद, वे सभी वादे खोखले साबित हुए। उन्होंने कहा कि इस बार जब प्रधानमंत्री नवादा आएंगे तो उन्हें लोगों को जवाब देना होगा कि वारिसलीगंज चीनी मिल पिछले 10 साल से बंद क्यों है। रमेश ने कहा, उन्होंने रेसकोर्स रोड का नाम भले ही बदल दिया हो, लेकिन भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त जारी है। हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भाजपा के मन में कोई सम्मान नहीं है और इसके कारण कोई भी सरकार उनके राजनीतिक हथकंडों से सुरक्षित नहीं रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता से चिपके रहने के लिए सरकारों को गिराने या विधायकों को खरीदने एवं बेचने के लिए गलत तरीके से हासिल किए गए चुनावी बॉण्ड का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचाती और ऐसा एक बार फिर हुआ जब इस साल नीतीश कुमार फिर से पलट गए। उन्होंने कहा, अब हम जानते हैं कि चुनावी बॉण्ड घोटाले के माध्यम से भारतीय नागरिकों पर चार लाख करोड़ रुपए की मार पड़ी है। सवाल यह है कि बिहार में सरकार बदलने से भारत की जनता को कितना नुकसान हुआ?

## एक नजर

### गृहमंत्री अमित शाह कल और पीएम मोदी 17 को आएंगे असम

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री 9 अप्रैल को असम आएंगे। वह राज्य के लखीमपुर, शोणितपुर और डिब्रुगढ़ जिलों में चुनाव प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए असम आ रहे हैं। राज्य के पर्यटन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने रविवार को मीडिया को बताया कि गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को बताया कि गृहमंत्री पहले रविवार और सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचने वाले थे। शनिवार को उनके कार्यक्रम के स्थगित होने की घोषणा की गई। अब रविवार, सोमवार के बदले मंगलवार को तय हुआ है। इस दौरान वे राज्य के होजाई, लखीमपुर और गोहपुर में चुनावी रेलियों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए असम आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नलबाड़ी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

### ब्रिटेन में तूफान कैथलीन के चलते दर्जनों उड़ानें रद्द

**लंदन।** तूफान कैथलीन यूनाइटेड किंगडम में कहर बरपा रहा है। इसके चलते ब्रिटेन की दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी गईं। एडिनबर्ग, बेलफास्ट, मैनचेस्टर और बर्मिंघम में हजारों यात्री फंस गए। मौसम कार्यालय ने इंग्लैंड के अलावा आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों के लिए चेतावनी जारी की है। बताया गया है कि खराब मौसम के चलते ब्रिटेन के हवाई अड्डों पर प्रस्थान करने वाली और पहुंचने वाली 130 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान के कारण पूरे ब्रिटेन में तापमान भी बढ़ गया, जिसके रविवार तक बने रहने की आशंका है। स्कॉटलैंड में उड़ानों के अलावा रेल और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। पर्यावरण एजेंसी ने 14 अलर्ट जारी किये हैं, जहां बाढ़ का खतरा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम कार्यालय ने चेतावनी दी है कि समुद्र से उठने वाली लहरें तटों, तटीय सड़कों और मकानों तक आ सकती हैं, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है।

# अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनावी मैदान में महबूबा, गुलाम नबी से होगी टक्कर





### पीडीपी ने कश्मीर घाटी की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**एजेंसी। श्रीनगर**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने रविवार को कश्मीर घाटी में तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगीं।। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के एक और पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस से निकले नेता गुलाम नबी आजाद भी अनंतनाग लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़ रहे हैं।

पीडीपी संसदीय बोर्ड के प्रमुख सरताज मदनी ने कहा कि पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पारा श्रीनगर से और पूर्व राज्यसभा सदस्य मीर फयाज बारामूला से चुनाव लड़ेंगे। मुफ्ती और मदनी ने संवाददाता सम्मेलन में पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पीडीपी जम्मू क्षेत्र की दो सीटों उधमपुर और जम्मू में कांग्रेस का समर्थन करेगी। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि पीडीपी ने मुफ्ती को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से उतारने का फैसला किया है जबकि पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पारा को श्रीनगर और राज्य सभा के पूर्व सांसद मीर फयाज को बारामूला लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में चुनाव होंगे।

आगामी 19 अप्रैल को पहले चरण में उधमपुर लोकसभा सीट पर मतदान होगा। इसके बाद 26 अप्रैल को दूसरे चरण में जम्मू सीट पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण यानी सात मई को अनंतनाग सीट पर वोटिंग होनी है। आगामी 13 मई को चौथे चरण के तहत श्रीनगर और पांचवें चरण में 20 मई को बारामूला सीट पर वोटिंग होगी। नतीजे चार जून को आएंगे। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटे हैं। उल्लेखनीय है कि पीडीपी ने जम्मू लोकसभा सीट पर कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है।

### केंद्रीय विद्यालय में हर क्लास में 8 सीट कम कर 40 के बजाय 32 किया गया

# अब प्राइवेट नौकरी वालों का तबादला होने पर बच्चों का ट्रांसफर नहीं होगा

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**




कहां तो जनसंख्या बढ़ने के साथ केंद्रीय विद्यालय में क्लास तथा हर क्लास में सीटें बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन हो रहा है शिक्षा सुधार के नाम पर उल्टा। हो सकता है परोक्ष एजेंडा शिक्षा को धीरे-धीरे पूरी तरह से प्राइवेटाइजेशन के क्रम में यह हो रहा हो। जो भी हो, फि लहाल केन्द्रीय विद्यालय ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दीं।और अब यदि किसी छात्र के पिता या गार्जियन प्राइवेट नौकरी करते हैं, उनका तबादला किसी अन्य राज्य में हो गया, तो बच्चों को ट्रांसफर नहीं मिलेगा। यानि पहले की तरह गार्जियन का जहां तबादला होता था वहाँ के केन्द्रीय विद्यालय में उस तबादला के आधार पर बच्चे का एडमिशन वहाँ हो जाता था , अब नहीं होगा। लेकिन किसी सत्ताधारी नेता या सरकारी नौकरी वाले का तबादला होगा तो? जो कुछ हो, इसका लाभ प्राइवेट स्कूलों को मिलेगा, उनका धंधा और बढ़ेगा। जहां तक केन्द्रीय विद्यालय के नये सत्र में एडमिशन आवेदन का सवाल है, तो इसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल है।

तो इस तरह केंद्रीय विद्यालय ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। विद्यालय संगठन की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन में एक क्लास के लिए 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। अभी तक प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक हर क्लास में 40-40 सीटें होती थीं। मालूम हो कि सस्ती व अच्छी पढ़ाई होने के कारण केंद्रीय विद्यालयों में हर वर्ष बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं।

ऐसे में सीटें घटने से छात्रों और गार्जियन दोनों को हर तरह से मुश्किल होगी। लेकिन वे कर भी क्या सकते। इसके बारे में दाल - रोटी पत्रिका चलाते रहे मुंबई के एक कवि स्वर्गीय होने के पहले लिख व प्रकाशित कर गये हैं- राजा उनको तुमने चुना, तुम्हीं भरो हर्जाना जीह्व। जहां तक रजिस्ट्रेशन की बात है तो वह पन्द्रह अप्रैल तक करा सकते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय में क्लास 1 में एडमिशन का लिंक 1 अप्रैल से लाइव है, जो है- kvsonlineadmission.kvs.gov.in। चुने जाने वाले छात्रों की पहली सूची 19 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद दूसरी सूची 29 अप्रैल, तीसरी सूची 8 मई को जारी की जाएगी। अन्य कक्षाओं के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी।

इन कक्षाओं की सूची 15 अप्रैल को जारी की जाएगी। इस आधार पर 16 से 29 अप्रैल तक एडमिशन होंगे। एडमिशन की अंतिम तिथि 29 जून है। अब बात बोर्ड रिजल्ट जारी होने के बाद 11वीं के एडमिशन की, तो केंद्रीय विद्यालय कक्षा 11 में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 10वीं बोर्ड रिजल्ट घोषित होने के 10 दिन बाद शुरू होगी। छात्र व गार्जियन केंद्रीय विद्यालय संगठन की ऑफिशियल वेबसाइट kvsangathan.nic.in पर जारी नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं।

### बंगाल में एनआईए हमला मामला

# अधिकारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जवाबी एफआईआर

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में एनआईए के जवानों पर हमले के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक के परिवार ने अधिकारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जवाबी प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दोनों तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता हैं। इन्हें पिछले साल 22 दिसंबर को हुए विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। इसमें तीन लोग मारे गए थे। आईएएनएस द्वारा संपर्क किए जाने पर, कोंटाई के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी, दिबाकर दास ने एफआईआर की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि शनिवार रात गिरफ्तार किए गए दो तृणमूल कांग्रेस नेताओं में से एक के परिवार के सदस्यों ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए एक जवाबी प्राथमिकी दर्ज कराई। एनआईए द्वारा शनिवार को गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक मोनोब्रत जाना के परिवार के सदस्यों द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत एफआईआर कराई गई है। आईपीसी की धारा 354 (महिलाओं की लज्जा भंग करने की सजा) एक गैर-जमानती अपराध है। अब भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की पुलिस ने दो समानांतर जांच शुरू की है। पहली एनआईए द्वारा उनके अधिकारियों पर हमले की घटना पर दर्ज की गई शिकायत पर आधारित है और दूसरी कथित छेड़छाड़ की शिकायत के आधार पर केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ है।

# बीआरएस के एक और विधायक ने थामा कांग्रेस का दामन

**हैदराबाद।** तेलंगाना में अगले महीने होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस के नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। रविवार को बीआरएस के एक और विधायक ने सत्तारूढ़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। भद्राचलम से बीआरएस विधायक तेलम वेंकट राव, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए।

# समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए जहाज आईएनएस शारदा सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को 'ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 08 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था।

भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद 01 फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और 02 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया। भारतीय टीम की आक्रामकता से समुद्री डाकू चालक दल और ईरानी जहाज को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर हुए। इसके बाद अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया।

भारतीय नौसेना की ओर से समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखते हुए समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं। नौसेना प्रमुख ने कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान टीम शारदा के साथ बातचीत की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने चालक दल के पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में भारतीय नौसेना को मान्यता और प्रशंसा मिली।

**नौसेना अध्यक्ष ने जहाज की टीम को 'ऑन द स्पॉट यूनिट' प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया** | **सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं से ईरानी जहाज की कराई थी सुरक्षित रिहाई**




### ममता ने पार्टी नेताओं को दी रामनवमी पर शांति मार्च आयोजित करने की नसीहत

**पुरुलिया।** सीएम ममता ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को रामनवमी के अवसर पर शांति मार्च आयोजित करने की सलाह दी है। रविवार को पुरुलिया जिले के हुड़ा इलाके में तृणमूल उम्मीदवार शांतिराम महतो के समर्थन में रैली करते हुए ममता बनर्जी ने शंकर जताई कि रामनवमी के दिन भाजपा राज्य में और अशांति फैला सकती है। ऐसे में उन्होंने पार्टी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें जो करना है करने दीजिए, लेकिन आप लोग किसी बहकावे में मत आना। अगले दिन आपलोग शांति मार्च करिए ताकि उन्हें भी पता चले कि तृणमूल बंगाल में शांति बनाए रखती है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल सुप्रीमों अपने प्रचार अभियान में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जिलों में जनसभाएं कर रही हैं। उत्तर बंगाल में चुनाव प्रचार के बाद उन्होंने रविवार को जंगल महल इलाके के पुरुलिया में चुनाव प्रचार शुरू किया।

# पाकिस्तान में दो अलग-अलग ऑपरेशन में 10 आतंकवादी ढेर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग ऑपरेशनों में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। मीडिया ने शनिवार को अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पहले ऑपरेशन में धुआंधार गोलीबारी के बाद आठ आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि ये आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों की हत्या में भी सक्रिय रूप से शामिल थे। आईएसपीआर के बयान में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, आईएसपीआर ने आगे कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान में दूसरा ऑपरेशन भी चलाया गया। रिपोर्ट में कहा गया, इस ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उनके पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सफल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है।